डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति सोमवार को प्रकाशित, वर्ष-19 • अंक-52 • मूल्य-रु. 0.00

नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों के मानदेय और भत्ते होंगे दोगुने - मुख्यमंत्री

जनप्रतिनिधि, जनता की सेवा कर जनता का सम्मान अर्जित करें। विनम्र तथा अहंकार रहित रहते हुए उत्साह से निरंतर सक्रिय रहना आवश्यक है। जनसामान्य की जनप्रतिनिधियों से बहुत अपेक्षाएं हैं। अतः धैर्य रखते हुए लोगों की समस्याएं सुनना और उनके समाधान की हरसंभव कोशिश करना और जनता से संवाद में बने रहना आवश्यक है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में नगरीय निकायों के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुये कहीं। मुख्यमंत्री ने नगरीय निकायों के महापौर, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सभापति और पार्षद का मानदेय एवं भत्ता दोगुना करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान नगरीय निकायों के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुये।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि जागरूक और जिज्ञासु रहें। शासकीय योजनाओं को जानें-समझें और नियम प्रक्रिया के अनुसार ही कार्य करें। जो कहें वह करें, पर ऐसा कोई कार्य न करें और न ही ऐसे शब्दों का उपयोग करें, जिससे आपकी प्रतिष्ठा प्रभावित हो। श्री चौहान ने कहा कि हर गरीब को रहने के लिए स्थान चाहिए। उसके लिए राज्य शासन हरसंभव प्रयास कर रहा है। प्रदेश में 31 दिसम्बर 2020 तक जो गरीब जहां रह रहे थे, उन्हें वहां का पट्टा दिया जाएगा।

श्री चौहान ने कहा कि नगरीय निकायों के नगरों को स्वच्छ, सुंदर और नागरिक सुविधाओं की दृष्टि से बेहतर बनाने सभी के सहयोग के साथ कार्य किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरीय निकाय नई कार्य संस्कृति विकसित करें। मुख्यमंत्री से लेकर पार्षद तक सभी पदों की एक श्रृंखला है। हमें अनियमितताएं रोककर आम जनता के कल्याण को प्राथमिकता देना है।

श्री चौहान ने कहा कि हाल ही में मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के शिविर लगाये गये थे। शहरी क्षेत्र में भी वार्डों में यह शिविर लगे। राशन कार्ड बनाने से लेकर उज्ज्वला योजना और पेंशन राशि दिलवाने के कार्यों को सुनिश्चित किया जाए। इनके लाभ से कोई वंचित न रहे। मुख्यमंत्री ने आग्रह किया कि निर्वाचित पदाधिकारी वार्ड भ्रमण कर वंचित हितग्राहियों की जानकारी प्राप्त कर उन्हें लाभान्वित करवाने का कार्य करें। श्री चौहान ने कहा कि स्मार्ट सिटी मिशन में 14 शहरों में रोप-वे का निर्माण किया जाएगा।

श्री चौहान ने कहा कि नगरीय निकायों के निर्वाचित पदाधिकारी मेरे हाथ-पांव और आंख-कान भी हैं। पार्षद से लेकर मुख्यमंत्री तक सभी का संयुक्त दायित्व महत्वपूर्ण है। निकायों के कार्य तभी बेहतर होंगे जब हम सब मिलकर कार्य करेंगे। शहरों के विकास में नागरिकों का पूर्ण सहयोग लिया जाए। इंदौर नगर यदि 6 बार देश का स्वच्छतम् नगर बन सकता है, तो अन्य नगरीय निकाय भी इस दिशा में प्रयास कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरीय निकायों को शीतकाल में रैन बसेरा की व्यवस्था को भी पुख्ता रखना है। इनमें आकर रहने वाले लोगों को भोजन और विश्राम के साथ गर्म कपड़ों और अलाव की व्यवस्था भी उपलब्ध करवाई जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों के मानदेय और भत्ते में दोगुने की वृद्धि की गई है। दस लाख से अधिक जनसंख्या के नगर पालिक निगमों में वर्तमान में महापौर को मानदेय 11 हजार, सत्कार भत्ता 2500, अध्यक्ष को मानदेय 9 हजार, सत्कार भत्ता 1400 और पार्षदों को मानदेय प्रतिमाह 6 हजार रुपये मिल रहा है। दस लाख से कम जनसंख्या वाले नगर पालिक निगमों के महापौर का मानदेय 11 हजार, सत्कार भत्ता 2500, अध्यक्ष को मानदेय 9 हजार, सत्कार भत्ता 1400 और पार्षद को 6 हजार रुपये मानदेय मिल रहा है।

नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष का मानदेय 3 हजार रुपये, सत्कार भत्ता 1800, उपाध्यक्ष का मानदेय 2400, सत्कार भत्ता 800 और पार्षद को मानदेय 1800 रुपये मिल रहा है। नगर परिषद में अध्यक्ष को मानदेय 2400 रुपये, सत्कार भत्ता 1100, उपाध्यक्ष को मानदेय 2100, सत्कार भत्ता 800 और पार्षद को 1400 रुपये मासिक मानदेय वर्तमान में मिलता है। इन सभी के मानदेय और भत्तों में दोगुनी वृद्धि की गई है।

कार्यों की गुणवत्ता का रखा जाये ध्यान

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि नगरीय निकायों द्वारा कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। अच्छी एजेंसी और श्रेष्ठ कार्य करने वाले ठेकेदारों को ही निर्माण कार्यों का जिम्मा दिया जाए। नगरों में अधोसंरचना विकास के कार्यों को समय-सीमा में पूरा किया जाए। जनता के कल्याण से जुड़ी योजनाओं के अच्छे क्रियान्वयन में नगरीय निकाय सक्रिय भूमिका निभाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्ट्रीट वेण्डर के कल्याण से लेकर शहरी आजीविका मिशन से हितग्राहियों को सहायता दिलवाने की लगभग 38 प्रकार की योजनाएं लागू हैं।

सफाई कर्मचारियों के लिये समूह बीमा योजना

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों की सड़कों के पुनर्निर्माण के लिये 770 करोड़ रुपये दिये जाएंगे। नगरीय निकायों में मुख्य नगर पालिका अधिकारियों के रिक्त पदों पर सशक्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी की पदस्थापना की जाएगी। सफाई कर्मचारियों के लिये समूह बीमा योजना में दुर्घटना जनित मृत्यु पर अब 2 लाख के स्थान पर अब 5 लाख रुपये मिलेंगे। भवन विहीन नवगठित 35 नगरीय निकायों को 1-1 करोड़ रुपये की राशि भवन निर्माण के लिये दी जाएगी। इन्हें अधोसंरचना विकास के लिये भी 80-80 लाख रुपये दिए जाएंगे।

कोरोना की रोकथाम की पूरी तैयारी रखी जाए – मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में कोविड-19 से बचाव के लिये तैयारी संबंधी एक बैठक में कहा है कि कोरोना बढ़ने की पहले जैसी कोई बात नहीं है, फिर भी अस्पतालों में तैयारी पूरी रखी जाए। जिन लोगों ने बूस्टर डोज नहीं लगवाया है, उन्हें बूस्टर डोज लगाना शुरू करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना से सावधान रहें। कोरोना के उपचार के लिए अस्पतालों में आवश्यक दवाइयों की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए। मेडिकल कॉलेज एवं अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट की मॉकड्रिल करा ली जाए। प्लांट चालू हालत में रहें यह सुनिश्चित किया जाए। जिन व्यक्तियों ने वैक्सीन का तीसरा डोज (बूस्टर) नहीं लगवाया है, उन्हें डोज लगाया जाए।

- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं

सिंचाई क्षमता में वृद्धि के लिये

सिंचाई परियोजनाओं को तय समय-सीमा में पूरा करें - मुख्यमंत्री

भोपाल, मध्यप्रदेश में सिंचाई के लिए निर्मित होने वाली वृहद परियोजनाओं का कार्य तय समय-सीमा में और गुणवत्तापूर्ण किया जाए। जल संसाधन विभाग की 6 वृहद सिंचाई परियोजनाओं की स्वीकृति की अनुशंसा की गई है। इन परियोजनाओं के पूरा होने से 38 हजार 470 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता में वृद्धि हो सकेगी। परियोजनाओं के पूरा होने की अनुमानित लागत 748 करोड़ 57 लाख रुपये है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में वृहद परियोजना नियंत्रण मंडल की 117वीं बैठक में कहीं।

बैठक में बताया गया कि उज्जैन जिले की महिदपुर तहसील में क्षिप्रा नदी पर प्रस्तावित हरवाखेड़ी वैराज मध्यम परियोजना स्वीकृत की गई। यह परियोजना माइक्रो सिंचाई पद्धति पर आधारित है। परियोजना की अनुमानित लागत 104 करोड़ 28 लाख रुपये है। परियोजना में 10.76 एम.सी.एम. के वैराज तथा दायवृक्ष पाइप नहर निर्माण का कार्य शामिल है। परियोजना के पूरा होने से महिदपुर तहसील में 3050 हेक्टेयर क्षेत्र में रबी फसलों की सिंचाई हो सकेगी।

बुरहानपुर जिले की खकनार तहसील में वर्षा उतावली नदी पर प्रस्तावित पांगरी मध्यम माइक्रो सिंचाई परियोजना को स्वीकृति दी गई। इस परियोजना की अनुमानित लागत 112 करोड़ 50 लाख रुपये है। परियोजना के पूरा होने से बुरहानपुर जिले की खकनार तहसील के 10 ग्रामों में 4400 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

बालाघाट जिले के परसवाड़ा विकासखण्ड में प्रस्तावित लामटा प्रेशराइज्ड पाइप इरिगेशन नेटवर्क परियोजना को स्वीकृति दी गई। परियोजना में लगभग 100 वर्ष पूर्व निर्मित क्षतिग्रस्त हिस्से की अपस्ट्रीम में पम्प हाउस का निर्माण कर हॉज सिस्टम से 55 ग्रामों की 9,630 हेक्टेयर भूमि पर खरीफ (धान) की फसल में सिंचाई की जा सकेगी। परियोजना की लागत 137 करोड़ 26 लाख रुपये है।

सागर जिले की जैरा मध्यम माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना को स्वीकृति दी गई। इसकी अनुमानित लागत 102 करोड़ 52 लाख रुपये है। इससे 5400 हेक्टेयर में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इसमें बांध निर्माण और प्रेशराइज्ड पाइप इरिगेशन प्रणाली का कार्य किया जाएगा।

उज्जैन जिले की सामाकोटा बैराज सिंचाई परियोजना को स्वीकृति दी गई। इसकी अनुमानित लागत 141 करोड़ 11 लाख रुपये है। इससे लगभग 6 हजार हेक्टेयर में सिंचाई हो सकेगी।

मध्यप्रदेश में हैं निवेश की व्यापक संभावनाएं - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान प्रवासी भारतीय उद्योगपतियों से चर्चा करते हुये।

जबलपुर, प्रवासी भारतीय सम्मेलन में शामिल होने इंदौर जरूर आइये। इंदौर आएंगे, तो इंदौर का सराफा बाजार और 56 दुकान घूमने के साथ ही उज्जैन और मांडू भी जाना चाहेंगे। उज्जैन में श्री महाकाल महालोक की अद्भुत संरचना की गई है। इसलिये कुछ समय लेकर इंदौर आइये। मध्यप्रदेश में निवेश के लिए अनुकूल परिस्थितियों के साथ व्यापक संभावनाएं हैं। वहां उद्योगों के लिये जमीन की भरपूर उपलब्धता, शानदार इन्फ्रास्ट्रक्चर, 24x7 बिजली और रिक्लेड मैन पावर उपलब्ध है। रिक्लेड मैन पावर तैयार करने के लिये प्रदेश में आईआईटी, आईआईएम, इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलीटेक्निक कॉलेज और आईटीआई भरपूर संख्या में हैं। प्रदेश में सीएम राइज स्कूल खोल रहे हैं, जो कि विश्वस्तरीय होंगे। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने जबलपुर से प्रवासी भारतीयों से वर्चुअल चर्चा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आप इंदौर के हैं। इस आयोजन में आप गेस्ट नहीं होस्ट हैं। हम पलक-पावड़े बिछाकर आपका इंतजार कर रहे हैं। पूरा इंदौर आपके स्वागत के लिये तैयार है।

श्री चौहान ने कहा कि भारत की दुनिया में धूम मची है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गौरवशाली, वैभवशाली, सम्पन्न और समृद्ध भारत का निर्माण हो रहा है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

17 दिसम्बर

आईआईटी और एनआईटी में प्रवेश के लिये बारहवीं कक्षा में 75 प्रतिशत अंक लाना जरूरी

● नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने आईआईटी, एनआईटी और ट्रिपल आईटी जैसे इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश के लिए जेईई परीक्षा-2023 के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। एनटीए ने इस वर्ष से जेईई मेंस परीक्षा के लिए योग्यता प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया है। अब आईआईटी और एनआईटी जैसे संस्थानों में प्रवेश के लिए जेईई मेंस परीक्षा पास करने के साथ बारहवीं परीक्षा में कम से कम 75 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य कर दिया गया है।

● सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने भारत सीरीज (बीएच) नंबर प्लेट के रजिस्ट्रेशन मार्क संबंधी नियमों में संशोधन किया है। अब पुराने वाहनों में भी बीएच सीरीज की नंबर प्लेट लगाई जा सकेंगी। सड़क परिवहन मंत्रालय के अनुसार बीएच श्रृंखला पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत और व्यापक बनाने के लिए कई नियमों में संशोधन किया गया है। वर्तमान में नियमित पंजीकरण मार्क वाले वाहनों को भी बीएच सीरीज पंजीकरण मार्क में परिवर्तित किया जा सकता है। निर्धारित शुल्क और कर को जमा करने के बाद बीएच श्रृंखला पंजीकरण मार्क के लिए पात्र बना जा सकता है।

18 दिसम्बर

भारत के रक्षा उत्पादों के निर्यात में लगातार हो रही है वृद्धि

● भारत ने रक्षा उत्पादों के निर्यात में लंबी छलांग लगाई है। यह जानकारी लोकसभा में एक लिखित प्रश्न के जवाब में दी गई है। सरकार द्वारा बताया गया है कि पिछले तीन वर्षों में भारत द्वारा निर्यात किए जाने वाली प्रमुख वस्तुओं में हल्के टारपीडो, डोर्नियर विमान, हथियार का पता लगाने वाले रडार, तेज गश्ती पोत, 120 मिलीमीटर मोर्टर, बख्तरबंद सुरक्षा वाहन और मैग्नम स्नाइपर राइफल शामिल हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान भारत का रक्षा निर्यात 12,815 करोड़ रुपये का था। भारत ने वित्त वर्ष 2022-23 (अप्रैल-जून) की पहली तिमाही के दौरान 1387 करोड़ रुपये की रक्षा वस्तुओं का निर्यात किया है।

● भारत ने सबसे लंबी दूरी की परमाणु मिसाइल अग्नि-5 की रेंज को बढ़ाया है। इस मिसाइल की रेंज पहले 5 हजार किलोमीटर थी, जिसे बढ़ाकर 7 हजार किलोमीटर से ज्यादा किया गया है। रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि सरकार चाहती थी कि परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम अग्नि-5 मिसाइल की रेंज को 7 हजार किलोमीटर से ज्यादा किया जाये। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) इस मिसाइल पर फिर से काम किया है। डीआरडीओ ने इस मिसाइल में लगे स्टील को हटाकर कंपोजिट मटेरियल लगा दिया है, जिससे मिसइल का वजन 20 प्रतिशत कम हो गया है। वजन कम होने से मिसाइल की रेंज बढ़ गई है।

19 दिसम्बर

भारतीय नौसेना में शामिल हुआ विध्वंसक युद्धपोत आईएनएस मोरमुगाओ

● स्वदेश निर्मित स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक युद्धपोत 'मोरमुगाओ' भारतीय नौसेना में शामिल हो गया है। यह युद्धपोत पी-15 बी गर्व का है। यह युद्धपोत कई खतरनाक हथियारों से लैस है। इस पर सतह से सतह एवं सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें तैनात हैं। आईएनएस मारमुगाओ अत्याधुनिक सर्विलांस रडार से सुसज्जित है, जो आसानी से लक्ष्य का पता लगाकर उसे भेदने में सक्षम है। इस युद्धपोत की स्टील्थ तकनीक इसे दुश्मन देशों के रडार से बचाने में सहायक है, साथ ही यह पोत स्वदेशी रॉकेट लॉन्चरों से पनडुब्बियों से निपट सकता है।

● केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने कहा है कि देश में मौजूदा वित्त वर्ष में अब तक प्रतयक्ष कर संग्रह में 26 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी रही है। सीबीडीटी के अनुसार एक अप्रैल से 17 दिसंबर 2022 के दौरान प्रत्यक्ष कर संग्रह 13.63 लाख करोड़ रुपये रहा है। सीबीडीटी ने बताया कि रिफंड की कटौती के बाद शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 11.35 लाख करोड़ रुपये रहा है, जो कि बजट लक्ष्य का लगभग 80 प्रतिशत है। अब तक 2.28 लाख करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया गया है।

20 दिसम्बर

अरुणाचल प्रदेश में बनेगा फ्रंटियर हाईवे, एनएच-913 होगा नाम

● केंद्र सरकार अरुणाचल प्रदेश में फ्रंटियर हाईवे का निर्माण करेगी। यह हाईवे अगले पांच वर्षों में बनकर तैयार होगा। इस हाईवे के निर्माण से तिब्बत-चीन-म्यांमार से सटी भारतीय सीमा पर भारतीय सेना के मूवमेंट में आसानी होगी। इस हाईवे का नाम एनएच-913 होगा, जो 1748 किलोमीटर लंबा होगा। यह हाईवे वोमडिला से शुरू होगा, जो नाफा, हुरी और मोनीगॉन्ग के पास से होकर गुजरेगा। यह हाईवे चीन सीमा के नजदीक जिडो और चेनक्वेटी स्थित पाइंट्स से भी होकर गुजरेगा। यह हाईवे म्यांमार बॉर्डर के पास स्थित विजयनगर में खत्म होगा। इस हाईवे का निर्माण सड़क परिवहन मंत्रालय करेगा।

● थाईलैंड की नौसेना का एक युद्धपोत थाईलैंड की खाड़ी में डूब गया। इस युद्धपोत पर 106 नौसैनिक सवार थे, इनमें से अधिकतर नौसैनिक को सुरक्षित निकाल लिया गया है। थाईलैंड की नौसेना ने कहा कि एचटीएमएस सुखोथाई थाईलैंड की खाड़ी में आए भीषण तूफान में फंस गया था। यह युद्धपोत बांगसफान जिले के पास गश्त पर था, जो तेज लहरों की वजह से 60 डिग्री तक झुक गया। थाईलैंड की नौसेना के अनुसार चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया गया है।

21 दिसम्बर

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के विस्तार की है प्रबल संभावना

● संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् (यूएनएसी) के विस्तार की संभावनाओं को बल दिया है। गुटेरेस ने कहा कि सुरक्षा परिषद् के विस्तार पर अब गंभीरता से विचार किया जा रहा है। गुटेरेस ने कहा कि निश्चित रूप से सुरक्षा परिषद् की संरचना और विस्तार का प्रश्न मुख्य रूप से वीटो अधिकार से संबंधित है। अब यह सदस्य देशों का मामला है और इन बातोंओं सचिवालय का कोई प्रभाव नहीं है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा परिषद् की संरचना में सुधार के लिए महासभा के दो-तिहाई मतों के अलावा सुरक्षा परिषद् के स्थायी सदस्यों चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका के पांच सकारात्मक मतों की आवश्यकता है।

● अफगानिस्तान की सत्ता में काबिज तालिबानी सरकार ने एक बार फिर महिलाओं के अधिकारों पर अंकुश लगाया है। तालिबान शासन ने देश में लड़कियों की विश्वविद्यालय शिक्षा पर प्रतिबंध लगा दिया है। अफगानिस्तान के उच्च शिक्षा मंत्रालय ने सभी सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों को पत्र जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि सभी विश्वविद्यालयों को अगली सूचना तक महिलाओं की शिक्षा निलंबित करने के उल्लेखित आदेश को लागू करने के लिए सूचित किया जाता है।

22 दिसम्बर

कैंसर और शुगर सहित 119 दवाओं की अधिकतम कीमत की गई तय

● केंद्र सरकार ने जरूरी दवाओं की सूची में शामिल 119 दवाओं की अधिकतम कीमत तय कर दी है। सरकार के इस कदम से कैंसर, डायबिटीज, हेपेटाइटिस सहित कई गंभीर बीमारियों की दवाओं की कीमत में 40 प्रतिशत तक की कमी आएगी। सरकार ने कहा आने वाले समय में जरूरी दवाओं की सूची में शामिल कुछ और दवाओं की अधिकतम कीमतें कम की जायेंगी।

● भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सात कमोडिटी में वायदा कारोबार पर लगी रोक को एक वर्ष और जारी रखने का फैसला किया है। यह रोक 20 दिसम्बर 2023 तक लागू रहेगी। सेबी ने यह निर्णय देश में महंगाई की स्थिति को देखते हुए लिया है।

23 दिसम्बर

रक्षा खरीद परिषद ने सेनाओं के लिये 24 खरीद प्रस्तावों को दी मंजूरी

● रक्षा मंत्रालय ने स्वदेशी रक्षा क्षेत्र को मजबूती देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुये सशस्त्र सेनाओं और भारतीय तट रक्षक बल के लिये 84,328 करोड़ रुपये के 24 पूंजीगत रक्षा खरीद के प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की है। रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई रक्षा खरीद परिषद की बैठक में इन प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। खरीद प्रस्तावों में थल सेना के लिये छह, वायु सेना के लिये छह, नौसेना के लिये दस तथा तट रक्षक बल के लिये दो प्रस्ताव शामिल हैं।

● रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि वह यूक्रेन युद्ध की समाप्ति चाहते हैं। यह युद्ध कूटनीति के जरिये खत्म होना चाहिये। उन्होंने कहा कि यूक्रेन युद्ध ही नहीं, बल्कि बाकी सभी हिंसक टकराव भी बातचीत के जरिये खत्म होने चाहिये। यूक्रेन में शांति स्थापित करने के लिये प्रयास किये जायेंगे।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

Liberal College
Rau, Indore
Affiliated to D.A.V.V., Indore, NCTE, M.P. Education Board, M.P. Higher Education, Bhopal
Application are invited for the following
Courses - B.Ed.
1. Principal/HOD/Lecturer - 01
2. Perspective Education - 04
3. Pedagogy Subject - 08
4. Health & Physical Education - 01
5. Fine Arts - 01
6. Performing Arts - 01
7. Librarian - 01
Minimum Qualification as per NCTE Regulation 2014
Also Looking for : Professor/Asst. Professor for B.Com, B.A, MSW, BALLB
AS PER UGC NORMS and DAVV CODE 28
Apply online : liberalcollege111@gmail.com within 7 days along with updated CV.
Campus : Plot No. 11/13, Village Pigdambar, Rau, Near IIM, Indore (M.P.).
R-47936/2022

प्रयासKSG
An institute for MPPSC Examination
Build Your Own Success Story
MPPSC को प्रारंभिक परीक्षा 2022 के लिये विशेष बैच
इस बार 80 दिनों में 80 पार
80 Days Intensive Online Training Programme
मात्र ₹999/-
2nd Rank (MPPSC) Rachna Sharma
प्रमुख विशेषताएं
• 20 से अधिक प्रमाणिक, अनुभवी एवं विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन।
• प्रतिदिन 4:30 घंटें की कक्षा जिसमें 3 शिक्षक 3 विषयों का अध्यापन करेंगे।
• प्रतिदिन कक्षा में ही 50 प्रश्नों को हल करवाया जायेगा।
• पूरे 80 दिनों के कार्यक्रम में लगभग 5000 प्रश्न, जिनमें 10 FLTs भी शामिल होंगे।
• नोट्स PDF में उपलब्ध कराये जायेंगे।
बैच प्रारंभ: 20 जनवरी' 23
Batch Timing: 8:00am - 12:30pm (Hindi) 4:30pm - 9:00pm (English)
BOOK YOUR SEAT NOW!
Bhopal Branch
Plot No. 43, S-1 & S-3, 2nd Floor, R.R. Arcade, Zone-II, M.P. Nagar, Bhopal
7223901339, 9302963679,0755-4940022
Indore Branch
111-117, 1st Floor, Veda Building, Bhawar Kuan Square, Indore
9893739446, 7725837474
R-47931/2022

वर्ष 39, अंक 52 26.12.2022 से 01.01.2023
रोज़गार और निर्माण
rojgaraurnirman.in
• प्रबंध संचालक - राधवेन्द्र कुमार सिंह
• सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
• कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
• प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
• प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
• आकल्पन - आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो
• वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, उरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

मध्यप्रदेश बन रहा निवेश का बड़ा केंद्र

मध्यप्रदेश अब निवेश का बड़ा केंद्र बन रहा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनायें तलाशी जा रही हैं। आगामी 8, 9, 10 जनवरी को इंदौर में होने वाले प्रवासी भारतीय सम्मेलन में 80 देशों के प्रवासी भारतीय शामिल होंगे। साथ ही 11, 12 जनवरी को इन्वेस्टर्स समिट में शामिल होने के लिये 52 देशों द्वारा स्वीकृति दे दी गई है। मध्यप्रदेश की धरती पर 5जी सेवाएं शुरू हो गई हैं। उपरोक्त बातें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहीं। मुख्यमंत्री कटनी में लघु उद्योग भारती के स्टार्टअप कॉन्क्लेव-2022 में युवाओं को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार स्टार्टअप और एमएसएमई को प्रोत्साहित करने के लिये अनेक प्रकार की सुविधाएं दे रही है। प्रदेश की स्टार्टअप नीति में नये स्टार्टअप को एक करोड़ रुपये तक की विशेष प्रोत्साहन सहायता का प्रावधान किया गया है। इनोवेटिव आइडिया होने पर बैंक से केपिटल फंड की व्यवस्था की जाती है। प्रदेश में स्टार्टअप को सहायता करने के लिये विशेषज्ञों का स्टार्टअप सेंटर भी बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश को स्वावलंबी बनाने में लघु उद्योग भारती के प्रयास सराहनीय हैं। प्रदेश में एमएसएमई की इकाई डालने पर केपिटल सब्सिडी, सस्ती जमीन, पूंजी और ब्याज सब्सिडी की सहायता दी जाती है। हाल ही में एक दिन में प्रदेश में एक हजार 900 औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन किया गया। अब 5 हजार उद्योगों के प्रारंभ होने की तैयारी है। मुख्यमंत्री ने युवाओं से प्रदेश में स्टार्टअप शुरू करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वे नौकरी करने वाले नहीं, नौकरी देने वाले बनें। अपना खुद का काम-धंधा शुरू करें। सरकार उसमें पूरी सहायता देगी। स्टार्टअप लगाने में बेटियों को सरकार द्वारा 20 प्रतिशत अतिरिक्त सहायता दी जायेगी। मुख्यमंत्री ने युवाओं से कहा कि यदि दृढ़ निश्चय कर लें तो उन्हें आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। भारत के श्री सुन्दर पिचई ने चमत्कार कर दिखाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों को यह स्पष्ट होना चाहिये कि 12वीं कक्षा के बाद उन्हें किस दिशा में जाना है। उन्होंने कहा कि 12वीं में 75 प्रतिशत या अधिक अंक लाने पर सरकार लैपटॉप देती है। मेधावी विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा की फीस भी सरकार भर रही है। मध्यप्रदेश में मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई भी हिन्दी में शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में शीघ्र ही एक लाख सरकारी पदों पर भर्ती की जा रही है। हर व्यक्ति को सरकारी नौकरी नहीं मिल सकती, इसलिये आवश्यक है कि स्व-रोज़गार शुरू करें, राज्य सरकार पूरा सहयोग करेगी। वे अपना स्टार्टअप शुरू कर नौकरी देने वाले बन सकते हैं। प्रदेश के 2500 बच्चे अपना स्टार्टअप शुरू कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने युवाओं को उत्साहित करते हुये कहा कि मनुष्य अनंत शक्तियों का भंडार है। व्यक्ति हिम्मत और हौंसले से ब्रह्मांड पर भी कमांड कर सकता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक बार फिर सोने की चिड़िया और विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्टार्टअप की सहूलियत के लिये प्रदेश में स्टार्टअप पोर्टल शुरू किया गया, जो इन्क्यूबेटर और निवेशकों के बीच सेतु का काम करेगा। स्टार्टअप को शासकीय टेंडर में भाग लेने के लिये पहले निर्धारित अनुभव और टर्न ओव्हर की शर्त थी, अब दोनों की छूट दे दी गई है।

वैज्ञानिकों ने खोजी शरीर में तेजी से कैंसर फैलने की वजह

कैंसर एक ऐसी बीमारी है, जिसका नाम सुनते ही व्यक्ति परेशान हो जाता है। यह एक गंभीर रोग है। इसके इलाज के संबंध में विभिन्न शोध दुनियाभर में चल रहे हैं। इन शोधों में कैंसर के बेहतर इलाज के संबंध में मदद भी मिल रही है। शरीर में कैंसर की कोशिकाएं कैसे फैलती हैं। वैज्ञानिकों ने इसका पता लगा लिया है। उन्होंने उस तंत्र की खोज कर दी है जो कैंसर कोशिकाओं को पूरे तंत्र में फैलने की अनुमति देता है। कोशिकाओं को फैलने से रोकने के लिये यह खोज इलाज के नये तरीके ढूंढ़ने में मदद कर सकती है। कैंसर से 90 फीसदी मौत की वजह इसकी कोशिकाओं का शरीर के अन्य हिस्सों में फैलना है। कैंसर कोशिकाएं तब तेजी से आगे बढ़ती हैं, जब वे मोटे तरल पदार्थ से घिरी होती हैं। शरीर में ये परिवर्तन तब आते हैं, जब प्राइमरी ट्यूमर विषाक्त पदार्थों को रोकने वाली प्रणाली को विफल कर देता है। तरल पदार्थ के अधिक चिपचिपा होने की स्थिति में कोशिकाएं अपनी जीन बदलकर अधिक आक्रामक हो जाती हैं। कनाडा स्थित अल्बर्टा विश्वविद्यालय के मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर जॉन डी लुईस ने कहा, यह पहली बार है कि बाहरी तरल पदार्थ को चिपचिपाहट को विस्तार से देखने में सफलता मिली है। यह कैंसर कोशिकाओं को एक विशिष्ट तरीके से स्थानांतरित करने के लिये संकेत देती है। ऐसे में हम नई दवाओं का उपयोग इस क्रम को तोड़ने में कर सकते हैं। लुईस ने कहा, यह एक बड़ी खोज है। निश्चित ही इससे इलाज खोजने में आसानी मिल सकती है, लेकिन यह एक लंबी प्रक्रिया है। इसके लिये दवाओं के विकास और परीक्षण में 10 से 15 साल लग सकते हैं। जैसा कि हम जानते ही हैं कि पहली और दूसरी अवस्था में कैंसर का ट्यूमर छोटा होता है और तीसरा अवस्था में विकसित हो चुका होता है। ट्यूमर बड़ा हो जाता है। कोशिकाओं के अन्य अंगों में फैलने की आशंका बढ़ जाती है। चौथी अवस्था आखिरी अवस्था होती है। कोशिकाएं शुरुआती हिस्से से अन्य अंगों में फैल जाती हैं। इस अवस्था में आदमी के बचाने की संभावना खत्म हो जाती है।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस | 10 दिसम्बर

मानवता को बचाए रखने के लिए जरूरी है मानवाधिकारों का संरक्षण

"मेरा एक सपना है कि मेरे बच्चे एक दिन ऐसे देश में रहें, जहां उनका मूल्यांकन उनकी त्वचा के रंग के आधार पर नहीं, बल्कि उनके चरित्र के परिमाण से किया जाए।"

अफ्रीकी-अमेरिकी नागरिकों के लिए संघर्ष करने वाले प्रमुख नेता और अमेरिकी गांधी कहलाने वाले मार्टिन लूथर किंग जूनियर के यह विचार एक व्यक्ति के साथ किसी तरह के नस्लीय भेद के विरुद्ध और मानव अधिकार के पक्षधर के रूप में नजर आते हैं। हर वह व्यक्ति जिसने इस दुनिया में जन्म लिया है उसे पूरी स्वतंत्रता के साथ बिना किसी को कष्ट पहुंचाए अपना जीवन बिना किसी भेदभाव के जीने का अधिकार है। वह मानव होने के नाते उसका अधिकार है। प्रोफेसर हेनकिन को मानवाधिकार का पिता कहते हैं। उन्होंने दूसरे विश्वयुद्ध के बाद अंतर्राष्ट्रीय कानून को आकार देने में अहम भूमिका निभाई थी। कोलंबिया यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ लॉ में पांच दशक के लंबे कैरियर में उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय कानून के क्षेत्र में काफी काम किया। पूरी दुनिया में प्रतिवर्ष 10 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस मनाया जाता है। इस दिन सन् 1948 में संयुक्त राष्ट्र सामान्य महासभा ने यूनिवर्सल डिक्लेरेशन ऑफ ह्यूमन राइट्स को अपनाया था, जिसे 1950 में लागू किया गया था। मानवाधिकार दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करना और किसी भी तरह के भेदभाव को रोकना है। मानवाधिकार वे मूलभूत अधिकार हैं जिनकी वजह से मनुष्य को नस्ल, रंग, जाति, धर्म, लिंग, भाषा, राष्ट्रीयता और अन्य विचारधारा आदि के आधार पर प्रताड़ित नहीं किया जा सकता। साथ ही इन्हें देने से भी वंचित नहीं किया जा सकता। इसमें स्वास्थ्य, आर्थिक सामाजिक, और शिक्षा का अधिकार भी शामिल है।

मानव अधिकार का आरंभ

जब से पृथ्वी पर मानव है तब से ही उसके जीने के लिए अधिकार भी हैं लेकिन आधुनिक समय में देखें तो मानवाधिकार शब्द की भी मूल संकल्पना कुछ ऐसी ही है, जिसमें 1215 का मैग्नाकार्टा, 1628 का पैटिशन ऑफ राइट, 1689 का बिल ऑफ राइट्स, 1776 का अमेरिकी घोषणा पत्र, 1789 का फ्रांसीसी मानव और नागरिक अधिकार पत्र, 1920 में राष्ट्र संघ की स्थापना, अक्टूबर, 1945 में संयुक्त राष्ट्र का जन्म, मानव अधिकारों की रक्षा एवं शान्ति की स्थापना के लिए हुआ था। विश्व राज्य व्यवस्था के उद्देश्यों के अनुरूप संयुक्त राष्ट्र ने मानवाधिकारों के ध्येय को प्राप्त करने के लिए अपने एक निकाय- "आर्थिक व सामाजिक परिषद्" को मानवाधिकारों के रक्षार्थ कोई ठोस योजना बनाने का दायित्व सौंपा। इस परिषद् ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर की धारा 68 के तहत 1946 में श्रीमती एलोनोर रूजवेल्ट की अध्यक्षता में एक मानवाधिकार आयोग का गठन किया, इस आयोग ने मानवाधिकारों की विश्वव्यापी घोषणा 1948 में की। इस घोषणा को संयुक्त राष्ट्र की महासभा ने 10 दिसम्बर को स्वीकार कर लिया तथा इस दिवस (10 दिसम्बर) को मानवाधिकार दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। समय के साथ विश्व के लगभग सभी देशों में मानव अधिकारों को अपने-अपने संविधानों में एक आधारभूत उद्देश्यों के रूप में लिया।

वर्ष 2022 की थीम

अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस प्रतिवर्ष एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है। वर्ष 2022 के लिए इसकी थीम Dignity, Freedom, and Justice for All यानी 'सभी के लिए गरिमा, स्वतंत्रता और न्याय' है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार घोषणा



पत्र के 75वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। अगले वर्ष 2023 में इसकी 75वीं वर्षगांठ मनाई जाएगी। संयुक्त राष्ट्र द्वारा पूरे साल विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए मानवाधिकार अभियान चलाए जाएंगे। यहां विचार करने वाली बात यह है कि 75 साल घोषणा पत्र के पूरे होने के करीब पहुंचकर भी अब तक इन मूल लक्ष्यों को हासिल करने में कई तरह की चुनौतियां सामने हैं। घोषणा-पत्र के अनुसार अधिकारों में गरिमा और समानता का वादा हाल के सालों में लगातार खतरे में दिखाई दे रहा है। दुनिया इस समय, महामारी, सैन्य संघर्ष, बढ़ती असमानता, नैतिक रूप से दिवालिया होती वित्तीय संस्थाएं, नस्लवाद, जलवायु परिवर्तन, आदि नई तरह की चुनौतियों का सामना कर रही है। संयुक्त राष्ट्र की आमसभा ने 10 दिसंबर, 1948 को मानवाधिकार घोषणा पत्र को अपनाया था। यह इतिहास का बहुत महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जिसमें बिना किसी लिंग, रंग, धर्म, जाति, भाषा, राजनीति या अन्य विचारधारा, राष्ट्रीय या सामाजिक मूल के, जन्म, संपत्ति या किसी अन्य स्तर में भेदभाव के आधार पर प्रत्येक व्यक्ति को मानव होने के नाते कुछ अहरत्तांतरणीय अधिकार दिए गए हैं। यह ऐतिहासिक दस्तावेज विश्व की कई भाषाओं में उपलब्ध है और दुनिया में सबसे ज्यादा अनुवाद किया गया है। इसलिए इस वर्ष होने वाले अभियान में मानवाधिकार के सार्वभौमिक घोषणा-पत्र की विरासत, महत्व और सक्रियता पर विशेष चर्चा हुई।

भारत में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर मानव अधिकार आयोग

द्वितीय विश्वयुद्ध की समाप्ति के बाद 1948 में 48 देशों ने मनुष्य के मूलभूत अधिकारों की व्याख्या करते हुए एक चार्टर पर हस्ताक्षर किए थे। भारत ने भी इस पर सहमति जताते हुए संयुक्त राष्ट्र के इस चार्टर पर हस्ताक्षर किए थे। इस संगठन के बनने के 45 वर्ष के बाद हमारे देश में मानवाधिकारों की रक्षा के लिए 28 सितंबर, 1993 को मानवाधिकार कानून बनाया गया। इसके बाद 12 अक्टूबर, 1993 को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का गठन किया गया। हमारे देश में राष्ट्रीय स्तर पर मानव अधिकार आयोग राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्षेत्रों में काम करता है और मजदूरों, एचआईवी एड्स, बाल-विवाह, महिलाओं के अधिकार, स्वास्थ्य, हिरासत और मुठभेड़ में होने वाली मौतों जैसे विषयों पर सक्रियता दिखाता है। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार से जुड़े हुए अनुच्छेदों के आधार पर कार्य करता है। यह मानव के आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक विकास में अवरोध उत्पन्न करने वाले मामलों पर या तो संज्ञान लेता है या शिकायत के आधार पर उन्हें सुलझाया जाता है। मानव अधिकार आयोग का मुख्य कार्यालय दिल्ली में है। इसके अतिरिक्त प्रदेश व जिले स्तर पर भी मानव अधिकार के कार्यालय स्थापित किए गए हैं। यह कार्यालय किसी सरकारी व गैर सरकारी अधिकारी के द्वारा किए गए ऐसे कार्यों की समीक्षा करता है जिसके खिलाफ सरकार कोई कदम ना उठा रही हो और वह मामला मानव अधिकार दायरे में आए।

बहुजन सुखाय बहुजन हिताय का आह्वान

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के वर्तमान अध्यक्ष जस्टिस अरुण मिश्रा ने कहा कि, 'हम सामाजिक, प्रशासन और धार्मिक प्रथाओं के कारण दुनिया भर में महिलाओं के खिलाफ भेदभाव देखते हैं। विरासत, संपत्ति के अधिकार, माता-पिता के अधिकार, विवाहित महिला के अधिवास और कानूनी क्षमता में भेदभाव को दूर करने के लिए विधायी प्रावधानों को लागू करने का समय आ गया है।' मानवाधिकार दिवस पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जस्टिस मिश्रा ने कहा, 'समानता सुनिश्चित करने के लिए कमजोर वर्गों और ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की स्थिति में सुधार की आवश्यकता है। विकास और उचित शिक्षा के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण आवश्यक है। उन्हें ऐसा नहीं बनाया जा सकता है कि हमेशा के लिए भेदभाव और लैंगिक हिंसा सहें।' उन्होंने कहा कि, गरिमा और समान अधिकार प्रदान किए बिना मानवाधिकार दिवस का उत्सव 'अर्थहीन' है। उन्होंने हिंदू दर्शन के मूल सिद्धांतों में से एक 'बहुजन सुखाय बहुजन हिताय' का आह्वान किया, जिसका अर्थ है कि जनता की खुशी में ही व्यक्ति का कल्याण निहित है। इस संबंध में, उन्होंने महिलाओं, बच्चों और समाज के अन्य कमजोर वर्गों के अधिकारों, पर्यावरण अधिकारों और आर्थिक और व्यवसाय से संबंधित मानवाधिकारों और जीवन के अधिकार सहित मानव अधिकारों के विभिन्न पहलुओं, नशा मुक्ति, आतंकवाद आदि पर प्रकाश डाला।

इस दिन ही दिया जाता है शांति का नोबेल पुरस्कार

अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस को नोबेल शांति पुरस्कार दिवस के रूप में भी याद किया जाता है। इस वर्ष शांति का नोबेल पुरस्कार बेलारूस के मानवाधिकार अधिवक्ता एलेस बियालियात्स्की, रूसी मानवाधिकार संगठन मेमोरियल और यूक्रेनी मानवाधिकार संगठन सेंटर फॉर सिविल लिबर्टीज को प्रदान किया गया। नोबेल शांति पुरस्कार पाने वाली यूक्रेन के मानवाधिकार संगठन 'सेंटर फॉर सिविल लिबर्टीज' ने कहा, 'शांति के लिए संघर्ष करने का मतलब हमलावर के दबाव में झुकना नहीं है। इसका मतलब लोगों को उसकी क्रूरता से बचाना है।

अधिकार के साथ कर्तव्य निभाने के लिए भी तैयार रहने की जरूरत

मानव अधिकार आयोग होने और उनके संरक्षण के लिए विभिन्न कानून के बावजूद बच्चों और महिलाओं की तस्करी, ऑनर किलिंग, अस्पृश्यता, गरीबी, महिलाओं के साथ घर या सार्वजनिक तौर पर होने वाली हिंसा आज भी जारी है। इसलिए हमें सब कुछ सरकार और संगठनों पर न छोड़कर अपने स्तर पर भी अपने आस-पास होने वाले इन अपराधों को रोकने के लिए मिलकर कदम उठाने होंगे। वैसे भी यदि हमें अपने अधिकारों का सही इस्तेमाल करना है तो यह तभी संभव होगा जब एक सभ्य समाज के नागरिक होने के नाते हम एक-दूसरे के दर्द को समझें और एक-दूसरे के अधिकारों को बना रहने दें। तभी इस दिवस की सार्थकता तब होगी, क्योंकि मानव से ही मानव के अधिकारों के लिए खतरा पैदा हुआ है। तो एक-दूसरे के प्रति सद्भाव के साथ ही इसे खत्म किया जा सकता है।

सर्जना चतुर्वेदी

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.

(Government of Madhya Pradesh Undertaking)
Regional Office : 101, First Floor, ATULYA IT Park, Near Crystal IT Park, Khandwa Road Indore - 452007 (M.P.), Phone : (0) 2970611, 2971311, 2974363, Fax No. : 0731-2972629 E-mail : ed.roind@mpidc.co.in, Website : www.invest.mp.gov.in
GSTN : 23AACCM6080D2ZT, CIN : U45203MP1981SGC001850
No. MPIDC/R.O./IND/2022/10013 Date : 19.12.2022

NOTICE INVITING TENDER (FIRST CALL)

Tender for the following work have been proceeded on the e-procurement system - **http://www.mptenders.gov.in** as mention below :-

S. No.	Name of Work	PAC (Rs. In Lacs)	Cost of Tender Form	EMD	Last Date of Submission
1.	Design and Execution of Interior works at 5th floor, Atulya IT Park, Khandwa road, Indore on turnkey basis.	Rs. 150.00 Lacs	Rs. 14750/- i/c GST	Rs. 150000/-	07.01.2023

Detailed NIT and other details can be viewed on the above mentioned portal **www.mptenders.gov.in**
M.P. Madhyam/107752/47925/2022 **EXECUTIVE ENGINEER**

आबकारी आरक्षक (कार्यपालिक) पदों की सीधी एवं बैकलॉग भर्ती परीक्षा-2022 के संबंध में आवश्यक सूचना

आबकारी आयुक्त, कार्यालय आबकारी आयुक्त, मध्यप्रदेश, के पत्र क्रमांक/1(ब)/आर/स्था./2022/841 दिनांक 21.12.2022 के अनुसार सामान्य प्रशासन विभाग, भोपाल के परिपत्र क्रमांक सी. 3-14/2019/1/3 दिनांक 19 दिसम्बर 2022 में राज्य शासन के वर्दीधारी पदों पर सीधी भर्ती से भरे जाने वाले नियुक्तियों हेतु अभ्यर्थियों की अधिकतम आयु सीमा में तीन वर्षों की छूट प्रदान की गई है। तदानुसार वृद्धि की गई आयु सीमा में जो अभ्यर्थी आते हैं उन्हें आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा हेतु आवेदन करने के लिए एवं समस्त अभ्यर्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि में निम्नानुसार वृद्धि की जाती है :-

स.क्र.	विवरण	वर्तमान निर्धारित तिथि	संशोधित तिथि
1.	आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि	24.12.2022	29.12.2022
2.	आवेदन पत्र में संशोधन करने की अंतिम तिथि	29.12.2022	31.12.2022

● परीक्षा की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।
विज्ञापन क्र. 38/2022 । म.प्र. माध्यम/107797/47927/2022 **संचालक**

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल

Madhya Pradesh Employees Selection Board (MPESB)
'चयन भवन' मेन रोड नं. - 1, चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल-462011
Fax : +91-0755-2550498, Website : www.peb.mp.gov.in

ATAL BIHARI VAJPAYEE INSTITUTE OF GOOD GOVERNANCE & POLICY ANALYSIS

(An ISO 9001:2015 Organisation)
(A Regd. Body of Govt.of M.P under Public Service Management Department)
Office : Sushasan Bhawan, Bhadbhada Square, T.T Nagar, Bhopal (M.P.)
Telephone : 0755-2777317, 2777216, 2777308

ADVT/AIGGPA/ADMIN/HR/2022/E-28956

Come and be part of envisioning India @ 2047. AIGGPA is in the process of drafting the vision document MP @ 2047. In this context notice was issued on **26.11.2022** wherein applications were invited for various posts of Senior Consultants, Consultants and Research Associates. The last date of submission of applications for the said advertisement is hereby extended to **28.12.2022 by 5:00 PM.**
M.P. Madhyam/107801/47928/2022 **DIRECTOR**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal (M.P.) 462 011

NOTICE INVITING TENDER NO. 1046 (PMGSY-III-BRIDGE)

(PMGSY-III, Batch-III, Year 2021-22)
No./17840/22/D-12/MPRRDA/2022 Bhopal, Dated : 21.12.2022
Online Tenders for Construction of Bridges with 5 years defect liability & maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.pmgsytenders.gov.in**. as detailed below:-

- **Name of Work – Construction of Bridges under PMGSY including maintenance for Five year after construction.**

S. No.	Name of District	No. of Packages	No. of Bridge	Total PAC (In Rs.)
1.	Balaghat	1	1	18635000.00
2.	Chhindwara	2	4	53027000.00
3.	Dewas	3	10	64952000.00
4.	Indore	1	1	6785000.00
5.	Ratlam	1	1	7287000.00
6.	Satna	2	2	27279000.00
7.	Seoni	1	1	8937000.00

1. **Availability of Bid Documents and mode of submission:** The bid document is available online and should be submitted online in **www.pmgsytenders.gov.in**. The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.
2. Bid document may be purchased online **from 23.12.2022 (17:30 hrs.)** and last date for online bid submission is **10.01.2023 (17:00 hrs.)**
3. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and SBD for PMGSY Works (June-2020) on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)
M.P. Madhyam/107789/47926/2022

स्काउट्स एवं गाइड्स की सभी गतिविधियां हिंदी भाषा में हों संपादित

भोपाल, स्कूल शिक्षा एवं सामान्य प्रशासन राज्यमंत्री श्री इन्दर सिंह परमार की अध्यक्षता में भोपाल स्थित मंत्रालय में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स मध्यप्रदेश राज्य परिषद की बैठक हुई। बैठक में एजेंडे के विभिन्न बिंदुओं एवं प्रस्तावों पर चर्चा हुई। श्री परमार ने स्काउट्स एवं गाइड्स के सभी डॉक्यूमेंट, रूपरेखा, कार्यक्रम, बैठक एवं अन्य गतिविधियों को हिंदी भाषा में संपादित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स मध्यप्रदेश संगठन, शासन आधारित संगठन होने के बजाय आत्मनिर्भर संगठन की भांति स्थापित हो सके, इस दिशा में प्रयास करने की आवश्यकता है।

राज्य सचिव श्री राजेश प्रसाद मिश्रा ने राज्य परिषद की बैठक का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। विगत राज्य कार्यकारिणी बैठक में पारित किए गए प्रस्तावों को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। विगत वर्ष के वार्षिक प्रतिवेदन का और संगठन के बजट का भी अनुमोदन किया गया। सत्र 2022-23 के वार्षिक कार्यक्रम एवं वार्षिक योजना का अनुमोदन किया गया।

म.प्र. पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड

कार्यालय परियोजना यंत्री, डी-5/2, एम.आय.जी., महाश्वेता नगर, इस्कॉन मंदिर के सामने, उज्जैन (म.प्र.), Email : mpphcl_ujjain@yahoo.in फोन नं. : 0734-2527715, मोबा. : 9406808103
क्र. 1492/पर्य/मप्रपुहाइडेकालि/22/उज्जैन दिनांक : 23.12.22

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 22/2022-23

मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, संभाग उज्जैन के अंतर्गत निविदा क्रमांक 22/2022-23 दिनांक 23.12.2022 के अंतर्गत 60 जवानों की क्षमता की ईस्ट-वेस्ट फ्लैसिंग बैरक का निर्माण कार्य रतलाम कार्य की ऑनलाइन निविदा आईडी क्र. 2022_MPPHC_239707 आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन दिनांक 23.12.2022 17.00 बजे से क्रय किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal: https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/107826/47934/2022 **परियोजना यंत्री**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal– 462 011 (M.P.)
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER No. 198/MTN/2022

No./17990/22/D-12/NIT-Maint./2022 Bhopal, Dated : 21.12.2022
Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below.

1. Table No. 1 :- Name of Work – Repair/ Maintenance of The Rural Roads For Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna (Post 5 Year).

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Agar Malwa	3	38748052.00
2.	Anuppur	1	22237893.00
3.	Alirajpur	2	31497444.00
4.	Ashoknagar	2	9463865.00
5.	Barwani	3	53313684.00
6.	Balaghat	4	36201835.00
7.	Betul	1	7846172.00
8.	Chhatarpur	8	109355256.00
9.	Chhindwara	7	70465466.00
10.	Damoh	3	33952941.00
11.	Dewas	1	13547860.00
12.	Dhar	1	14987874.00
13.	Gwalior	1	10389325.00
14.	Harda	2	8744621.00
15.	Indore	1	6828859.00
16.	Jhabua	1	27980371.00
17.	Jabalpur	2	7327686.00
18.	Katni	2	14247384.00
19.	Mandsaur	4	29071648.00
20.	Mandla	1	26491828.00
21.	Morena	3	16279372.00
22.	Narsinghpur	6	45316621.00
23.	Narmadapuram	1	7121737.00
24.	Panna	3	20223581.00
25.	Raisen	9	43477305.00
26.	Rajgarh	6	64821872.00
27.	Ratlam	2	14714348.00
28.	Sagar	2	17904480.00
29.	Satna	2	10027673.00
30.	Shajapur	7	55762432.00
31.	Seoni	7	106865275.00
32.	Shivpuri	1	14339382.00
33.	Singrauli	3	35473313.00
34.	Ujjain	6	35582801.00
35.	Umaria	1	8450117.00
36.	Vidisha	3	17406138.00

2. Table No. 2 :- Name of Work – Repair/ Maintenance of The Rural Roads For Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna (Post 10 Year).

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Alirajpur	1	15207095.00
2.	Anuppur	1	12264362.00
3.	Balaghat	2	25633889.00
4.	Burhanpur	1	8223623.00
5.	Chhindwara	2	17394979.00
6.	Khargone	1	27990321.00
7.	Khandwa	3	34424925.00
8.	Narmadapuram	1	6852807.00
9.	Narsinghpur	1	15761291.00
10.	Rajgarh	3	32591034.00
11.	Raisen	1	4196923.00
12.	Rewa	2	5278703.00
13.	Seoni	1	7688567.00
14.	Satna	3	31996364.00
15.	Shajapur	2	12508557.00
16.	Sehore	1	17492625.00
17.	Singrauli	1	3031636.00
18.	Ujjain	1	3384844.00
19.	Vidisha	3	47489813.00

3. Table No. 3 :- Name of Work – Repair/ Maintenance of The Rural Roads For Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna (Post 15 Year).

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Betul	2	19615701.00
2.	Chhatarpur	1	24615152.00
3.	Dewas	2	33229115.00
4.	Damoh	2	11142081.00
5.	Dhar	3	60468305.00
6.	Jhabua	1	21850710.00
7.	Khargone	1	6229859.00
8.	Mandla	1	13782555.00
9.	Mandsaur	1	7735862.00
10.	Morena	1	5624009.00
11.	Raisen	1	4749745.00
12.	Ratlam	1	11529776.00
13.	Rajgarh	3	36544425.00
14.	Rewa	1	2321732.00
15.	Sehore	3	27359449.00
16.	Shajapur	1	8754879.00
17.	Singrauli	1	11958565.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **27.12.2022 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

M.P. Madhyam/107805/47929/2022 **CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

'कक्षा में बच्चों की कॉपी और वर्कशीट की जांच' विषय पर हुआ राज्य स्तरीय शैक्षिक संवाद

भोपाल, सीएम राइज शिक्षक व्यावसायिक उन्नयन कार्यक्रम में राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा 'कक्षा में बच्चों की कॉपी और वर्कशीट की जांच' विषय पर 5वां राज्य स्तरीय शैक्षिक संवाद किया गया। इसमें राज्य शिक्षा केंद्र के एडुसेट से 5 जिलों के चयनित प्रतिभागी प्रत्यक्ष रूप से और अन्य जिलों के डाइट सदस्य, जिला परियोजना समन्वयक, अतिरिक्त परियोजना समन्वयक, अकादमिक की रिसोर्स पर्सन, राज्य एवं जिला स्तरीय रिसोर्स पर्सन वर्चुअली शामिल हुए। चर्चा में प्रतिभागियों ने नोटबुक की जांच की आवश्यकता, नोटबुक से विद्यार्थी के विषय में मिलने वाली जानकारी, नोटबुक के उपयोग, जांच का नियमितिकरण एवं नोटबुक की जांच से सम्बन्धी समस्याएं आदि बिंदुओं पर केंद्रित चर्चा की। विभिन्न जिलों के शिक्षकों ने अनेक सकारात्मक सुझावों से उत्सुकता और उत्साह के साथ संवाद में सहभागिता की।

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, मधवदा रोड संभाग क्रमांक-03 भोपाल-462003
Mobile No. : 9425601545, ई-मेल : mpphidcbpl3@gmail.com
क्र.-मप्पुआआविनि/940/पर्य/भोपाल-03/तशा/2022 भोपाल, दिनांक : 23.12.2022

प्रेस विज्ञप्ति

भोपाल संभाग-3 के अंतर्गत निविदा क्रमांक-14/2022-23(ऑनलाइन निविदा क्रमांक-239651) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक- 30.12.2022 सायं 5:00 बजे तक ऑनलाइन खरीदे एवं दस्तावेज अपलोड किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/107821/47932/2022 **परियोजना यंत्री**

कार्यालय, अध्यक्ष काउंसलिंग समिति तकनीकी शिक्षा संचालनालय, मध्यप्रदेश

चतुर्थ तल, सतपुड़ा भवन, भोपाल-462004

फार्म-डी (पी.बी.) Pharm-D (PB) पाठ्यक्रम

अर्हकारी परीक्षा (PCI द्वारा U/S-12 अनुमोदित संस्था से बी. फार्मेसी की मेरिट) के आधार पर प्रवेश हेतु (मध्यप्रदेश में स्थित निजी संस्थान)

ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2022-23

संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC)

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन	इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये उपस्थित होना
26.12.2022 से 27.12.2022 रात्रि 11:30 बजे तक	27.12.2022 प्रातः 10:30 बजे
28.12.2022 से 29.12.2022 रात्रि 11:30 बजे तक	29.12.2022 प्रातः 10:30 बजे

- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग के लिये निर्धारित तिथि पर संस्था में प्रातः 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, तदुउपरान्त मेरिट के अनुसार प्रवेश किये जावेंगे।
- काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकता क्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आवंटन जारी होने तक प्रवेश निरस्तीकरण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।

संपर्क : 0755-6720205, 2660441, ई-मेल : dte.helpcenter@mp.gov.in

अध्यक्ष काउंसलिंग समिति एवं
आयुक्त, तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

म.प्र. माध्यम/107825/47933/2022

कार्यालय, अध्यक्ष काउंसलिंग समिति तकनीकी शिक्षा संचालनालय, मध्यप्रदेश

टैगोर छात्रावास क्रमांक-टी2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002

संस्थागत प्राथमिकता सीटों के अंतर्गत प्रवेश

फार्मेसी पाठ्यक्रम (Pharmacy Courses)
(Institutional Preference Seats)
सत्र 2022-23

संस्थागत प्राथमिकता सीटों (Institutional Preference Seats) के लिये काउंसलिंग उन संस्थानों में आयोजित होगी जिन्होंने इन सीटों के लिये सहमति पत्र के साथ आवेदन किया था। संस्थागत प्राथमिकता सीटों के अंतर्गत अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्, नई दिल्ली द्वारा स्वीकृत प्रवेश क्षमता के 10 प्रतिशत स्थानों तक ही प्रवेश की कार्यवाही की जावेगी।

कार्यक्रम

पाठ्यक्रम	काउंसलिंग अवधि
बैचलर ऑफ फार्मेसी (B. Pharmacy)	दिनांक 23.12.2022 से दिनांक 29.12.2022
डिप्लोमा फार्मेसी (D. Pharmacy)	दिनांक 23.12.2022 से दिनांक 29.12.2022

प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थियों के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची संस्थागत प्राथमिकता सीटों के लिये उपलब्ध संस्थानों की सूची एवं उनके द्वारा इन सीटों पर प्रवेशित अभ्यर्थियों से लिये जाने वाले शिक्षण शुल्क तथा विस्तृत प्रक्रिया वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।

संपर्क : 0755-6720205, 2660441 E-mail : dte.helpcenter@mp.gov.in

अध्यक्ष काउंसलिंग समिति एवं
आयुक्त, तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

म.प्र. माध्यम/107810/47930/2022

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग साउथ सिविल लाइन, जबलपुर

एनआईटी नं.-05/2022/केंद्रीयकृत निविदा आमंत्रण/2022 **दिनांक : 16.12.2022**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती हैं:-

स. क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्रमांक	कार्य की अनुमानित राशि (रु. लाख में)	भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज)
1.	2022_PWDRB_238423_1	मंडला	पुल कार्य	मंडला जिले के साल्हेरुण्डा निजली मार्ग में बिटियार नाला में पहुंच मार्ग सहित उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कार्य।	प्रथम	रु. 418.27 लाख	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग, जबलपुर
2.	2022_PWDRB_238427_1	मंडला	पुल कार्य	मंडला जिले में हिरडनगर देवुगांव मार्ग में मटियारी नदी पर पहुंच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल के निर्माण कार्य।	प्रथम	रु. 1072.67 लाख	
3.	2022_PWDRB_238430_1	सिवनी	पुल कार्य	सिवनी जिले के विकासखंड धनौरा बैनगंगा नदी पर ग्राम सुनवारा के नजदीक अति बारिश में बह गये उच्च स्तरीय पुल का निर्माण।	प्रथम	रु. 822.70 लाख	
4.	2022_PWDRB_238429_1	सिवनी	पुल कार्य	सिवनी जिले पिण्डरई खण्डारा मार्ग में बावन थड़ी नदी पर नवीन पुल निर्माण।	प्रथम	रु. 441.52 लाख	
5.	2022_PWDRB_238477_1	कटनी	पुल कार्य	कटनी जिले में आदर्श कॉलोनी एवं शमशान घाट के मध्य कटनी नदी पर पहुंच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल का निर्माण कार्य।	प्रथम	रु. 822.70 लाख	
6.	2022_PWDRB_238478_1	बालाघाट	पुल कार्य	बालाघाट जिले के रामपायली विठली मार्ग में चंदन नदी पर पहुंच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल का निर्माण कार्य।	प्रथम	रु. 1046.56 लाख	
7.	2022_PWDRB_238978_1	छिंदवाड़ा	पुल कार्य	छिंदवाड़ा जिले के ढीमर खेड़ा कुहिया मार्ग में कुलवेहरा नदी पर पुल का निर्माण कार्य।	द्वितीय	रु. 635.22 लाख	
8.	2022_PWDRB_238979_1	छिंदवाड़ा	पुल कार्य	छिंदवाड़ा जिले के निशान जनोजी उमरिया मार्ग में कुलवेहरा नदी पर पुल का निर्माण कार्य।	द्वितीय	रु. 431.02 लाख	

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 02.01.2023 शाम 18.00 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। मूल एफडीआर एवं अन्य दस्तावेज ऑनलाइन प्राप्त की जावेंगी।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग, जबलपुर

जी-20784/47935/2022

पढ़ो, खेलो और स्व-रोज़गार से जुड़ो

सीहोर, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने युवाओं से कहा है कि पढ़ो, खेलो और स्व-रोज़गार से जुड़ो। पढ़ाई के साथ खेल भी आवश्यक है। खेल आनंद, प्रसन्नता देते हैं और शरीर को मजबूत बनाते हैं। प्रदेश में विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलकूद के पूरे अवसर और सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। अभिभावक अपने बच्चों को पढ़ाई के साथ खेलकूद के लिए भी प्रोत्साहित करें।

मुख्यमंत्री और प्रसिद्ध क्रिकेटर एवं सांसद श्री गौतम गंभीर ने रेहटी (सीहोर) में प्रेम सुंदर मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में शामिल होकर खिलाड़ियों का उत्साह एवं मनोबल बढ़ाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री गौतम गंभीर ने देश-विदेश में भारत का मान-सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने 6 बार टेस्ट मैच में भारत की कप्तानी की और निरंतर सफलता प्राप्त की। वर्ष 2011 में भारत को ऐतिहासिक विजय दिलवाई। वे क्रिकेटर के साथ सांसद भी हैं और जनकल्याण के लिए जैन रुपाई भी चलाते हैं। श्री चौहान ने श्री गौतम गंभीर से मध्यप्रदेश के बच्चों को क्रिकेट का प्रशिक्षण देने में सहयोग करने का आग्रह भी किया।

श्री चौहान ने कहा कि मैं अपने माता-पिता के चरणों में प्रणाम एवं वंदन करता हूं, जिन्होंने मुझे इस मुकाम पर पहुंचाया है। मैं एक छोटे किसान परिवार का हूं। बचपन में ही मेरी माता नहीं रही थीं। पिता ने पढ़ाने और आगे बढ़ाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। आप अपने जीवन में कभी भी माता-पिता का सम्मान और सेवा करना न भूलें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में खेलकूद के लिए उपयुक्त वातावरण है। विद्यार्थी पढ़ाई के साथ खेलें। मध्यप्रदेश से ऐसे खिलाड़ी निकलें, जो पूरे देश में धूम मचाएं। विधायक और सीएम कप में विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाता है। कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल और क्रिकेट के साथ अब बेटियां भी खेलेंगी। प्रदेश के हर गांव में खेल की सुविधाएं दी जा रही हैं। 110 गांव में बुनियादी सुविधायुक्त खेल के मैदान बनाए जा रहे हैं। नसरुल्लागंज में खेल स्टेडियम है, रेहटी में भी खेल स्टेडियम बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 10वीं एवं 12वीं के ऐसे बच्चे जो 70 प्रतिशत या अधिक अंक लाते हैं उन्हें स्कॉलरशिप दी जाएगी। प्रदेश में सीएम राइज स्कूल खोले जा रहे हैं और गांव-गांव में स्मार्ट क्लास बनाई जा रही हैं। कक्षा 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने पर लैपटॉप दिया जाता है और उच्च शिक्षा की फीस भी मामा भरवाता है। सरकार द्वारा विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग की सुविधा ऑफलाइन एवं ऑनलाइन प्रारंभ की जा रही है।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में नौकरियों के साथ ही स्व-रोज़गार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, उद्यम क्रांति योजना में एक लाख से 50 लाख रुपये तक का ऋण युवा उद्यमियों को दिया जाता है। साथ ही सरकार 3 प्रतिशत ब्याज अनुदान भी देती है। कलेक्टर और कमिश्नर युवाओं को इन योजनाओं की जानकारी दें एवं स्व-रोज़गार स्थापना में उनका सहयोग करें।

श्री गौतम गंभीर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान मध्यप्रदेश की आन-बान और शान है। आप सभी भाग्यशाली हैं जो आपको इतने अच्छे इंसान मुख्यमंत्री के रूप में मिले हैं। मध्यप्रदेश में 43 लाख से अधिक बेटियों को लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ मिल रहा है, देश के किसी राज्य में इस तरह की योजना नहीं है। श्री गंभीर ने टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी और कहा कि ऐसे ही टूर्नामेंटों में खेलते हुए मैं आगे बढ़ा हूं।

बालाघाट के जनजातीय ग्राम पादरीगंज का बांस डिपो स्थानांतरित नहीं होगा

बालाघाट, जिले के परसवाड़ा क्षेत्र के पादरीगंज ग्राम का बांस डिपो अब स्थानांतरित नहीं होगा। बांस डिपो के मजदूरों की हड़ताल आयुप राज्यमंत्री श्री रामकिशोर कांवरे की पहल पर खत्म हुई।

ग्राम पादरीगंज में बांस डिपो के स्थानांतरण को लेकर वहां के जनजातीय मजदूर हड़ताल पर थे। मजदूर बांस डिपो के पादरीगंज से कनकी स्थानांतरण न किये जाने के संबंध में वन विकास निगम के अधिकारियों से लिखित आश्वासन चाहते थे। इस मुद्दे को लेकर आयुप राज्यमंत्री ने वन विकास निगम के प्रबंध संचालक से चर्चा की और उनसे लिखित पत्र भी लिया। इसके बाद उन्होंने पादरीगंज ग्राम के मजदूर प्रतिनिधियों से वीडियो कॉल पर चर्चा की।

एमएसएमई विभाग को मिला प्रतिष्ठित स्कॉच गोल्ड अवॉर्ड

नई दिल्ली, एमएसएमई विभाग को कलस्टर आधारित उद्योगों के विकास के लिए स्कॉच ग्रुप द्वारा नई दिल्ली में इंडिया हैबिटेट सेंटर में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस श्रेणी में एमएसएमई ट्रांसफॉर्मेशन थ्रू फोस्टरिंग क्लस्टर डेवलपमेंट के लिए स्कॉच गोल्ड अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

स्कॉच ग्रुप के अध्यक्ष समीर कोचर और पीएम के पूर्व सलाहकार और सार्वजनिक उद्यम चयन बोर्ड (पीईएसबी) के सदस्य श्री अमरजीत सिन्हा ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग के सचिव और उद्योग आयुक्त पी. नरहरि को पुरस्कार प्रदान किया।

पुरस्कार प्राप्त करने श्री नरहरि ने कहा कि भारत को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को तभी साकार किया जा सकता है जब एमएसएमई को वह स्थान दिया जाए जिसके वे हकदार हैं। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की कल्पना को साकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रगतिशील दृष्टिकोण को जारी रखते हुए, एमएसएमई विभाग विशेष पैकेज के माध्यम से एमएसएमई और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार राज्य में सक्रिय कदम उठाने का इरादा रखती है। उन्होंने बताया कि राज्य में एमएसएमई को पिछले डेढ़ साल से क्लस्टर आधारित विकास के दृष्टिकोण से प्रोत्साहित किया जा रहा है। वर्तमान में, खिलौने, फर्नीचर, कपड़ा, वस्त्र, फार्मास्यूटिकल्स और बहु-उत्पाद जैसे विभिन्न क्षेत्रों में 45 क्लस्टर विकसित किए जा रहे हैं।

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

क्रमांक 11471/08/2022/चयन इन्दौर, दिनांक : 19.12.2022

सहायक संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास (क्षेत्र एवं विस्तार) परीक्षा-2019 चयन-सूची (मुख्य भाग - 87 प्रतिशत)

पदनाम - सहायक संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास (क्षेत्र एवं विस्तार)

आयोग के विज्ञापन क्रमांक 02/2019 दिनांक 01.11.2019 एवं समय-समय पर जारी शुद्धिपत्रादि, सूचनाओं आदि के संदर्भ में कुल 37 पद (अनारक्षित-17, अ.जा.-05, अ.ज.जा.-02, अ.पि.वर्ग-09, ई.डब्ल्यू.एस.-04) इनमें से महिलाओं हेतु आरक्षित (अनारक्षित-06, अ.जा.-02, अ.ज.जा.-01, अ.पि.वर्ग-03 ई.डब्ल्यू.एस.-01) (कुल विज्ञापित पदों में से दृष्टिबाधित दिव्यांग के लिए-02 पद एवं श्रवणबाधित दिव्यांग के लिए 01 पद आरक्षित) विज्ञापित किए गए हैं। उक्त पदों की पूर्ति के लिए, **सहायक संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास (क्षेत्र एवं विस्तार) परीक्षा-2019 दिनांक 28.02.2021** को आयोजित की गई। आयोग द्वारा लिखित परीक्षा परिणाम दिनांक 15.03.2022 को घोषित किया गया। उक्त परीक्षा में, **किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के** अंतर्गत पदनाम - **सहायक संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास (क्षेत्र एवं विस्तार)** हेतु अर्ह आवेदकों के **साक्षात्कार 03.08.2022 से 05.08.2022 तक** आयोजित किए गए हैं।

2. म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक 07-46/2021/आ.प्र./एक दिनांक 29.09.2022 में दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुपालन में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग म.प्र. शासन के पत्र क्रमांक एफ-1-ए-55/2016/14-1 भोपाल, दिनांक 15.12.2022 में उल्लेखित रिक्ति के अनुसार आयोग द्वारा विज्ञापित शुद्धि पत्र क्रमांक 03.02.2019 दिनांक 16.12.2022 के माध्यम से उपरोक्त विज्ञापन क्रमांक 02/2019 दिनांक 01.11.2019 के अंतर्गत विज्ञापित पदों का 87 प्रतिशत मुख्य भाग एवं 13 प्रतिशत प्रावधिक भाग की रिक्तियों का पद विभाजन विज्ञापित किया गया है जिसके अनुसार, परीक्षा परिणाम दो भागों में मुख्य भाग एवं प्रावधिक भाग के रूप में घोषित किया जाना प्रावधानित किया गया है। चयन परिणाम केवल 87 प्रतिशत पदों (मुख्य भाग) का घोषित किए जाने के प्रावधान के तहत मुख्य भाग हेतु पुनरीक्षित रिक्तियों का विवरण निम्नांकित तालिका में अंकित है। उक्त शुद्धि पत्र दिनांक 16.12.2022 में उल्लेखित बिन्दु 3 में उल्लेखित कंडिका के अनुसार प्रावधिक भाग का चयन परिणाम अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण के संबंध में प्रचलित न्यायालयीन प्रकरण के अंतिम न्यायिक निर्णय के पश्चात् घोषित किया जाएगा।

3. अतएव, लिखित+साक्षात्कार में प्राप्त प्राप्तांकों के योग के गुणानुक्रम के आधार पर निम्नानुसार केवल 87 प्रतिशत पदों (मुख्य भाग) की चयन सूची घोषित की जाती है :-

सहायक संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास (क्षेत्र विस्तार)
पद विवरण तालिका

	अनारक्षित	अ.जा.	अ.ज.जा	अ.पि.व.	ई.डब्ल्यू.एस.	योग
कुल पदों की संख्या	17	5	2	5	4	**33**
इनमें से महिलाओं के लिए आरक्षित पद	6	2	1	2	1	

कुल पदों में से दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पद	2
कुल पदों में से श्रवणबाधित दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पद	1

मुख्य सूची

स.क्र.	अनुक्रमांक	नाम	लिंग	Seat	श्रेणी
1.	1285814	JITENDRA ANJANA	M	UNR	OBC
2.	1224980	GOPAL PATIDAR	M	UNR	OBC
3.	1082253	KAILASHPATI TRIPATHI	M	UNR	EWS
4.	1245220	AMBUJ GAUTAM	M	UNR	UNR
5.	1102821	BHAGWAT SINGH	M	UNR	EWS
6.	1112905	SHYAM YADUWANSHI	M	UNR	OBC
7.	1123133	REHAM DAWAR	M	UNR	ST
8.	1112948	ARUN PATIDAR	M	UNR	OBC
9.	1143639	SATYENDRA SINGH RAGHUWANSHI	M	UNR	UNR
10.	1102689	RAMKRISHNA MANDLOI	M	OBC	OBC
11.	1194597	VIKAS KUMAR MESHRAM	M	SC	SC
12.	1061971	KRISHN KUMAR BADWAYA CHAUHAN	M	OBC	OBC
13.	1194624	RUCHIKA MISHRA	F	UNRF	UNR
14.	1214931	RAHUL PATIDAR/MUKESH PATIDAR	M	OBC	OBC
15.	1133280	VISHAL PATHAK	M	EWS	EWS
16.	1041710	BASANT KUMAR MANDRE	M	SC	SC
17.	1133251	KIRTI GAKRE	F	UNRF	OBC
18.	1112972	ARIVIND RAJPUT	M	EWS	EWS
19.	1133221	ANUPRIYA ASATI	F	UNRF	UNR
20.	1133149	KULDEEP SHARMA	M	EWS	EWS
21.	1143609	DIKSHA RATHORE	F	UNRF	OBC
22.	1031564	NEHA DAHARWAL	F	UNRF	OBC
23.	1122983	RAVI BAGHEL	M	EWS	EWS
24.	1122997	RACHANA PATEL	F	UNRF	OBC
25.	1204707	RAVI KUMAR AMLIYAR	M	ST	ST
26.	1143338	AMRATA MORE	F	STF	ST
27.	1031616	RANI CHODARI	F	OBCF	OBC
28.	1143645	SONALI KAMLE	F	SCF	SC
29.	1112857	ANKITA DHOTE	F	OBCF	OBC
30.	1163932	POOJA PASI	F	SCF	SC
31.	1031618	VIDHYA DEVI AHIRWAR	F	SCHB	दृष्टिबाधित SC
32.	1164026	PRATIBHA	F	UNRHD	श्रवणबाधित UNR

अनुपूरक सूची

स.क्र.	अनुक्रमांक	नाम	लिंग	श्रेणी
1.	1235131	HARSH KUMAR GAUTAM	M	UNR

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग संभाग-मंदसौर

Email : eepwdmandsaur@gmail.com, Phone No. : 07422-255211

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 20/2022-23/एसएसी/ मंदसौर, दिनांक : 14.12.2022

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर रिफरेन्स क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्रमांक	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)
1.	2022_ PWDRB_ 235165	Mandsaur	Reneal	वसई गुराडिया विजय मार्ग के किमी 1, 2, 3, 4, 6, 9 से 14/2-4-6 (50 मी.) कुल लम्बाई 10.45 किमी में डामरीकरण का नवीनीकरण कार्य।	Second	₹ 92.35
2.	2022_ PWDRB_ 237338			सुवासरा गुराडिया विजय मार्ग के किमी 1, 2, 3, 6, 9/6-10 कुल लम्बाई 4.60 किमी में डामरीकरण का नवीनीकरण कार्य।	Second	₹ 40.60
3.	2022_ PWDRB_ 237339			गुलियाना से रातीखेड़ी मार्ग के किमी 1 से 11 कुल लम्बाई 4.60 किमी में डामरीकरण का नवीनीकरण कार्य।	Second	₹ 85.84
4.	2022_ PWDRB_ 237340			शामगढ़ परासली सुवासरा मार्ग के किमी 12, 15, 16, 18/2-6, 19, 20, 23 एवं 24/2-4 कुल लम्बाई 7.00 किमी में डामरीकरण का नवीनीकरण कार्य।	Second	₹ 79.00
5.	2022_ PWDRB_ 237341			पोला डुंगर पहुंच मार्ग के किमी 1 से 5 कुल लम्बाई 5.00 किमी का डामरीकरण का नवीनीकरण कार्य।	Second	₹ 44.19
6.	2022_ PWDRB_ 237342			रूनिजा अंगारी मार्ग के किमी 1, 2, 5, 6 एवं 9/2-6 कुल लम्बाई 4.60 किमी का डामरीकरण का नवीनीकरण कार्य।	Second	₹ 40.60
7.	2022_ PWDRB_ 237343			उदलियाखेड़ी पहुंच मार्ग के किमी 1 से 14/10 कुल लम्बाई 13.00 किमी का डामरीकरण का नवीनीकरण कार्य।	Second	₹ 122.83
28.	2022_ PWDRB_ 237344			देवरी टकरावद हरिपुरा मार्ग के किमी 1 से 5/6 कुल लम्बाई 4.60 किमी का डामरीकरण का नवीनीकरण कार्य।	Second	₹ 40.60
					Total	**546.01**

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (**mptenders.gov.in**) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगी। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं प्रस्तुत करने की **अंतिम दिनांक 28.12.2022 सायं 17.30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। **(EMD only RTGS/NEFT)**

कार्यपालन यंत्री
जी-20617/47923/2022 लोक निर्माण विभाग संभाग मंदसौर

2.	1133299	AMIT RAJPUT	M	UNR
3.	1143369	ARVIND SINGH THAKUR	M	UNR
4.	1011114	DHANRAJ PARMAR	M	OBC
5.	1011002	HEERESH KUMAR PATEL	M	OBC
6.	1224984	JAGDISH CHANDRA PARMAR	M	SC
7.	1112847	VIRENDRA MALVIYA	M	SC
8.	1245229	AMRITA BADKUL JAIN	F	UNR
9.	1235132	SHATAKASHI MISHRA	F	UNR
10.	1265597	ADARSH KUMAR PANDEY	M	EWS
11.	1021329	SHAILENDRA TIWARI	M	EWS
12.	1051814	AVDESH SINGH THAKUR	M	EWS
13.	1224981	RAJESH DAMOR	M	ST
14.	1122986	PRIYANKA THAKUR	F	OBC
15.	1092609	PRACHI THAKUR	F	ST
16.	1133185	AASHA KARODE	F	SC
17.	1031542	NIRMA YADAV	F	SC

टीप :-

1. म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ-7-46/99/आ.प्र./एक भोपाल दिनांक 07 नवम्बर, 2000 में दिए निर्देशों के तहत अनारक्षित (ओपन) पदों पर चयन हेतु निर्धारित मापदंड के तहत आरक्षित वर्ग के वे ही आवेदक ऐसे ओपन पदों पर चयनित किए गए हैं जो कि हर प्रकार से सामान्य वर्ग के उम्मीदवार के समान ही बिना किसी रियायत के योग्यता प्राप्त किए हों। किसी प्रकार की रियायत को प्राप्त किए बिना तथा मेरिट में आने पर ही आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों का चयन मेरिट गुणानुक्रम के आधार पर अनारक्षित पदों पर किया गया है।
2. चयन परिणाम प्रकाशित होने के बाद यदि कम्प्यूटर त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि आयोग के संज्ञान में आती है तो आयोग के पास चयन परिणाम सुधारने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
3. न्यायालयीन प्रकरण वाले 03 अभ्यर्थियों के चयन परिणाम रोके जाकर मान. न्यायालय के निर्णय के अध्यधीन रखे गए हैं।
4. कुल विज्ञापित 33 पदों में से 03 पद दिव्यांगजन श्रेणी (अस्थिबाधित-निरंक, दृष्टिबाधित-02 एवं श्रवणबाधित-01) हेतु विज्ञापित है परन्तु दिव्यांगजन श्रेणी के पर्याप्त आवेदक उपलब्ध नहीं होने के कारण कुल 01 पद (दृष्टिबाधित -01 पद) रिक्त रहा है। शासन निर्देश के परिपालन में दिव्यांगजनों के पद रिक्त रहने की स्थिति में अनारक्षित वर्ग के विज्ञापित पदों में से उतने ही पद रिक्त रखे जाने का प्रावधान है। अतः कुल 01 पद दिव्यांगजन के रिक्त पद के विरुद्ध अनारक्षित वर्ग से रिक्त रखे गए हैं।
5. घोषित चयन परिणाम मान. उच्च न्यायालय में लंबित याचिका क्रमांक डब्ल्यू.पी. 5901/2019 एवं अन्य समान याचिकाओं के अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगा।

सचिव
जी-20709/47924/2022 म.प्र. लोक सेवा आयोग, इन्दौर

कोरोना के प्रति आमजन रहें सजग और सतर्क - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि आमजन को एक बार फिर अपने स्वास्थ्य की रक्षा के लिए अधिक सजग रहने की आवश्यकता है। नागरिकों से अपील है कि फेस मास्क का आवश्यकतानुसार उपयोग अवश्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन नागरिकों ने अभी तक बूस्टर डोज नहीं लगवाया है, वे इसे लगवाने की पहल करें।

मुख्यमंत्री ने चीन में कोरोना संक्रमण के सामने आ रहे प्रकरणों के संदर्भ में कहा कि प्रत्येक नागरिक को सावधान रहने की आवश्यकता है। राज्य सरकार ने सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश भी जारी किए हैं। मुख्यमंत्री स्वयं कोरोना पर नजर रखते हुए शासकीय तंत्र और नागरिकों के जागरूक बने रहने के लिये समीक्षा बैठक करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना काल में सरकार ने व्यवस्थाओं के प्रबंधन की हर संभव कोशिश की और स्थितियों पर विजय प्राप्त की। सभी आवश्यक प्रबंध किए गए। दिन-रात परिश्रम कर जनप्रतिनिधि, शासन-प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारियों और आम नागरिकों ने संयुक्त प्रयासों से मुश्किल परिस्थितियों को सामान्य बनाया और संक्रमण को बढ़ने नहीं दिया। मध्यप्रदेश अनेक राज्यों के लिए उदाहरण भी बना। श्री चौहान ने कहा कि कोरोना नियंत्रण और व्यवस्थाओं के संबंध में 550 से अधिक बैठकें भी ली गईं। कोविड के नए वेरियंट को लेकर भी ली गईं। कोविड के नए वेरियंट की आहट को देखते हुए केंद्र सरकार ने भी राज्यों को निर्देश दिए हैं। मध्यप्रदेश सरकार आवश्यक उपायों और व्यवस्थाओं को लेकर सजग है। इन प्रयासों में कोई कमी नहीं रहेगी।

अंतर्राष्ट्रीय वन मेला

तेंदूपत्ता संग्राहकों को बंद की गई सुविधाएं फिर से मिलेंगी - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय वन मेला का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश के वनवासी भाइयों को वनों के उत्पाद से अधिकाधिक लाभ दिलवाने के लिए अनेक निर्णय लिए गए हैं। इस कड़ी में वन मेला भी वनोपज उत्पादकों की आय वृद्धि का प्रमुख माध्यम है। वन्य प्राणी संरक्षण के क्षेत्र में प्रदेश विशेष पहचान बना रहा है। वनों से वनवासियों को आर्थिक समृद्धि दिलाने के उद्देश्य से भी फैसले लिए गए हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल के लाल परेड मैदान में अंतर्राष्ट्रीय वन मेले के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं। मेले में 12 देशों के प्रतिनिधि और वैज्ञानिक भी आए हैं। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय वन मेले की थीम 'लघु वनोपज से आत्मनिर्भरता' है। वन मेले का आयोजन वन विभाग और मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित द्वारा किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश सिर्फ टाइगर और लेपर्ड स्टेट ही नहीं अब चीता स्टेट भी है। अफ्रीका से आये चीतों को मध्यप्रदेश की जलवायु रास आ गई है। प्रदेश के वन, चीतों के कारण पर्यटन की दृष्टि से आकर्षण का केंद्र बनेंगे। ईको टूरिज्म की बात हो या वन औषधियों का महत्व हो, मध्यप्रदेश की अपनी अलग पहचान है। प्रदेश के वनों में वन औषधियों का प्रमुखता से उत्पादन होता है। इनसे अनेक रोग ठीक होते हैं। इस चिकित्सा पद्धति के दुष्प्रभाव भी कम हैं। इनका कोई तोड़ नहीं है। कोरोना काल में वन औषधियों से निर्मित काढ़ा ही काम आया था। मध्यप्रदेश का काढ़ा अन्य प्रदेशों के लोगों के भी काम आया।

श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में वनोपज से स्थानीय वनवासियों को लाभ दिलवाने की पुख्ता व्यवस्था की गई है। न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित होने से तेंदूपत्ता संग्राहकों को हानि नहीं होती। पेसा एक्ट में वनवासी क्षेत्र की पंचायतों को अधिकार दिए गए हैं। तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य पेसा विकासखण्डों में पंचायतों के माध्यम से हो सकेगा। वर्ष 2017 और 2018 में तेंदूपत्ता श्रमिकों को पानी की कुप्पी, साड़ी और चप्पल आदि सामग्री प्रदाय की गई थी। वर्ष 2019 में तत्कालीन सरकार ने तेंदूपत्ता संग्राहकों को ये सुविधाएं देना बंद कर दीं। इसके बाद कोरोना काल में व्यवस्थाएं प्रभावित हुईं। राज्य सरकार इस वर्ष से 40 लाख तेंदूपत्ता संग्राहकों को यह सामग्री फिर से प्रदान करेगी। जनजातीय बंधु और अन्य वनवासी बंधुओं का हित सुनिश्चित किया जाएगा। चिरौंजी का समर्थन मूल्य भी तय किया जाएगा, जिससे वनवासियों को पूरा लाभ मिल सके। श्री चौहान ने वनवासी क्षेत्र के लोगों के हित में निरंतर कल्याणकारी निर्णय लिए जाने की बात भी कही।

श्री चौहान ने कहा कि लघु वनोपज समिति प्रबंधकों की भूमिका महत्वपूर्ण और सराहनीय है। इनका मानदेय वर्ष 2016 में 5 हजार रुपये था, जो 6 हजार रुपये किया गया था। इसे बढ़ाकर 10 हजार रुपये तक लाने का कार्य हुआ। अब इसमें पुनः वृद्धि कर 13 हजार रुपये मासिक किया जाएगा। प्रदेश में समिति प्रबंधकों की संख्या 1071 है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश का महुआ जो 20 या 30 रुपये किलो तक विकता था, अब विदेशों तक पहुंच रहा है। डेढ़ सौ रुपये किलो तक इसके दाम बढ़ गए हैं। इंग्लैंड सहित कई देशों में महुआ से चाय बनाई जा रही है। इसके औषधीय गुण भी हैं। इसी तरह हर्रा, बहेड़ा और आंवला आदि उत्पाद गरीबों की आय बढ़ाने के माध्यम हैं।

वन मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा कि जब से वन मेले का अंतर्राष्ट्रीय स्वरूप सामने आया है, इसका महत्व बढ़ गया है। इस स्वरूप में वन मेले का यह 9वां वर्ष है। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप वनों के उत्पाद के विक्रय से जुड़े लोगों की आय निरंतर बढ़ रही है। बायर-सेलर मीट से वनवासियों को लाभ हुआ है। महुआ संग्रहण का कार्य आधुनिक तकनीक से हो रहा है, जिससे महुआ की गुणवत्ता को बनाए रखने में मदद मिली है।

जीएसटी काउंसिल की 48वीं बैठक

दलहन की खांड, चूरी, छिलका पर दोहरी कर व्यवस्था समाप्त की जाये

भोपाल, वित्त एवं वाणिज्यिक कर मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने जीएसटी काउंसिल से आग्रह किया है कि दलहन की मिलिंग से प्राप्त खांड, चूरी, छिलका आदि के अंतिम उपयोग के आधार पर दोहरी कर-व्यवस्था को समाप्त किया जाये और इन वस्तुओं को कर मुक्त श्रेणी में रखा जाये। वित्त मंत्री श्री देवड़ा ने जीएसटी काउंसिल की 48वीं बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये कई मुद्दों पर अपने विचार रखे।

श्री देवड़ा ने पंजीयन प्रक्रिया को प्रभावी बनाने मध्यप्रदेश के प्रस्ताव पर विचार करने के लिए काउंसिल का धन्यवाद दिया। इससे पंजीयन प्रक्रिया में आवेदक द्वारा प्लेस ऑफ बिजनेस के संबंध में इलेक्ट्रिसिटी बिल या संपत्ति के विवरण के लिये दी गई जानकारी का सत्यापन विभिन्न विभागों के डाटाबेस से एपीआई के माध्यम से प्राप्त किये जाने से, कृटरचित दस्तावेज के आधार पर पंजीयन लिए जाने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगेगा।

श्री देवड़ा ने मध्यप्रदेश को इस संबंध में पायलेट प्रोजेक्ट में शामिल किये जाने पर धन्यवाद दिया। साथ ही अनुरोध किया कि अधिकांश पंजीयन-आवेदन नगरीय क्षेत्र में स्थित होने से प्लेस ऑफ बिजनेस संबंधी सत्यापन के लिये भू-राजस्व विभाग के साथ नगरीय विकास विभाग के संपत्ति संबंधी डेटाबेस का उपयोग किये जाने की भी आवश्यकता है। काउंसिल ने इस अनुरोध पर स्वीकृति दी।

श्री देवड़ा ने काउंसिल का ध्यान आकर्षित किया कि वर्तमान प्रावधान अनुसार अधिनियम की धारा 73 एवं 74 में सूचना-पत्र जारी करने की समय-सीमा अलग-अलग है। डेटा एनालिटिक्स की आधुनिक तकनीक एवं जीएसटी संबंधी विभिन्न पोर्टल के माध्यम से प्राप्त प्रकरणों में राज्य के राजस्व हित को ध्यान में रखते हुए कर-प्रशासन द्वारा बड़ी संख्या में धारा 73 अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है।

लॉ-कमेटी को प्रेषित किये जायें प्रस्ताव

इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए धारा 73 अंतर्गत सूचना पत्र जारी करने की वर्तमान समय-सीमा 3 वर्ष को बढ़ाकर, धारा 74 के अनुरूप ही 5 वर्ष ही किये जाने का अनुरोध किया। जीएसटी काउंसिल ने इस संबंध में अलग से प्रस्ताव लॉ-कमेटी में प्रेषित करने को कहा। चर्चा में बैठक के एजेंडे के अन्य बिंदुओं पर मध्यप्रदेश द्वारा सहमति व्यक्त की गई।

ऊर्जा बचत की प्रेरणा देकर चार हजार करोड़ रुपये की बचत कर सकते हैं

भोपाल, ऊर्जा बचत के लिये लोगों को प्रेरित किया जाये तो प्रदेश में प्रति वर्ष 4 हजार करोड़ रुपये की बिजली के अपव्यय को रोका जा सकता है। यह आह्वान मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री हरदीप सिंह डंग के निवास पर नवकरणीय ऊर्जा योजनाओं के प्रस्तुतिकरण कार्यक्रम में किया।

मुख्यमंत्री ने श्री डंग की विभागीय योजनाओं के प्रस्तुतिकरण और उनसे संबंधित शंका एवं समाधान के लिये हुए कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि मंत्रीगण भी अपने विभागों से संबंधित इस तरह के कार्यक्रम करें। प्रदेश का किसान अन्नदाता बनने के साथ अब ऊर्जा दाता भी बन रहा है। किसानों के लिये कुसुम-'अ','ब','स' योजना आय के साधन बढ़ाएगी। कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आयेगी।

श्री हरदीप सिंह डंग ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में ग्रीन ऊर्जा के क्षेत्र में प्रदेश में बहुत तीव्र गति से काम हो रहा है। प्रदेश में वर्ष 2030 तक 50 प्रतिशत ग्रीन ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य है। देश-विदेश के निवेशक मध्यप्रदेश की ग्रीन ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश करने के

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में नवकरणीय ऊर्जा विभाग की योजनाओं के प्रस्तुतीकरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुये।

इच्छुक हैं। विश्व की सबसे बड़ी 600 मेगावॉट की ऑकारेश्वर फ्लोटिंग योजना पर काम जारी है। इससे भूमि की बचत होने के साथ, पानी भी भाप बन कर नहीं उड़ेगा।

प्रमुख सचिव ऊर्जा, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा श्री संजय दुबे ने विभागीय योजनाओं का प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश जल्दी ही देश का पहला ग्रीन अमोनिया उत्पादक राज्य होगा। प्रदेश में साढ़े 5 हजार मेगावॉट ग्रीन ऊर्जा का उत्पादन हो रहा है। पिछले 11 सालों में सोलर ऊर्जा में 54 और पवन ऊर्जा में 23 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इससे एक करोड़ टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आई है, जो 17 करोड़ पेड़ के बराबर है। मध्यप्रदेश में छोटी-बड़ी अनेक परियोजनाएं आ रही हैं। छतरपुर और मुरैना जिले में सोलर, पवन और बैटरी स्टोरेज जैसे नवाचार किये जायेंगे। इनसे नवकरणीय ऊर्जा के अग्रणी राज्यों में शामिल मध्यप्रदेश जल्दी है शीर्ष स्थान पर पहुंचेगा।

ई-कंटेंट से उपलब्ध बौद्धिक संपदा सम्पूर्ण विश्व के लिए लाभकारी

भोपाल, मध्यप्रदेश नवाचार के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को सफलतापूर्वक लागू करने वाला पहला राज्य है। मध्यप्रदेश के प्राध्यापक ई-कंटेंट निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। विगत दो वर्षों में विभाग के प्राध्यापकों ने उच्च गुणवत्तायुक्त ई-कंटेंट बनाये हैं, जिससे न केवल सुदूर अंचलों में पढ़ रहे विद्यार्थी, बल्कि देश के अन्य क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी भरपूर लाभ मिला है। ई-कंटेंट बौद्धिक संपदा निश्चित रूप से सम्पूर्ण विश्व के लिए लाभकारी सिद्ध होगी। ये बातें उच्च शिक्षा विभाग मंत्री डॉ. मोहन यादव ने उच्च शिक्षा विभाग के ई-कंटेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुये कहीं।

डॉ. यादव ने कहा कि कोरोना काल में शिक्षा ने एक नया रूप लिया। डिजिटल युग की नई शुरुआत हर क्षेत्र में तेजी से हुई। इस काल में आपदा में अवसर ढूंढा गया। ऑनलाइन पढ़ाई की व्यवस्था ने नये आयाम खोले। शैक्षणिक सत्र 2021-22 में स्नातक प्रथम चरण में 800 से अधिक ई-कंटेंट एल.एम.एस. पोर्टल पर उपलब्ध कराए गए, जिसमें लगभग साढ़े 4 लाख से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित हुए हैं। सत्र 2022-23 में स्नातक द्वितीय वर्ष के लिए 700 से अधिक ई-कंटेंट पोर्टल पर उपलब्ध हैं।

विक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अखिलेश पाण्डेय ने कहा कि इस समय हम तीन पीढ़ियों के लोग एक साथ हैं। पहली पीढ़ी जो तकनीक नहीं जानती, दूसरी जो तकनीक सीख रही है और तीसरी पीढ़ी जो तकनीक के इस युग में ही पैदा हुई है। प्रशिक्षण में गुणवत्तापूर्ण ई-कंटेंट तैयार करने एवं डिजिटल लर्निंग को सुगम्य बनाने के लिए देश-विदेश के ख्यातनाम विषय विशेषज्ञ ई-कंटेंट निर्माण के सम्बन्ध में प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।

प्रशिक्षण के प्रथम-सत्र में उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान भोपाल के निदेशक डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल ने 'ई-कंटेंट के विविध प्रकार' विषय पर स्टूडियो में की जाने वाली रिकॉर्डिंग, लैपटॉप से पीपीटी आधारित रिकॉर्डिंग और मोबाइल से की जाने वाली रिकॉर्डिंग के फायदे और चुनौतियों के बारे में बताया गया। डॉ. निशीथ दुबे ने बताया कि कैसे ई-कंटेंट को रोचक बना सकते हैं। विद्यार्थी को इससे बेहतर मोटिवेशन मिलेगा और उसे विषय से जोड़कर रखा जा सकेगा। उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान के श्री अजय कुमार भारद्वाज ने पैडागोजीकल इश्यू के बारे में बताया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

भू-माफिया से मुक्त करवाई गई भूमि पर गरीबों के लिये बनेंगे आवास

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुये।

भोपाल, नव वर्ष में जनवरी माह से विशेष अभियान संचालित कर आवासहीन गरीब लोगों को रहने के लिए जमीन दी जाएगी। भू-माफिया और दबंगों से मुक्त करवाई गई भूमि पर गरीबों को आवास बना कर देने का यह भोपाल के नीलवड़ से प्रारंभ हो रहा है। ग्राम में जिनके पास रहने के लिए भू-खंड नहीं है, उन्हें 4 जनवरी, 2023 से प्रारंभ किये जा रहे अभियान में प्राप्त आवेदनों के आधार पर निःशुल्क आवासीय पट्टा प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना में रिक्त भूमि निर्धन वर्ग को आवंटित की जाएगी। हुजूर क्षेत्र भी इससे लाभान्वित होगा। शहरी क्षेत्र में जो जहां रह रहे हैं और जो पुराने कब्जाधारी हैं, उनको पक्का मकान बना कर देने की योजना भी प्रारंभ की जाएगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नीलवड़ में 215 करोड़ रुपये की लागत के विकास कार्यों का भूमि-पूजन करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नीलवड़ के लिए यह दिन ऐतिहासिक है। वे लोग जो सरकारी जमीनों पर कब्जा करते थे, दादागिरी और गुंडागर्दी करते थे, उनसे मुक्त कराई गई सरकारी जमीन पर अब गरीबों के मकान बनेंगे। इन व्यक्तियों ने एक या दो एकड़ नहीं हजारों एकड़ जमीन दबा रखी थी। दुर्भाग्य यह है कि पूर्व सरकार के लोग उन्हें प्रोत्साहित करते थे।

गुंडों और असामाजिक तत्वों से छुड़वाई 23 हजार एकड़ जमीन

श्री चौहान ने हुजूर विधानसभा के नीलवड़ क्षेत्र में गुंडों और असामाजिक तत्वों से मुक्त कराई गई 40 एकड़ भूमि के लिये भोपाल जिला प्रशासन को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अभी तक गुंडों और भू-माफियाओं से 23 हजार एकड़ शासकीय भूमि मुक्त कराई जा चुकी है। यह अभियान निरंतर चलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन असामाजिक तत्वों ने जमीन दबा रखी है, उसे भी मुक्त करवाएंगे। पुलिस अधिकारियों को निर्देश हैं कि ऐसे असामाजिक तत्वों को नेस्तनाबूद कर दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध कॉलोनियों को वैध करने की कार्रवाई कर बिजली, पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं दी जाएंगी। जनकल्याण के कार्यों के लिए राज्य शासन के खजाने में कभी राशि की कमी नहीं होगी।

श्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान में भोपाल के प्रत्येक गांव और वार्ड में शिविर लगे थे। भोपाल जिले में जो नए हितग्राही सामने आए हैं, उन्हें राशन, रसोई गैस कनेक्शन, आयुष्मान कार्ड जैसी 38 योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा। शीघ्र ही इन्हें योजनाओं का लाभ मिलना शुरू हो जायेगा। मध्यप्रदेश की सरकार गरीबों का कल्याण करने वाली सरकार है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन से हुजूर क्षेत्र के 76 ग्रामों में पेयजल योजना का लाभ मिलेगा। बेटियां और बहनें दिन भर हैंडपंप पर पानी भरने जाती थीं, उनके लिए यह सौगात है। अब पाइप लाइन बिछा कर पानी घरों तक पहुंचाया जाएगा। प्रदेश में बेटियों के सम्मान पर आंच पहुंचाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब और मध्यम वर्ग विधार्थियों के लिए उच्च शिक्षा की फीस की व्यवस्था की जा रही है। हिंदी को बढ़ावा देने के लिए अनेक पाठ्यक्रम हिंदी में संचालित करने की पहल हुई है।

श्री चौहान ने कहा कि हुजूर क्षेत्र के जनजाति बहुल ग्रामों में विकास के कार्य तेजी से होंगे और टंट्या मामा की प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में जनकल्याण की क्रांति में आमजन से सहभागी बनने का आव्हान भी किया। उन्होंने हुजूर विधायक श्री रामेश्वर शर्मा द्वारा क्षेत्र विकास के लिये निभाई जा रही सक्रिय भूमिका की प्रशंसा की।

महिला स्व-सहायता समूहों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिये प्रतिबद्ध सरकार

हरदा, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश में नारी सशक्तिकरण के समग्र प्रयास किये जा रहे हैं। यह बात किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने हरदा कृषि उपज मंडी प्रांगण में 12 महिला स्व-सहायता समूहों को ट्रेक्टर की चाबी सौंपते हुए कही।

श्री पटेल ने कहा कि सरकार महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण कर रही है। सरकार द्वारा महिलाओं को नगरीय एवं स्थानीय निकायों में आरक्षण प्रदान किया गया है। शिक्षकों, पुलिस विभाग की भर्ती और अन्य शासकीय नौकरियों में भी आरक्षण की पर्याप्त व्यवस्था सरकार ने की है। सरकार स्व-सहायता समूहों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिये निरंतर सहायता मुहैया करा रही है। हरदा में 20 महिला स्व-सहायता समूह को ट्रेक्टर उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। आज 12 समूहों को ट्रेक्टर की चाबी सौंपी गई है, शेष को शीघ्र ही उपलब्ध कराएंगे।

श्री पटेल ने बताया कि ग्रामीण आजीविका मिशन में से सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास कर रही है। महिला एसएचजी को कृषि कार्य के लिये ट्रेक्टर उपलब्ध कराये गये हैं। रोटा-वेटर, कल्टीवेटर, सीड-ड्रिल जैसे कृषि यंत्र भी उपलब्ध कराएंगे। महिलाओं को ट्रेक्टर, कृषि यंत्रों को चलाने और रिपेयर करने का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

मध्यप्रदेश पैक्स को कम्प्यूटरीकृत करने वाला देश का पहला राज्य

सहकारिता विभाग ने लोक सेवा गारंटी में 8 नई सेवाओं को जोड़ा

भोपाल, विभागीय परामर्शदात्री समिति में सदस्यों द्वारा दिये गये सुझावों पर अमल सुनिश्चित किया जाये। सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया ने विधानसभा में सहकारिता विभाग की परामर्शदात्री समिति की बैठक में इस आशय के निर्देश दिये।

प्रमुख सचिव सहकारिता श्री के.सी. गुप्ता ने बताया कि मध्यप्रदेश पैक्स (प्राथमिक कृषि सहकारी साख समिति) को कम्प्यूटरीकृत करने वाला देश का पहला राज्य है। पैक्स के माध्यम से 16 हजार 452 उचित मूल्य दुकानों का संचालन किया जा रहा है। दुकानों से 119 लाख परिवारों के लगभग 5 करोड़ हितग्राहियों को समय पर राशन वितरण हो रहा है। विभाग द्वारा लोक सेवा गारंटी अधिनियम में 8 नई सेवाओं को शामिल किया गया है। आईसीएमआईएस पोर्टल पर सहकारी समितियों के ऑनलाइन पंजीयन की व्यवस्था शुरू की गई है। विभाग द्वारा शून्य प्रतिशत ब्याज योजना में वर्ष 2021-22 में खरीफ सीजन के लगभग 18 लाख कृषक और रबी सीजन के 14 लाख कृषक को 16 हजार 860 करोड़ रुपये के फसल ऋण से लाभान्वित किया गया है। वर्ष 2022-23 में साथ ही खरीफ सीजन के 19 लाख कृषक और रबी सीजन में अब तक 7 लाख कृषक लाभान्वित हुए हैं। अब तक 14 हजार 699 करोड़ रुपये का फसल ऋण वितरण किया गया है। पीएम किसान योजना के सहकारी बैंकों के पात्र हितग्राहियों को 39 लाख 57 किसान क्रेडिट कार्ड जारी किये गये हैं।

संस्कृति विभाग के राष्ट्रीय एवं राज्य सम्मानों की घोषणा

भोपाल, संस्कृति विभाग के वर्ष 2021 के राज्य शिखर सम्मानों की घोषणा कर दी गई है। इसमें राष्ट्रीय एवं राज्य शिखर सम्मान दिये जायेंगे। संचालक संस्कृति श्री अदिति कुमार त्रिपाठी ने बताया कि संस्कृति विभाग द्वारा प्रति वर्ष कला, संस्कृति, साहित्य, संगीत की विभिन्न विधाओं में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर सम्मान प्रदान किया जाता है।

राज्य शिखर सम्मान

हिन्दी साहित्य के लिए इंदौर के डॉ. अश्विनी कुमार दुबे को, उर्दू साहित्य के लिए इंदौर के डॉ. नरेन्द्र वीरमणि को, संस्कृत साहित्य के लिए उज्जैन के श्री भगवतीलाल राजपुरोहित को, शास्त्रीय संगीत के लिए उज्जैन के पंडित श्रीधर व्यास को, शास्त्रीय नृत्य के लिए भोपाल की डॉ. विजया शर्मा को, रूपंकर कलाएं के लिए भोपाल के श्री अनिल कुमार को, नाटक के लिए भोपाल के श्री प्रशांत खिरवड़कर को, दुर्लभ वाद्य वादन के लिए भोपाल के श्री मुन्ने खाँ को और जनजातीय एवं लोक कलाओं के लिए डिंडोरी की श्रीमती सावनी वाई को राज्य सरकार सम्मान दिया जायेगा। इन सभी कलाकार एवं साहित्यकारों को सम्मानस्वरूप एक-एक लाख रुपये की सम्मान राशि, सम्मान पट्टिका एवं शॉल-श्रीफल प्रदान किया जाता है।

राष्ट्रीय सम्मान

राष्ट्रीय कबीर सम्मान हटा के डॉ. श्याम सुंदर दुबे को (3 लाख रुपये), राष्ट्रीय मैथिलीशरण गुप्त सम्मान गोरखपुर के श्री सदानन्द गुप्त को (2 लाख रुपये), राष्ट्रीय इकबाल सम्मान हैदराबाद के डॉ. सैयद तक़ी आब्दी को (2 लाख रुपये), राष्ट्रीय शरद जोशी सम्मान खंडवा के डॉ. श्रीराम परिहार को (2 लाख रुपये), राष्ट्रीय नानाजी देशमुख सम्मान डिंडोरी के जनजाति कल्याण केंद्र महाकोशल को (2 लाख रुपये), राष्ट्रीय कुमार गंधर्व सम्मान हैदराबाद की सुश्री रुक्मिणी विजय कुमार को (1.25 लाख रुपये), राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी सम्मान भोपाल के श्री रविशंकर श्रीवास्तव को (1 लाख रुपये), राष्ट्रीय निर्मल वर्मा सम्मान लंदन की सुश्री शिखा वार्ष्णेय को (1 लाख रुपये), राष्ट्रीय फादर कामिल बुल्के सम्मान डेनमार्क के डॉ. हाइंस वेनर वेसलर को (1 लाख रुपये), राष्ट्रीय गुणाकर मुले सम्मान कोल्हापुर के श्री जयंत विष्णु नालीकर को (1 लाख रुपये) और राष्ट्रीय हिन्दी सेवा सम्मान भोपाल के श्री अजीत वड़नेरकर को (1 लाख रुपये) दिया जाएगा।

मंत्रिपरिषद के निर्णय

मध्यप्रदेश के 31 हजार 425 आंगनवाड़ी भवनों में विद्युत संयोजन किये जाने की स्वीकृति

- मंत्रिपरिषद द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी सोसाइटी (संशोधन) विधेयक, 2022 का अनुसमर्थन किया गया और विधेयक को विधानसभा में प्रस्तुत करने के लिये सहकारिता विभाग को अधिकृत किया।
- मंत्रिपरिषद द्वारा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के सुचारु संचालन के लिये केंद्रीय सोसायटी में प्रशासक की सहायता के लिये 5 व्यक्तियों की समिति गठित किये जाने के प्रावधान का अनुसमर्थन किया गया।
- मंत्रिपरिषद द्वारा मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2022 का अनुमोदन और विधेयक को विधानसभा में पुरःस्थापित कर पारित कराने के लिये लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को अधिकृत करने का अनुसमर्थन किया।
- मंत्रिपरिषद ने ग्वालियर के ग्राम डबरा में राजस्व विभाग की सर्वे क्रमांक 999 वार्ड नंबर-23, स्थित भूमि परिसम्पत्ति के निर्वर्तन के लिये H-1 निविदाकार की उच्चतम निविदा राशि एक करोड़ 54 लाख 87 हजार रुपये की संस्तुति करते हुए एवं H-1 निविदाकार द्वारा निविदा राशि का 100 प्रतिशत जमा करने के बाद अनुबंध/रजिस्ट्री की कार्यवाही जिला कलेक्टर द्वारा किये जाने का निर्णय लिया।
- मंत्रिपरिषद ने देवास में सहकारिता विभाग की वार्ड नंबर-25, मध्यप्रदेश तिलहन संघ का हाउस नं. एच.आई.जी.-34 स्थित भूमि एवं भवन परिसम्पत्ति जिसका नजूल भूमि सर्वे नंबर 440/1 कुल रकबा 10,190 वर्गमीटर में से 226.97 वर्गमीटर है, के निर्वर्तन के लिये H-1 निविदाकार की उच्चतम निविदा राशि एक करोड़ 36 लाख रुपये की संस्तुति करते हुए एवं H-1 निविदाकार द्वारा निविदा बोली मूल्य का 100 प्रतिशत जमा करने के बाद मध्यप्रदेश राज्य तिलहन उत्पादक सहकारी संघ के परिसमापक संयुक्त आयुक्त, सहकारिता द्वारा वर्तमान लीज अवधि 31 मई, 2046 तक परिसम्पत्ति के विक्रय पंजीकृत अनुबंध का संपादन तथा मध्यप्रदेश राज्य तिलहन उत्पादक सहकारी संघ द्वारा H-1 निविदाकार के पक्ष में लीज अन्तरण एवं उसके अनुक्रम में देवास विकास प्राधिकरण द्वारा अभिलेखों में अद्यतन कराए जाने का निर्णय लिया।
- मंत्रिपरिषद ने ग्वालियर में खाद्य नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण विभाग की T4, T5 वेयरहाउस, पड़ाव चौराहा स्थित भूमि एवं भवन परिसम्पत्ति जिसका खसरा क्रमांक-304 कुल रकबा 2011.94 वर्गमीटर है, के निर्वर्तन के लिये H-1 निविदाकार की उच्चतम निविदा राशि 12 करोड़ 34 लाख 50 हजार रुपये की संस्तुति करते हुए उसे विक्रय करने और H-1 निविदाकार द्वारा निविदा राशि का 100 प्रतिशत जमा करने के उपरांत अनुबंध/रजिस्ट्री की कार्यवाही जिला कलेक्टर द्वारा किये जाने का निर्णय लिया।
- मंत्रिपरिषद द्वारा तहसीलदार/अधीक्षक, भू-अभिलेख से डिप्टी कलेक्टर पद पर पदोन्नति के लिये आवश्यकतानुसार सांख्येत्तर पद सृजित किये जाने का निर्णय लिया गया।

भोपाल, **मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में भोपाल स्थित मंत्रालय में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में वित्तीय वर्ष 2022-23 से वित्तीय वर्ष 2024-25 तक प्रदेश के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में विभागीय निर्मित, निर्माणाधीन एवं भविष्य में निर्मित होने वाले 31 हजार 425 भवनों में विद्युत व्यवस्था के लिये विद्युत संयोजन किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। यह कार्य शत-प्रतिशत राज्य मद से किया जायेगा। वर्तमान वित्तीय वर्ष से वित्तीय वर्ष 2024-25 तक तीन चरणों में विद्युत संयोजन का कार्य होगा। पहले वर्ष में 14 हजार 214, दूसरे वर्ष में 10 हजार 907 और तीसरे वर्ष में 6 हजार 304 आंगनवाड़ी भवन में विद्युत संयोजन किया जायेगा। इसके क्रियान्वयन के लिये वर्ष 2022-23 से लेकर वर्ष 2024-25 तक 79 करोड़ 7 लाख रुपये के वजट की स्वीकृति प्रदान की गई है। मंत्रिपरिषद द्वारा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल के अंतर्गत निर्माणाधीन 2 हजार विस्तरीय अस्पताल के लिए पुनरीक्षित स्वीकृति राशि 479 करोड़ 27 लाख रुपये के स्थान पर 507 करोड़ 12 लाख रुपये की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति भी दी गई। मंत्रिपरिषद द्वारा लिये गये अन्य निर्णय इस प्रकार हैं-**

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

राज्य युवा नीति

मध्यप्रदेश की युवा नीति से सशक्त होंगे प्रदेश के युवा - खेल मंत्री

भोपाल, मध्यप्रदेश के युवाओं को सशक्त करने और उनकी क्षमताओं को अनलॉक करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश में राज्य युवा नीति तैयार की जा रही है। इस संबंध में खेल और युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया की अध्यक्षता में राज्य युवा नीति के लिए गठित मंत्री समूह की बैठक हुई। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव और स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री श्री इन्दर सिंह परमार उपस्थित थे।

खेल मंत्री श्रीमती सिंधिया ने कहा कि राज्य युवा नीति का मुख्य उद्देश्य एक ऐसी सशक्त और सक्षम पीढ़ी तैयार करना है, जो ना सिर्फ भावी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हो बल्कि उनमें सामाजिक मूल्यों की भावना भी जाग्रत हो। उन्होंने कहा कि युवाओं के सुझावों से ही युवा नीति तैयार करने का निर्णय लिया गया है। इस निर्णय से युवा उत्साहित और आत्म-विश्वास से परिपूर्ण होंगे और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझेंगे। श्रीमती सिंधिया ने कहा कि खेल नीति के कंपोनेंट्स को भी युवा नीति में शामिल करें।

चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि युवा नीति के संबंध में हर कार्य क्षेत्र के युवाओं से सुझाव लिए जाएं। उन्होंने कहा कि युवा नीति के निर्धारित कार्य क्षेत्र में शिक्षा, रोज़गार के अलावा कला साहित्य, संस्कृति, विरासत, पर्यावरण सुरक्षा और खेल जैसे विषयों का समावेश है।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य युवा नीति का उद्देश्य युवाओं के कौशल को विकसित कर एक सफल कार्यबल को तैयार करना है, जो राज्य की अर्थव्यवस्था को विकसित करने की दिशा में स्थायी योगदान देंगे। नई युवा नीति तैयार करने के लिए युवाओं के बीच अलग-अलग स्तर और विषयों पर संवाद स्थापित किए जाएं।

स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने कहा कि 11वीं और 12वीं कक्षा के स्कूली बच्चों के बीच युवा नीति का संवाद हो। प्रमुख सचिव खेल श्रीमती दीप्ती गौड़ मुखर्जी ने मंत्री समूह को मध्यप्रदेश युवा नीति निर्धारण के लिए युवा नीति के विजन और उद्देश्य की जानकारी दी।

एनएसपी पर ऑनलाइन आवेदन की तिथि 31 दिसम्बर तक बढ़ी

भोपाल, बीडी, चूना पत्थर, डोलोमाइट, लौह, मैग्नीज, क्रोम अयस्क खदान श्रमिकों के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत बच्चे नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल (एनएसपी) पर ऑनलाइन आवेदन कर छात्रवृत्ति प्राप्त कर सकते हैं। केंद्रीय उप कल्याण आयुक्त, श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय, श्रम कल्याण संगठन ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि को 31 दिसम्बर तक बढ़ा दिया गया है।

बताया गया है कि सरकार ने बीडी, चूना-पत्थर, डोलोमाइट, लौह, मैग्नीज, क्रोम अयस्क खदान श्रमिकों के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत पुत्र-पुत्रियों को वित्तीय सहायता योजना में कक्षा 1 से उच्च शिक्षा ग्रहण करने पर छात्रवृत्ति और गणवेश के लिये एक हजार से अधिकतम 25 हजार रुपये तक की राशि स्वीकृत की है। योजना का लाभ लेने के लिये पात्र छात्र-छात्रा एनएसपी पोर्टल (https://scholarships.gov.in) पर निर्धारित तिथि तक आवेदन कर सकते हैं।

शासकीय परियोजनाओं को पूरा करने के लिए अधिकारी दिन-रात काम करें

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मध्यप्रदेश में संचालित बड़ी शासकीय परियोजनाओं की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश में संचालित बड़ी शासकीय परियोजनाओं का कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरा करें। कार्यों की गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं किया जाए। कलेक्टर्स और संबंधित विभाग के अधिकारी परियोजनाओं की सतत मॉनीटरिंग और निरीक्षण करें। ये निर्देश मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्यप्रदेश में संचालित बड़ी शासकीय परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में दिए।

मुख्यमंत्री ने नर्मदा घाटी विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और नगरीय विकास एवं आवास विभाग की निर्माणाधीन विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने नर्मदा घाटी विकास विभाग की भीकनगांव बिजलवाड़ा माइक्रो उद्‌वहन सिंचाई परियोजना का कार्य मई 2023 तक पूरा करने के निर्देश दिये। श्री चौहान ने कहा कि कार्य गुणवत्तापूर्ण हो इसके लिए समय-समय पर निरीक्षण भी आवश्यक रूप से किया जाये। उन्होंने कहा कि मई के अंतिम सप्ताह में परियोजना का शुभारंभ कर दिया जाए। मुख्यमंत्री ने छीपानेर माइक्रो उद्‌वहन सिंचाई परियोजना की समीक्षा करते हुए कहा कि परियोजना को दिन-रात काम करते हुए मई के प्रथम सप्ताह में पूरा करें। कार्यों की गुणवत्ता और पाइप लाइन उच्च गुणवत्ता की हो।

श्री चौहान ने नर्मदा-क्षिप्रा बहुउद्देशीय परियोजना की समीक्षा करते हुए कहा कि परियोजना का कार्य मई 2023 तक पूरा कर लिया जाए। उन्होंने आईएसपी पार्वती लिंक माइक्रो उद्‌वहन सिंचाई परियोजना चरण-1 एवं 2 की समीक्षा भी की। बताया गया कि परियोजना का कार्य तेजी से चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी तरह डही परियोजना का कार्य भी तेजी से पूरा करें। उन्होंने नागलवाड़ी परियोजना की समीक्षा करते हुए कहा कि इसे मई 2023 तक पूरा करें। उन्होंने कहा कि तय की गई समय-सीमा का पालन सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की वल्लौर मल्टी विलेज वाटर सप्लाई स्कीम का कार्य प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों को पीने का पानी देना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। इसका कार्य 31 मार्च 2023 तक पूरा कर लिया जाए, जिससे गर्मियों में लोगों को पानी की समस्या उत्पन्न न हो। श्री चौहान ने सतना बाणसागर मल्टी विलेज वाटर सप्लाई स्कीम की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से गर्मियों में पानी देना सुनिश्चित करने के लिये मार्च तक कार्य पूरा करने की कोशिश करें।

श्री चौहान ने नगरीय विकास एवं आवास विभाग की बुरहानपुर जल प्रदाय योजना की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इस परियोजना का कार्य शीघ्रता से करें। लोगों को सड़क खराब होने से परेशानी न हो। जल प्रदाय योजना नगर परिषद भेड़ाघाट, कटंगी, पाटन, मझौली पनागर, सिहोरा और तेंदूखेड़ा का कार्य जनवरी तक पूरा कर लिया जाए।

पुरातन संस्कृति और विरासत समेटे 'बालरंग' में दिख रहा है 'लघु भारत'

स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री श्री इन्दर सिंह परमार भोपाल में राष्ट्रीय बालरंग कार्यक्रम में सम्मिलित हुये।

भोपाल, विविधता में एकता भारत की विशेषता है। भारत की संस्कृति और विरासत का वृहद रूप 'बालरंग' में यहां दिख रहा है। विविधतापूर्ण रहन-सहन, भाषाएं, वेशभूषा देश की पहचान है और अनेकता में एकता से ही भारत सशक्त और समृद्ध हो रहा है। भारत के लोग ज्ञान, विज्ञान, शिक्षा आदि सभी क्षेत्रों में सदियों से समृद्ध रहे हैं। विश्व के मंच पर विश्व-कल्याण एवं शांति की स्थापना का सामर्थ्य केवल विश्वगुरु की पहचान रहे भारत में है। सम्पूर्ण भारत 'आजादी का अमृत महोत्सव' मना रहा है और आजादी के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले सभी शहीदों को स्मरण कर रहा है। आजादी के 100 वर्ष बाद वर्ष 2047 के सर्व-संपन्न, शक्तिशाली, आत्मनिर्भर और विश्व का भरण-पोषण करने योग्य भावी भारत के निर्माण की जिम्मेदारी हम सभी की है। ये बातें स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने भोपाल स्थित राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में बच्चों के सांस्कृतिक महोत्सव 'राष्ट्रीय बालरंग' के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं।

श्री इन्दर सिंह परमार ने कहा कि मध्यप्रदेश के विद्यार्थी भारत के विभिन्न राज्यों की भाषाओं में संवाद कर सकें, इसके लिए तमिल, गुजराती, मराठी आदि क्षेत्रीय भाषाओं को सिखाने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग कार्य कर रहा है। देश के हृदय प्रदेश में 'भारत' का सम्पूर्ण स्वरूप दिख रहा है। हम सभी 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना को साकार करने और देश को विश्व में सिरमौर बनाने के भाव को लेकर आगे बढ़ें। उन्होंने विभिन्न राज्यों से आए सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने 'राष्ट्रीय बालरंग' में प्रतिभागियों के लिए प्रोत्साहनस्वरूप दी जाने वाली पुरस्कार राशि बढ़ा कर प्रथम पुरस्कार 51 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार 31 हजार रुपये, तृतीय पुरस्कार 21 हजार रुपये एवं सांत्वना पुरस्कार राशि 11 हजार रुपये किए जाने की घोषणा की।

श्री परमार ने बाल पत्रकारों की संपादित समाचार पत्रिका 'बालपत्र' का विमोचन किया। बाल पत्रकारों ने राज्यमंत्री श्री परमार का साक्षात्कार किया और बालरंग में भारतीय संस्कृति के संबंध में प्रश्न पूछे और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान लिया।

आयुक्त लोक शिक्षण श्री अभय वर्मा ने कहा कि 'बालरंग कार्यक्रम' स्कूली बच्चों के सृजनात्मक कौशल एवं अभिव्यक्ति को निखारने के लिए अवसर है, जहां बच्चे अपनी स्वाभाविक प्रतिभा को प्रतिस्पर्धात्मक रूप से प्रकट करते हैं। यह कार्यक्रम पिछले 24 वर्ष से लगातार किया जा रहा है। कोरोना संक्रमण काल में यह कार्यक्रम नहीं आयोजित किया जा सका, किंतु अब पुनः 'बालरंग' कार्यक्रम की निरंतरता सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश के 'बालरंग' कार्यक्रम की लोकप्रियता पूरे देश में बढ़ रही है और अब यह कार्यक्रम वृहद राष्ट्रीय स्वरूप ले रहा है। इस बार भी विभिन्न राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश के प्रतिभागी 'बालरंग' कार्यक्रम में प्रतिभागिता कर रहे हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश में
खरगोन, बालाघाट, नरसिंहपुर,
छिन्दवाड़ा, बीना, धार
एवं अशोकनगर जिलों में
एजेंसी नियुक्त करना है।

एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालीन समय में संपर्क करें

0755-2760006,
9424442725, 9424444174

प्रमुख आकर्षण

- कैरियर की खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- राज-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

चर्चा

विवेक गुरव

सड़कों की सफाई के लिए प्लॉगिंग मिशन का नेतृत्व किया

दक्षिण-पश्चिम इंग्लैंड में ब्रिस्टल विश्वविद्यालय के भारतीय छात्र और पूरस्कार विजेता पर्यावरणविद् विवेक गुरव ने ब्रिटेन में सड़कों की सफाई के लिए प्लॉगिंग मिशन का नेतृत्व किया। भारत में उन्होंने 2018 में 'पुणे प्लॉगर्स' के रूप में जाना जाने वाला प्लॉगिंग समुदाय बनाया, जिसमें दस हजार से अधिक सदस्य हैं। विवेक ने 180 देशों के स्वयंसेवकों की मदद से 120 प्लॉगिंग 'मिशन' पर 420 मील की दूरी तय की और यह अभियान ब्रिटेन के 30 शहरों में सड़क साफ करने में सफलता प्राप्त कर चुका है।

जायस डेफाऊ

90 वर्षीय महिला ने हासिल की स्नातक की डिग्री

अमेरिका की जायस डेफाऊ ने 1951 में नॉर्दर्न इलिनोइस यूनिवर्सिटी में दाखिला लिया था। वह इकोनॉमिक्स में स्नातक करना चाहती थीं। लेकिन बीच में ही निजी कारणों से पढ़ाई छोड़ दी। उन्हें पढ़ाई पूरी न करने का पछतावा होता रहा। वर्षों बाद 2019 में उन्होंने यूनिवर्सिटी लौटने का फैसला किया। ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से उन्होंने पढ़ाई पूरी की और स्नातक की डिग्री हासिल की। डेफाऊ ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि उनकी उपलब्धि दूसरों को शिक्षा पूरी करने के लिए प्रेरित करेगी।

गीना राइनहार्ट

उद्योगपति ने कर्मियों को 82-82 लाख बोनस दिया

ऑस्ट्रेलिया की अरबपति विजनेस वुमन गीना राइनहार्ट ने अपने 10 कर्मचारियों को क्रिसमस के मौके पर 82-82 लाख रुपये का बोनस देने की घोषणा की है। माइनिंग और एग्रीकल्चरल कंपनी हैकॉक प्रोस्पेक्टिंग की एग्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट राइनहार्ट के पास 2.75 लाख करोड़ (34 बिलियन डॉलर) रुपये की संपत्ति है।

अगस्त्य जायसवाल

सोलह वर्ष में पीजी की डिग्री हासिल की

तेलंगाना के हैदराबाद में रहने वाले अगस्त्य जायसवाल ने केवल 16 साल की उम्र में पोस्ट ग्रेजुएट की डिग्री हासिल कर ली है। वह भारत में सबसे कम उम्र में इस डिग्री को हासिल करने वाले विद्यार्थी बन गए हैं। इससे पहले उनके नाम सबसे कम उम्र में ग्रेजुएशन डिग्री हासिल करने का रिकॉर्ड भी दर्ज है। उन्होंने 14 साल की उम्र में यह डिग्री हासिल की थी। अगस्त्य 9 साल की उम्र में 10वीं कक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं।

एर्चाना मुरे

107 दिन लगातार मैराथन में दौड़कर बनाया रिकॉर्ड

ऑस्ट्रेलिया की 32 साल की एर्चाना मुरे ने 107 दिनों में लगातार 107 मैराथन में हिस्सा लेकर रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने इस दौरान न केवल भाग लिया, बल्कि रेस को भी पूरा किया। उन्होंने रोजाना 42 मील दौड़कर अपना नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराया है। उन्होंने अगस्त में क्वींसलैंड में मैराथन दौड़ने की शुरुआत की थी। उन्होंने अपनी उपलब्धि पर बताया कि वह 150 मैराथन में दौड़ना चाहती हैं।

लंदन

म्यूजियम ऑफ द मून में चांद की प्रतिकृति

लंदन के ग्रीनविच के ओल्ड रॉयल नेवल कॉलेज में ब्रिटेन के आर्टिस्ट ल्यूक जेरम की प्रतिकृति प्रदर्शित की गई है। लगभग 23 फीट के गोलाकार चांद को नासा से मिली चांद की तस्वीरों से मिलकर हुबहू बनाया गया है। हालांकि यह वास्तविक चांद से 5 लाख गुना छोटा है। लेकिन यह वास्तविक चंद्रमा की तरह घटता बढ़ता रहता है। भारत में भी इसे प्रदर्शित किया जा चुका है।

हेल्मट स्ट्रेब्ल

सबसे ज्यादा गठीले इंसान बने

ऑस्ट्रियाई बॉडी बिल्डर और फिटनेस मॉडल हेल्मट स्ट्रेब्ल को सबसे ज्यादा गठीला इंसान होने का खिताब मिला है। उन्होंने अपनी गठीली मांसपेशियों का प्रदर्शन कर रिकॉर्ड बनाया है। उनकी बॉडी को देखकर कोई भी उनसे तुलना नहीं कर सकता है। स्ट्रेब्ल दुनियाभर के बॉडी बिल्डर्स के लिए रोल मॉडल हैं। वह अपनी मांसपेशियों को इस तरह से घुमा सकते हैं, जिससे आपको अलग-अलग रेशे दिख जाएंगे।

दानी हिसवानी

2.90 मीटर ऊंची हेयर स्टाइल का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया

सीरिया के हेयर स्टाइलिस्ट दानी हिसवानी ने 2.90 मीटर की हेयर स्टाइल कर विश्व रिकॉर्ड बनाया है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के मुताबिक क्रिसमस ट्री जैसी स्टाइल के लिए फिग्स और हेयर एक्सटेंशन का इस्तेमाल किया गया। इसे सजाने में गेंदों का इस्तेमाल हुआ है। मॉडल के सिर पर हेलमेट और एक सपोर्ट स्टैंड लगाया गया।

इटली

रोशन हुआ दुनिया का सबसे बड़ा क्रिसमस ट्री

इटली के उम्ब्रियन क्षेत्र में स्थित गुब्बियो में अधिकारिक तौर पर दुनिया के सबसे बड़े क्रिसमस ट्री को रोशन कर दिया गया है। यह वास्तव में पेड़ न होकर इंगिले पहाड़ की ढलान पर लाइटिंग से बना वृक्ष है, जो 750 मीटर ऊंचा और आधार पर 450 मीटर चौड़ा है। क्रिसमस ट्री को रोशन करने के लिए इसमें 7.5 किलोमीटर लंबे बिजली के तार और सैकड़ों लाइट्स का इस्तेमाल किया गया है। 250 हरे रंग की लाइट्स ट्री की आउट लाइन पर लगाई गई हैं।

कैरेन रुथ बास

लॉस एंजिलिस को मिली पहली महिला मेयर

डेमोक्रेटिक पार्टी की नेता कैरेन रुथ बास ने लॉस एंजिलिस की मेयर के रूप में शपथ ली है। इसी के साथ वह शहर के शीर्ष पद पर आसीन होने वाली पहली महिला एवं दूसरी अश्वेत व्यक्ति बन गई हैं। उन्हें उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने शपथ दिलाई। गौरतलब है कि कैरेन ने शहर को सभी समस्याओं से मुक्त करने पर कायम रहकर अपना वादा पूरा करना शुरू कर दिया है।



न्यूयॉर्क में

दुनिया की सबसे पुरानी जींस 94 लाख रुपये में बिकी

1857 के तूफान में डूबे एक जहाज के ट्रंक में मिली दुनिया की सबसे पुरानी जींस अमेरिका में एक नीलामी में 1.14 लाख डॉलर (करीब 94.20 लाख रुपये) में बिकी है। 5 बटन वाली सफेद रंग की जींस की तस्वीरें ऑनलाइन शेयर की गई। ऐसी अटकलें लगाई जाती हैं कि इस जींस का संबंध जर्मन-अमेरिकी कारोबारी लेवी स्ट्रॉस से है।

डेविड रश

16.78 सेकंड में हैंगर में टी-शर्ट लटकाकर बनाया रिकॉर्ड

अमेरिका के डेविड रश ने अनोखा रिकॉर्ड कायम किया है। उन्होंने सबसे कम समय में हैंगर में 5 टी-शर्ट्स लटकाकर एक वर्ल्ड रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया है। ऐसा करने के लिए उन्होंने मात्र 16 सेकंड और 78 सेकंड का समय लिया। रिकॉर्ड ब्रेकर के नाम से जाने वाले इदाहो के डेविड कई कारनामे कर चुके हैं।

ईरान के

आफशीन दुनिया के सबसे नाटे इंसान

गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने ईरान के 20 साल के आफशीन इस्माइल गेदरजेदा को दुनिया का सबसे नाटा व्यक्ति माना है। आफशीन का कद मात्र 2 फीट 1.68 इंच यानी 65.24 सेंटीमीटर है। आफशीन कुर्द और फारसी बोलते हैं। जन्म के समय उनका वजन केवल 700 ग्राम था। अभी यह 6.5 किलोग्राम है। पहले यह रिकॉर्ड कोलंबिया के 30 वर्षीय एडवर्ड 'निनो' हर्नांडेज के नाम था।

युगांडा में

दो साल के मासूम को दरियाई घोड़ा ने निगलकर उगला

युगांडा में दरियाई घोड़े ने 2 साल के बच्चे को निगल लिया। 5 मिनट तक बच्चे को मुंह में रखने के बाद दरियाई घोड़े ने उसे उगल दिया। इगा पॉल नाम का बच्चा झील के किनारे खेल रहा था, तभी एक दरियाई घोड़े ने पानी से निकलकर उसे दबोच लिया। लोगों ने उस पर पत्थर बरसाने शुरू किए तो उसने इगा को उगल दिया।



स्लोएंस वाइपर फिश

समुद्र की गहराई में मिली डरावनी मछली

ऑस्ट्रेलिया के समुद्री वैज्ञानिकों ने कोकोस द्वीपों के पास एक डरावनी मछली को खोजा है। सिडनी के ऑस्ट्रेलियाई संग्रहालय में मछली विशेषज्ञ थीं काई टी ने इसकी पहचान स्लोएंस वाइपर फिश बताई है। उनके मुताबिक यह कोकस द्वीपों के पास सुदूर हिंद महासागर में लगभग 500 और 1000 मीटर की गहराई के बीच मिली है। वाइपर फिश के नुकीले दांत इतने बड़े होते हैं कि उसके मुंह में फिट नहीं हो पाते हैं।



साल्वेटर मुंडी

रहस्यमई पेंटिंग के लिए नया म्यूजियम हो रहा तैयार

दुनिया की सबसे महंगी पेंटिंग 'साल्वेटर मुंडी' खरीदने वाले सऊदी प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान इसके लिए अलग से म्यूजियम तैयार करवा रहे हैं। 2017 में प्रतिष्ठा का सवाल बन चुकी एक नीलामी में प्रिंस ने लगभग 3,716 करोड़ रुपये की बोली लगाकर यह पेंटिंग खरीदी थी। यह पेंटिंग अरसे से दुनिया से गायब थी। माना जा रहा है कि प्रिंस ने इसे अपनी 3,300 करोड़ रुपये के याट में रखा था।

लॉरेंज टेलर

वाशिंगटन पोस्ट की पत्रकार के ट्विटर अकाउंट पर प्रतिबंध

वाशिंगटन पोस्ट की पत्रकार टेलर लॉरेंज उन पत्रकारों में शामिल हो गई हैं, जिनके ट्विटर अकाउंट पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इससे पहले कई पत्रकारों के अकाउंट को ट्विटर के सीईओ एलन मस्क ने निलंबित कर दिया था। लॉरेंज ने कहा कि वह और वाशिंगटन पोस्ट के एक और पत्रकार डूइ हार्वेल मस्क से संबंधित एक लेख के लिए रिसर्च कर रहे थे। उन्होंने इस सप्ताह मस्क से बात करने की कोशिश की थी, जो नाकाम रही।

स्मृति शेष

1971 युद्ध के नायक भैरोसिंह राठौड़ नहीं रहे

पाकिस्तान के साथ 1971 युद्ध के नायक भैरोसिंह राठौड़ का जोधपुर एम्स में निधन हो गया। तबीयत बिगड़ने पर उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया था। जोधपुर के सोलंकिया तला गांव के भैरोसिंह 1987 में वीएसएफ से रिटायर्ड हुए थे। युद्ध के दौरान राठौड़ को लोंगेवाला चौकी पर तैनात किया गया था। उन्होंने वीएसएफ की टुकड़ी की कमान संभाली थी, जिसके साथ सेना की 23 पंजाब रेजीमेंट की कंपनी भी थी। इस टीम ने पाकिस्तानी ब्रिगेड व टैंक रेजीमेंट को ध्वस्त कर दिया था।

पोलैंड के एकमात्र अंतरिक्ष यात्री का निधन

पोलैंड के एकमात्र अंतरिक्ष यात्री जनरल मिरोस्लाव हेमेंस्जेवस्की का 81 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। 1978 के जून एवं जुलाई में 9 दिनों में हेमेंस्जेवस्की ने सोवियत अंतरिक्ष यान सोयूज 30 में सोवियत अंतरिक्ष यात्री प्योत्र क्लिमुक के साथ पृथ्वी की परिक्रमा की थी। अंतरिक्ष यात्रा के कारण ही उन्हें पोलैंड का राष्ट्रीय नायक का दर्जा मिला था।

अमेरिका के फुटबॉल पत्रकार ग्रांट वाहल का निधन

अमेरिकी फुटबॉल पत्रकार ग्रांट वाहल का फीफा वर्ल्ड कप के अर्जेंटीना और नीदरलैंड के बीच हुए क्वार्टर फाइनल मैच को कवर करते समय निधन हो गया। आपातकर्मियों ने उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही 49 वर्षीय पत्रकार की मौत हो चुकी थी।

थाईलैंड की राजकुमारी का निधन

थाईलैंड के राजा वजीरा लांगकोर्न की बड़ी बेटी प्रिंसेस बजराकितियाभा का 44 वर्ष की उम्र में हार्ट अटैक से निधन हो गया। उन्हें राजगद्दी का उत्तराधिकारी माना जा रहा था।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

OBJECTIVE QUESTIONS FOR COMPETITIVE EXAMINATION

Subject : GENERAL ENGLISH

- **Fill in the blanks with suitable articles. (Question Nos. 1 to 5)**

1. Rama has ..... pet dog.
(a) a (b) an
(c) the (d) No article

2. Raman has never used ..... laptop in his life.
(a) a (b) an
(c) the (d) No article

3. ..... Sharmas are wonderful people.
(a) a (b) an
(c) the (d) No article

4. He visits twice ..... week to orphanage.
(a) a (b) an
(c) the (d) No article

- **Fill the blank spaces with suitable prepositions. (Question Nos. 6 to 12)**

6. Raju cut the pumpkin ..... a knife.
(a) to (b) for
(c) by (d) with

7. He was proud ..... his daughter.
(a) off (b) by
(c) to (d) of

8. He walked out ..... the room.
(a) from (b) of
(c) with (d) at

9. The files were kept ..... the table.
(a) of (b) on
(c) at (d) in

10. When will Rani be returning ..... New Delhi.
(a) to (b) with
(c) from (d) in

11. Learning Telugu in a year was ..... my capacity.
(a) behind (b) beyond
(c) below (d) at

12. They were not aware ..... this fact.
(a) by (b) of
(c) on (d) at

- **Fill in the blanks with suitable form of the verb. (Question Nos. 13 to 18)**

13. Rahul ..... Marathi quite well.
(a) was spoken
(b) is being speaking
(c) speaks
(d) is speaking

14. She ..... in this office as a clerk since 2019.
(a) was working
(b) is working
(c) has worked
(d) has been working

15. Raman ..... in the hospital last evening.
(a) has admitted
(b) was admitted
(c) admits
(d) is admitted

16. She ..... to trip next week.
(a) has gone
(b) has been going
(c) will go
(d) was gone

17. Magnets ..... iron fillings.
(a) attracted
(b) attract
(c) have attracted
(d) have been attaracting

18. Raju ..... five movies this week.
(a) saw (b) has seen
(c) is seeing
(d) has been seeing

- **Change the Voice. (Question Nos. 19 to 25)**

19. The society loved me so much.
(a) I am loved by the society so much.
(b) I have been loved so much by the society.
(c) I was loved so much by the society.
(d) I loved the society so much.

20. The university is not issuing hall tickets.
(a) Hall tickets are not issuing by the university.
(b) Is the university not issuing hall tickets?
(c) Hall tickets are not being issued by the university.
(d) Hall tickets are issued to students by the university.

21. The assignment was submitted by her brother.
(a) Submission of the assignment was made by her brother.
(b) Her brother submitted the assignment.
(c) The brother of her submitted the assignment.
(d) Her brother submits the assignment.

22. Pay the bill.
(a) You pay the bill.
(b) Let the bill be paid.
(c) The bill be paid by you.
(d) You are requested to pay the bill.

23. Ram has left all the doors open.
(a) All the doors opened left by Ram.
(b) All the doors have been left open by Ram.
(c) Open all doors has been left by Ram.
(d) All the doors had been left by Ram.

24. We were treated badly by them.
(a) We had been treated badly by them.
(b) They had treated us badly.
(c) They treated us badly.
(d) They had been treating us badly.

25. Aman feels that the situation will change.
(a) The situation will be changed by Aman.
(b) Aman felt that the situation will be changed.
(c) It was Aman that felt to situation will be changed.
(d) It is felt by Aman that situation will change.

- **Idioms and phrases. (Question Nos. 26 to 30)**

26. Move heaven and earth.
(a) The point of meeting of earth and heaven.
(b) Make no efforts.
(c) Try very hard.
(d) Consider to approve something.

27. Back to square one.
(a) Make a square object.
(b) Move forward in doing something.
(c) Back to where one began.
(d) Start a new business.

28. Good things come to those who wait.
(a) To have patience.
(b) To have knowledge.
(c) To be familiar with.
(d) To be liked by someone.

29. Once in a blue moon.
(a) Stay awake in the moonlight.
(b) An event that happens infrequently.
(c) No happenings of events.
(d) Separate for a long time.

30. Getting a taste of your own medicine.
(a) Taste the medicine for getting cured of disease.
(b) Treat the life in very joking manner.
(c) The bitter taste of life.
(d) Being treated the same unpleasant way you have treated others.

- **Choose the word opposite to the meaning of the given word. (Question Nos. 31 to 35)**

31. Applaud
(a) Approve (b) Clap
(c) Admonish (d) Support

32. Eradicate
(a) Eliminate (b) Plant
(c) Destroy (d) Remove

33. Puny
(a) Small (b) Huge
(c) Weak (d) Minor

34. Goodwill
(a) Care
(b) Malice
(c) Concern
(d) Benevolent

35. Clumsy
(a) Stylish (b) Modish
(c) Trendy (d) Dainty

- **Synonym (Question Nos. 36 to 40)**

36. Deceptive
(a) Honest
(b) Frank
(c) Original
(d) Misleading

37. Chide
(a) Praise (b) Condemn
(c) Approve (d) Extol

38. Fragile
(a) Tough (b) Harsh
(c) Weak (d) Rough

39. Meek
(a) Callous (b) Cruel
(c) Humble (d) Nasty

40. Prolong
(a) Curtail (b) Restrict
(c) Curb (d) Extend

- **One word substitution (Question Nos. 41 to 45)**

41. The study of flying aero planes.
(a) Ornithology
(b) Aviation
(c) Acoustics
(d) Astronomy

42. Fear of water.
(a) Xenophobia
(b) Hydrophobia
(c) Ecophobia
(d) Aerophobia

43. The killing of parents.
(a) Regicide (b) Suicide
(c) Parricide (d) Patricide

44. Published after someone's death.
(a) Version
(b) Edition
(c) Index
(d) Posthumous

45. An institution for the care of people who are mentally ill.
(a) Orphanage
(b) Hospital
(c) Old age home
(d) Asylum

- **In each of the following questions, find out the correctly spelt word. (Questions 46 to 50)**

46. (a) Guarantee
(b) Gaurantee
(c) Gaeyrantee
(d) Gyarantee

47. (a) Knowledge
(b) Nkowledge
(c) Knawledge
(d) Knowladge

48. (a) Ristaurant
(b) Restaurant
(c) Restorent
(d) Restorant

49. (a) Queastionaire
(b) Questioneire
(c) Questionaere
(d) Questionnaire

50. (a) Onomotopoaea
(b) Onomotapoeia
(c) Onamatopoeia
(d) Onomatopoeia

ANSWERS

1. a, 2. a, 3. c, 4. a, 5. a, 6. d, 7. d, 8. b, 9. b, 10. c, 11. b, 12. b, 13. c, 14. d, 15. b, 16. c, 17. b, 18. b, 19. c, 20. c, 21. b, 22. b, 23. b, 24. c, 25. d, 26. c, 27. c, 28. a, 29. b, 30. d, 31. c, 32. b, 33. b, 34. b, 35. d, 36. d, 37. b, 38. c, 39. c, 40. d, 41. b, 42. b, 43. c, 44. d, 45. d, 46. a, 47. a, 48. b, 49. d, 50. d.

EXPLANATION

3. Article 'the' is placed before the surname / title to designate a group of people or to denote the family speaking of.

- Prafulkumar Prakash Vaidhya
(Assistant Professor in English
Sardar Patel Mahavidyalaya,
Chandrapur)

लोक निर्माण विभाग में 'क्वालिटी कंट्रोल सेल' गठित

भोपाल, लोक निर्माण मंत्री श्री गोपाल भार्गव के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जाने वाले निर्माण कार्यों की गुणवत्ता नियंत्रण के लिए सचिव लोक निर्माण की अध्यक्षता में 'क्वालिटी कंट्रोल सेल' का गठन किया गया है।

प्रमुख सचिव लोक निर्माण श्री सुखवीर सिंह ने बताया कि क्वालिटी कंट्रोल सेल निर्माण कार्यों की गुणवत्ता नियंत्रण के साथ समय-सीमा में कार्य पूर्णता पर नजर रखेगा। साथ ही समय-समय पर गुणवत्ता नियंत्रण के लिए तकनीकी सर्कुलर भी जारी करेगा। विभागीय अधिकारियों को तकनीकी एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण देने के लिए मॉडल तैयार करना एवं प्रशिक्षण व्यवस्था करना, गुणवत्ता नियंत्रण के लिए निर्धारित मापदण्ड, व्यवस्था, विभिन्न स्तरों पर प्रचलित व्यवस्था एवं निर्माण गुणवत्ता की जांच के लिए औचक निरीक्षण करना, गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशालाओं की समीक्षा एवं इन्हें सुदृढ़ करने के लिए प्रस्ताव तैयार करना, विभाग द्वारा जारी परिपत्र एवं दिशा-निर्देशों का संकलन, एकीकरण एवं समीक्षा करना, सभी स्तरों पर की जा रही कार्यवाहियों की समीक्षा करना, अधीक्षण यंत्री, मुख्य अभियंता एवं प्रमुख अभियंता स्तर के अधिकारियों द्वारा किये गये निरीक्षण का पालन प्रतिवेदन सुनिश्चित कराना और मासिक प्रतिवेदन प्रमुख सचिव को प्रस्तुत करेंगे।

प्रमुख सचिव ने बताया कि सेल में सचिव लोक निर्माण श्री आर.के. मेहरा अध्यक्ष होंगे तथा मुख्य अभियंता उत्तर परिक्षेत्र ग्वालियर श्री वी.पी. बोरासी, अधीक्षण यंत्री सेतु मण्डल श्री एम.पी. सिंह, सहायक यंत्री श्री सी.वी. तिवारी, सहायक यंत्री श्री संजय कुलकर्णी और सलाहकार मंत्रालय श्री रितेश जैन समिति सदस्य होंगे।

स्कूल शिक्षा

'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' पढ़ाने वाला मध्यप्रदेश देश में पहला राज्य

भोपाल, राज्यमंत्री स्कूल शिक्षा श्री इन्दर सिंह परमार ने भोपाल स्थित मंत्रालय में मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित ईएफए (एजुकेशन फॉर ऑल) स्कूलों में प्रारंभ किए गए 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' विषय की कक्षा 8वीं एवं कक्षा 9वी की पुस्तकों का विमोचन किया। श्री परमार ने कहा कि मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित प्रदेश में कुल 53 स्कूलों में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' विषय प्रारंभ किया गया है। इसे फिलहाल कक्षा 8वीं एवं 9वीं के विद्यार्थियों के लिए प्रारंभ किया गया है। राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा इन स्कूलों में 40 आधुनिक कम्प्यूटर्स की इंटरनेट युक्त प्रयोगशाला भी स्थापित की गई हैं।

मध्यप्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए शिक्षा विभाग दृढ़ संकल्पित है, इसके लिए आधुनिक तकनीकी विषयों के समावेश एवं अनुप्रयोग पर जोर दिया जा रहा है। श्री परमार ने कहा कि मध्यप्रदेश पहला राज्य है, जहां ईएफए (एजुकेशन फॉर ऑल) विद्यालयों में कक्षा आठवीं और नौवीं में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' की कुल 240 घंटों की क्लास के माध्यम से शिक्षा दी जा रही है। सर्वसुविधायुक्त कम्प्यूटर लैब की उपलब्धता से इस विषय की पढ़ाई में विद्यार्थियों को सुगमता हो रही है।

'आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस' जैसी नवीनतम तकनीक के साथ भारत को विश्व के समक्ष खड़े करने के लिए विद्यार्थियों को इसका रचनात्मक प्रयोग और मानव कल्याण की दिशा में उपयोग करना सिखाया जा रहा है, जिसमें यह पाठ्यक्रम अति उपयोगी साबित होगा। प्रदेश के स्कूली बच्चे इसे पढ़कर 'भावनाओं की परख' करना सीख रहे हैं। निदेशक राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड श्री प्रभात राज तिवारी, सहायक निदेशक राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड श्री आर.के. वैद्य उपस्थित थे।

तीस नवगठित नगरीय निकायों के लिये 7.68 करोड़ रुपये आवंटित

भोपाल, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि 30 नवगठित नगरीय निकायों को विशेष आवश्यकताओं एवं आकस्मिक कार्यों के लिये 7 करोड़ 68 लाख 17 हजार रूपये आवंटित किये गये हैं।

नगरीय निकाय मानपुर, डोला, डूमरकछार, छपारा, मोहना, बनगवां, विलहरा, सुरखी, रश्दैड, रौन, मालनपुर, सिरोली, घोड़ाडोंगरी, केवलारी, विष्टान, ठीकरी, पोहरी, मंगरौनी, मधुसूदनगढ़, पिपरई, गुब्रौर, निरवाली वुजुर्ग, करपुर, पुनासा, बरगवां (सिंगरौली), देवरी और सरई को 25-25 लाख रुपये आवंटित किये गये हैं। इसी तरह बरगवाँ (अमलाई) को 29 लाख 24 हजार, बकहो को 29 लाख 71 हजार और शाहपुर (बैतूल) को 34 लाख रुपये आवंटित किये गये हैं।

आबकारी आरक्षक पद के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान

1. भारतीय संविधान में भारत के महान्यायवादी से संबंधित प्रावधान किस अनुच्छेद में है?
(अ) अनुच्छेद 67
(ब) अनुच्छेद 76
(स) अनुच्छेद 148
(द) इअनुच्छेद 140
उत्तर- (ब) अनुच्छेद 76

2. भारत सरकार ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम कब पारित किया था?
(अ) 1986 (ब) 1980
(स) 1990 (द) 1996
उत्तर- (अ) 1986

3. वर्ष 1983 में केन्द्र सरकार द्वारा केन्द्र-राज्य संबंधों हेतु किस समिति या आयोग का गठन किया था?
(अ) पुंछी आयोग
(ब) सरकारिया आयोग
(स) एन.के. सिंह आयोग
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर- (ब) सरकारिया आयोग

4. 'दीवान-ए-खैरात' की स्थापना किस शासक द्वारा की गई थी?
(अ) फिरोज शाह तुगलक
(ब) बलबन
(स) अलाउद्दीन
(द) मुहम्मद बिन तुगलक
उत्तर- (अ) फिरोज शाह तुगलक

5. कलचुरी वंश का संस्थापक था?
(अ) विरुपाक्ष (ब) कोकल्ल
(स) नागभट्ट (द) गांगेय देव
उत्तर- (ब) कोकल्ल

6. कविराज की उपाधि से विभूषित राजा था?
(अ) राजा भोज
(ब) राजा विक्रमादित्य
(स) राजा भीम
(द) कोई नहीं
उत्तर- (अ) राजा भोज

7. चोल काल की मुख्य विशेषता थी?
(अ) भूमिकर
(ब) स्थानीय स्वशासन
(स) समिति
(द) मंदिर शैली
उत्तर- (ब) स्थानीय स्वशासन

8. गुप्तकालीन प्रसिद्ध विष्णु मंदिर मध्यप्रदेश के किस जिले में अवस्थित है?
(अ) जबलपुर (ब) उज्जैन
(स) ओरछा (द) मंदसौर
उत्तर- (अ) जबलपुर

9. 'नील दर्पण' के रचनाकार हैं?
(अ) दीनबंधु मित्र
(ब) सुभाष चन्द्र
(स) अम्बेडकर
(द) चितरंजन दास
उत्तर- (अ) दीनबंधु मित्र

10. विधुवत रेखा को कौनसी नदी दो बार काटती है?
(अ) माही नदी (ब) कांगो नदी
(स) राइन नदी (द) डेन्यूब नदी
उत्तर- (ब) कांगो नदी

11. 'जोजिला दर्रा' भारत के किस राज्य में अवस्थित है?
(अ) मणिपुर (ब) हिमाचल
(स) सिक्किम (द) लद्दाख
उत्तर- (द) लद्दाख

12. पुरानी जलोढ़ मिट्टी को कहते हैं?
(अ) बांगर (ब) खादर
(स) कंकड़ (द) पुरानी जलोढ़
उत्तर- (अ) बांगर

13. 'पोमोकल्चर' संबंधित है?
(अ) फलों के उत्पादन से
(ब) मत्स्य पालन से
(स) फूलों के उत्पादन से
(द) मधुमक्खी पालन से
उत्तर- (स) फूलों के उत्पादन से

14. भिलाई इस्पात संयंत्र स्थापित है?
(अ) छत्तीसगढ़ में
(ब) बंगाल में
(स) मध्यप्रदेश में
(द) उत्तरप्रदेश में
उत्तर- (अ) छत्तीसगढ़ में

15. भारत में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की स्थापना हुई?
(अ) 2 अक्टूबर, 1950
(ब) 2 अक्टूबर, 1948
(स) 26 सितम्बर, 1975
(द) 26 सितम्बर, 1960
उत्तर- (स) 26 सितम्बर, 1975

सामान्य तर्कशक्ति व बौद्धिक अभिक्षमता

16. रजनीश की ओर इशारा करते हुये सरिता कहती है इनके इकलौते पुत्र के दादा मेरे ससुर हैं। रजनीश का सरिता से क्या संबंध है?
(अ) चाचा (ब) पति
(स) देवर (द) पति या देवर
उत्तर- (द) पति या देवर

17. यदि KNIFE को MPKHG लिखा जाये, तो DTGCF को कैसे लिखा जायेगा?
(अ) FVIEG (ब) FVIEH
(स) FUIEH (द) FXIEH
उत्तर- (ब) FVIEH

18. अंग्रेजी वर्णमाला में बाएं से 8वें तथा 20वें अक्षर के बीच कितने अक्षर होंगे?
(अ) 10 (ब) 11
(स) 12 (द) 13
उत्तर- (ब) 11

19. एक कक्षा में चार लड़के एक बेंच पर बैठे हैं। सुनील, मैथ्यू के बाईं ओर तथा रहीम के दांये ओर बैठा है। रहीम, अनिल के बाईं ओर बैठा है। बाएं छोर पर कौन बैठा है?
(अ) सुनील (ब) मैथ्यू
(स) रहीम (द) अनिल
उत्तर- (अ) सुनील

20. 49 छात्रों की कक्षा में, करीम का स्थान शीर्ष से 16वां है। नीचे से उसका स्थान क्या होगा?
(अ) 32वां (ब) 33वां
(स) 36वां (द) 34वां
उत्तर- (द) 34वां

21. एक व्यक्ति पश्चिम की ओर चला। वह दांये मुड़ा फिर दांये मुड़ा और अन्त में बाईं ओर मुड़ा। अब वह किस दिशा की ओर चल रहा है?
(अ) उत्तर (ब) दक्षिण
(स) पश्चिम (द) पूर्व
उत्तर- (अ) उत्तर

22. यदि परसों शनिवार है, तो कल से तीन दिन पहले कौन सा दिन था?
(अ) बृहस्पतिवार (ब) सोमवार
(स) शनिवार (द) रविवार
उत्तर- (द) रविवार

23. 12 वर्षीय महेश अपने भाई रमेश से तीन गुना बड़ा है। महेश की आयु क्या होगी जब वह रमेश की आयु का दोगुना है?
(अ) 14 वर्ष (ब) 20 वर्ष
(स) 18 वर्ष (द) 16 वर्ष
उत्तर- (द) 16 वर्ष

24. एक पुस्तक में 300 पृष्ठ हैं और प्रत्येक पृष्ठ पर 10-10 शब्दों की 20 पंक्तियां हैं। पुस्तक में कुल कितने शब्द हैं?
(अ) 6000 (ब) 60000
(स) 66000 (द) 600000
उत्तर- (ब) 60000

25. एक प्रिज्म का आधार समषट्भुज है, उसके शीर्षों की संख्या कितनी है ?
(अ) 6 (ब) 12
(स) 24 (द) 96
उत्तर- (ब) 12

विज्ञान

26. निम्नलिखित में से न्यूटन मीटर किस भौतिक राशि की SI इकाई है?
(अ) त्वरण (ब) बल आघूर्ण
(स) शक्ति (द) बल
उत्तर- (ब) बल आघूर्ण

27. वेग-समय ग्राफ पर रेखा का ढलान.... कहलाता है?
(अ) दूरी (ब) संवेग
(स) त्वरण (द) बल
उत्तर- (स) त्वरण

28. रोलरकोस्टर की सवारी में कौन सा बल कार्य करता है?
(अ) अपकेन्द्री (ब) अभिकेन्द्रीय
(स) गुरुत्वीय (द) अभिलम्ब
उत्तर- (ब) अभिकेन्द्रीय

29. निम्न में से कौन सा एक ऊर्जा का मात्रक नहीं है?
(अ) जूल
(ब) वॉट/घंटा
(स) न्यूटन-मीटर
(द) किग्रा-मीटर/सेकण्ड
उत्तर- (द) किग्रा-मीटर/सेकण्ड

30. ताप बढ़ने के साथ द्रव्य की श्यानता?
(अ) बढ़ती है
(ब) घटती है
(स) अपरिवर्तित रहती है
(द) द्रव्य की प्रकृति के अनुसार बढ़ या घट सकती है
उत्तर- (ब) घटती है

31. ऊर्जा सूर्य से पृथ्वी की ओर किस प्रकार यात्रा करती है?
(अ) चालन (ब) संवहन
(स) विकिरण (द) नियमन
उत्तर- (स) विकिरण

32. C_2H_2 है?
(अ) पानी
(ब) हाइड्रोक्लोरिक एसिड
(स) बेंजीन
(द) टाईलिन
उत्तर- (स) बेंजीन

33. 'सिरका' में मुख्य रूप से कौन सा रसायन मौजूद होता है?
(अ) मैलिक एसिड
(ब) एसिटिक एसिड
(स) फार्मिक एसिड
(द) सल्फ्यूरिक एसिड
उत्तर- (ब) एसिटिक एसिड

34. शहद में निम्न में से कौन सी शर्करा प्रमुख है?
(अ) सुक्रोस (ब) फ्रक्टोस
(स) गैलेक्टोस (द) माल्टोस
उत्तर- (ब) फ्रक्टोस

35. निम्नलिखित में से किसमें विटामिन D सबसे ज्यादा होता है?
(अ) विनौला का तेल
(ब) जैतून का तेल
(स) कॉड लिवर तेल
(द) सूरजमुखी का तेल
उत्तर- (स) कॉड लिवर तेल

36. एंजाइम है?
(अ) कार्बोहाइड्रेट (ब) प्रोटीन
(स) लिपिड् (द) स्टार्चड
उत्तर- (ब) प्रोटीन

37. यीस्ट था मशरूम है?
(अ) शैवाल (ब) नग्नबीजी
(स) फफूंद (द) गांठदार जड़ें
उत्तर- (स) फफूंद

38. बंदगोभी का खाद्य अंश होता है?
(अ) फल
(ब) संघनित पुष्प
(स) कायिक कालिका
(द) पुष्प समूह
उत्तर- (स) कायिक कालिका

39. किस पादप को "शाकीय भारतीय डॉक्टर" कहते हैं?
(अ) आंवला (ब) आम
(स) नीम (द) तुलसी
उत्तर- (द) तुलसी

40. पौधे, जो नमक युक्त मिट्टी में उगते हैं, को क्या कहते हैं?
(अ) जिरोफाइट (ब) हाइड्रोफाइट
(स) हैलोफाइट (द) सक्यूलेंट
उत्तर- (स) हैलोफाइट

41. कार्टजेना शहर जो जैव सुरक्षा प्रोटोकॉल के लिये प्रसिद्ध है, कहां स्थित है?
(अ) कोलम्बिया (ब) वेनेजुएला
(स) ब्राजील (द) गुयाना
उत्तर- (अ) कोलम्बिया

42. निम्नलिखित में से कौन सा एक जीविका खेती का उदाहरण है?
(अ) स्थानांतरित कृषि
(ब) वाणिज्य खेती
(स) विस्तीर्ण व गहन खेती
(द) जैविक खेती
उत्तर- (अ) स्थानांतरित कृषि

गणित

43. किसी टंकी का $\frac{3}{5}$ भाग 10 मिनट में भर जाता है। शेष भाग को भरने में कितना समय चाहिये?
(अ) 5 मिनट
(ब) 6 मिनट 40 सेकण्ड
(स) 6 मिनट
(द) 4 मिनट
उत्तर- (ब) 6 मिनट 40 सेकण्ड

44. एक 60 लीटर के मिश्रण में दूध तथा पानी का अनुपात 3:1 है। इस अनुपात को 2:1 करने हेतु इसमें कितना पानी और मिलाया जाना चाहिये?
(अ) 5 लीटर (ब) 7.5 लीटर
(स) 10 लीटर (द) 15 लीटर
उत्तर- (ब) 7.5 लीटर

45. एक व्यक्ति ने रु. 1200 में एक सामान खरीदकर 20% के नुकसान पर उसे बेच दिया। उस सामान का विक्रय मूल्य क्या है?
(अ) 600 रुपये (ब) 760 रुपये
(स) 860 रुपये (द) 960 रुपये
उत्तर- (द) 960 रुपये

46. यदि A की आय B की आय से 25% अधिक है, तो B की आय A की आय से कितने प्रतिशत कम है?
(अ) 20% (ब) 25%
(स) 22% (द) 21%
उत्तर- (अ) 20%

47. यदि गुलजार की वर्तमान आयु में से 6 घटाकर शेषफल को 18 से भाग दे, तो अनुप की आयु प्राप्त होती है। महेश की आयु 5 वर्ष है तथा अनुप महेश से 2 वर्ष छोटा है। गुलजार की वर्तमान आयु कितनी है?
(अ) 60 वर्ष (ब) 48 वर्ष
(स) 84 वर्ष (द) 64 वर्ष
उत्तर- (अ) 60 वर्ष

- श्रद्धा सुमन

(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं)

अंतर्राष्ट्रीय स्तर की हो जीआईएस-23 की व्यवस्थाएं

भोपाल, जीआईएस-2023 की सभी व्यवस्थाएं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की हों। सभी व्यवस्थाएं समय-सीमा में पूरी की जायें। यह निर्देश औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री श्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने भोपाल स्थित मंत्रालय में जीआईएस-2023 की तैयारी की समीक्षा बैठक में दिये। श्री दत्तीगांव ने कहा कि सभी राष्ट्र प्रमुखों और औद्योगिक संगठनों के प्रमुखों का भारतीय संस्कृति के अनुसार उपयुक्त सत्कार किया जाये। सभी को एयरपोर्ट पर रिसीव करने से लेकर ठहरने के स्थान तक तथा आयोजन स्थल तक लाने-ले जाने की उपयुक्त व्यवस्था हो। दो दिवसीय आयोजन में मध्यप्रदेश में निवेश के क्षेत्र में क्षमताओं का प्रभावी प्रदर्शन हो। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की मंशानुरूप ओडीओपी (एक जिला-एक उत्पाद) की उपयुक्त ब्रांडिंग और जानकारी देने की व्यवस्था भी रखें।

प्रमुख सचिव श्री मनीष सिंह ने बताया कि जीआईएस-2023 में विश्व के प्रमुख देशों के राष्ट्र प्रमुख, राजदूत और उनके प्रतिनिधि मण्डल तथा औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित लगभग 4 हजार से अधिक लोग शामिल होंगे।

मध्यप्रदेश ट्रांसको के लोड डिस्पेच सेंटर को मिला राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार

नई दिल्ली, मध्यप्रदेश ट्रांसको (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) के जबलपुर स्थित स्टेट लोड डिस्पेच सेंटर को उसके विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे, नवाचार करने, देश में सर्वप्रथम साइबर सिक्योरिटी माडल विकसित करने सहित अन्य मापदंडों में अग्रणी होने से देश के पावर सेक्टर का प्रतिष्ठित राष्ट्रीय लोड डिस्पेच सेंटर (भार प्रेषण केंद्र) उत्कृष्टता पुरस्कार प्राप्त हुआ है। भारत के बिजली सेक्टर की राष्ट्रीय संस्था ग्रिड इंडिया से संबंधित फोरम ऑफ लोड डिस्पेचर एवं आईआईटी दिल्ली द्वारा आयोजित नेशनल पावर सिस्टम कांफ्रेंस में मध्यप्रदेश ट्रांसको की तरफ से मुख्य अभियंता स्टेट लोड डिस्पेच सेंटर जबलपुर श्री एस.एस. पटेल एवं अधीक्षण अभियंता श्री आर.के. गुप्ता ने पुरस्कार ग्रहण किया।

मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी को देश के पावर सेक्टर का यह बेहद प्रतिष्ठित पुरस्कार ग्रिड मापदण्डों का पालन करने और पुरस्कार चयन की तीन चरणों की कठिन प्रक्रियाओं से गुजरने के बाद मिला है। चयन प्रक्रिया के पहले चरण में 40 से अधिक मापदंड विंदुओं पर वस्तुस्थिति के आधार पर मध्यप्रदेश सहित महाराष्ट्र और तेलंगाना प्रदेश चुने गये। दूसरे चरण में प्रेजेंटेशन एवं चार सदस्यीय जूरी द्वारा लिये मौखिक साक्षात्कार के आधार पर पहले चरण में चयनित तीनों स्टेट लोड डिस्पेच सेंटर्स की परफारमेंस परखी गई।

आईआईटी के प्रोफेसर्स, पोसोको (ग्रिड इंडिया) के विश्व स्तरीय रिटायर्ड विशेषज्ञ और टाटा एनर्जी रिसर्च इंस्टीट्यूट के नामी विशेषज्ञों की जूरी द्वारा तीसरे चरण की प्रक्रिया के बाद समग्र रूप से मध्यप्रदेश के राज्य लोड डिस्पेच सेंटर को इस पुरस्कार के लिये चुना गया।

पुरस्कार के लिए पहले सभी राज्य लोड डिस्पेच सेंटरों से आवेदन मंगाये गये। राज्य लोड डिस्पेच सेंटरों के बुनियादी ढांचे, नवाचार में किए गये कार्यों का विवरण, पावर सेक्टर की चुनौतियों से निपटने के तरीके, सायबर सिक्योरिटी के लिए पालन की गई प्रक्रिया, कार्मिकों की ट्रेनिंग और उनके वेलफेयर के लिए किये गये कार्य, अत्याधुनिक आईटी सिस्टम की उपलब्धता, रियल टाइम डाटा का संग्रहण, नवीनीकरण ऊर्जा के ग्रिड के साथ एकीकरण, आइसलेडिंग स्कीम आदि बिन्दुओं पर जानकारी दी गई थी।

जनजातीय समुदाय को अधिकार संपन्न और ग्राम सभा को सशक्त बनाएगा पेसा एक्ट

मध्यप्रदेश में 15 नवंबर, 2022 से पेसा PESA यानि पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम 1996 लागू कर दिया गया है।

मध्यप्रदेश यह कानून लागू करने वाला देश का सातवां राज्य बन चुका है। इससे पहले हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र ने ही अपने पेसा कानून बनाए हैं। इस कानून का उद्देश्य जनजातीय समाज को स्व-शासन प्रदान करने के साथ ही ग्रामसभाओं को सभी गतिविधियों का मुख्य केन्द्र बनाना है।

यह अधिनियम अनुसूचित क्षेत्र में एक गांव के लिए ग्राम सभा की स्थापना की अनुमति देता है। प्रत्येक ग्राम सभा एक स्वायत्त निकाय के रूप में कार्य करेगी, जो अनुसूचित क्षेत्र के कुछ पहलुओं, विशेष रूप से संसाधनों का प्रबंधन करती है। यह अधिनियम ग्राम पंचायतों को उन मामलों पर निर्णय लेने की भी अनुमति देता है, जो सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन के साथ-साथ लघु वन उपज, भूमि और छोटे जल निकायों से संबंधित हैं।

पेसा अधिनियम बनाने का उद्देश्य

भारतीय संविधान के 73 वें संशोधन में देश में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था लागू की गई थी, लेकिन यह महसूस किया गया कि इसके प्रावधानों में अनुसूचित क्षेत्रों विशेषकर जनजातीय (आदिवासी) क्षेत्रों की आवश्यकताओं का ध्यान नहीं रखा गया है।

इस कमी को पूरा करने के लिए आदिवासी क्षेत्रों में विशिष्ट पंचायत व्यवस्था लागू करने के लिए पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम 1996 (पेसा) बनाया गया।

इस अधिनियम को 24 दिसम्बर, 1996 को राष्ट्रपति द्वारा अनुमोदित किया गया था।

पेसा अधिनियम का उद्देश्य देश में अनुसूचित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए पारंपरिक ग्राम सभाओं के माध्यम से स्व-शासन सुनिश्चित करना है। अनुसूचित क्षेत्र ऐसे स्थान हैं जहां मुख्य रूप से जनजातीय समुदायों का वर्चस्व है।

पेसा एक्ट पंचायतों और ग्राम सभाओं को इन क्षेत्रों में स्वशासन की प्रणाली को लागू करने में सक्षम बनाता है।

पेसा कानून में ग्राम सभा को मिलते हैं कई महत्वपूर्ण अधिकार

पेसा कानून में ग्राम सभा को कई महत्वपूर्ण अधिकार दिए गए हैं। मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम की धारा 129 (ग) में अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभा की शक्तियां (अधिकारों) का उल्लेख है। इसके अनुसार :-

- पेसा क्षेत्र की ग्राम सभा को परंपराओं, रूढ़ियों, उनकी सांस्कृतिक पहचान और सामुदायिक साधनों का संरक्षण करने का अधिकार है। साथ ही उसे विवादों के निराकरण का भी अधिकार है- धारा 129 (ग) (1)। यदि ग्राम सभा के सदस्यों को यह महसूस हो कि किसी सरकारी या गैर सरकारी गतिविधि के कारण उनके परंपरागत रीति-रिवाजों एवं संस्कृति को खतरा उत्पन्न हो रहा है तो वे ग्राम सभा की बैठक में उस पर चर्चा कर सकते हैं, उसे रोकने के बारे में फैसला ले सकते हैं।
- पेसा क्षेत्र की ग्राम सभा को अपने प्राकृतिक संसाधनों जैसे जल, जमीन, जंगल का अपनी परंपराओं तथा संविधान के उपबंधों के अनुसार उपयोग करने के बारे में फैसला लेने का अधिकार है।
- पेसा क्षेत्र की ग्राम सभा को गांव के बाजार तथा मेलों का प्रबंधन करने का अधिकार है- धारा 129 (ग) (5)। इसके अंतर्गत पेसा क्षेत्र की ग्राम सभा अपने गांव में लगने वाले बाजार एवं मेलों के बारे में नियम बना सकती हैं और उन्हें ग्राम पंचायत के माध्यम से लागू करवा सकती हैं।
- पेसा क्षेत्र की ग्राम सभा को स्थानीय योजनाओं में होने वाले व्यय पर नियंत्रण रखने का अधिकार है- धारा 129 (ग) (6)।
- इसके अलावा पेसा क्षेत्र की ग्राम सभा को वे सभी अधिकार भी हैं जो अन्य गैर जनजातीय क्षेत्रों की ग्राम सभाओं को हैं। इनका उल्लेख मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम में किया गया है, जो इस प्रकार हैं :-
- गांव के आर्थिक विकास के लिए योजनाओं की पहचान करना और उन्हें प्राथमिकता से लागू करना धारा 7 (क)।
- गांव के विकास के लिए वार्षिक कार्य योजना बनाना, उसे पास करना तथा पंचायतों द्वारा उसका क्रियान्वयन किए जाने पर निगरानी रखना और उसके बारे में ग्राम सभा में बातचीत करना धारा 7 (ख) एवं (ग)।
- ग्राम पंचायत द्वारा किये गए आय-व्यय और हिसाब-किताब पर विचार करना तथा ग्राम पंचायत की ऑडिट रिपोर्ट पर बातचीत करना और सही पाए जाने पर उसका अनुमोदन करना-धारा 7 (ग)
- गांव स्तर के सभी सरकारी कर्मचारियों पर नियंत्रण रखना- धारा 7 (ठ)।
- गांव की सार्वजनिक सेवाओं जैसे आंगनवाड़ी, राशन दुकान, स्कूल, उप स्वास्थ्य केन्द्र आदि की समीक्षा करना और उनमें आने वाली समस्याओं को हल करने के लिए चर्चा करना एवं फैसला लेना।

पेसा अधिनियम की विशेषताएं

- यह अधिनियम जनजातीय समुदाय को भी स्व-शासन का अधिकार प्रदान करता है।
- इसका उद्देश्य सहयोगी लोकतन्त्र के तहत ग्राम प्रशासन स्थापित करना और ग्राम सभा को सभी गतिविधियों का केंद्र बनाना है।
- इसमें जनजातीय समुदाय की परम्पराओं और रिवाजों की सुरक्षा और संरक्षण का भी प्रावधान किया गया है।
- यह जनजातीय लोगों की आवश्यकताओं के अनुरूप पंचायतों को विशिष्ट शक्तियों से युक्त बनाता है।

पेसा लागू होने के बाद ग्राम सभा ले सकती है ये निर्णय

मध्यप्रदेश के जनजातीय बहुल 89 विकासखंडों में यह अधिनियम लागू होने के बाद ग्राम सभा अधिकार संपन्न बनेगी और जनजातीय वर्ग को मजबूती मिलेगी। नये नियमों के अनुसार अब पटवारी को गांव की जमीन का नक्शा, खसरा, गांव में ही लाकर ग्राम सभा में दिखाने होंगे, जिससे जमीन के रिकॉर्ड में कोई गड़बड़ी न कर सके। यदि कोई गड़बड़ी करता है तो ग्राम सभा को उसे ठीक करने का अधिकार रहेगा। किसी प्रोजेक्ट के लिये जमीन लेने के लिये ग्राम सभा की सहमति जरुरी होगी। छल, कपट और बलपूर्वक अब कोई जमीन नहीं हड़प सकेगा। यदि कोई ऐसा करता है तो ग्राम सभा को हस्तक्षेप कर उसे वापस करवाने का अधिकार होगा।

गांव की रेत खदान, गिट्टी-पत्थर के ठेके देना है या नहीं इसका निर्णय भी ग्राम सभा में ही लिया जाएगा।

ग्राम सभाएं ही अमृत सरोवर, तालाबों आदि का प्रबंधन करेगी। तालाबों में सिंघाड़ा उगाने और मछली पालन एवं मत्स्याखेट की सहमति ग्राम सभा देगी। सौ एकड़ सिंचाई तालाबों का प्रबंधन, वनोपज का संग्रहण एवं न्यूनतम मूल्य निर्धारण भी ग्राम सभा में हो सकेगा।

जनजातीय वर्ग के लोगों के द्वारा वनोपज संग्रहण करने के साथ उसे बेचने का भी हक होगा। तेंदूपत्ता की तुड़ाई और बिक्री का कार्य भी जनजातीय वर्ग करेंगे। वनोपज की दर ग्राम सभा तय करेंगी।

शासन की जन-कल्याणकारी योजनाओं के हित लाभ के लिए भी ग्राम सभा को अधिकार रहेगा। ग्राम सभा ही ग्राम विकास की कार्य-योजना बनायेगी। ग्राम सभा की अनुमति के बाद ही ग्राम पंचायत को मिलने वाली राशि खर्च की जा सकेगी।

काम के लिये गांव से बाहर जाने वाले श्रमिक को पहले ग्राम सभा में यह बताना होगा कि वह कहां काम करने जा रहा है, उस स्थान का पता लिखाना होगा, जिससे कि उस श्रमिक के हितों का ध्यान ग्राम सभा रख सके। यदि कोई बाहर का व्यक्ति गांव में आता है, तो उसे भी ग्राम सभा को सूचित करना होगा। श्रमिकों को पूरा पारिश्रमिक मिले, इसका ध्यान भी ग्राम सभा रखेगी।

ग्राम सभा की अनुमति के बिना नई शराब या भांग दुकान नहीं खुलेगी। साथ ही उसे हटाने की अनुशंसा भी ग्राम सभा कर सकेगी।

अनुसूचित क्षेत्रों में धन उधार देने पर नियंत्रण करने के लिए पंजीकृत साहूकार की जानकारी संबंधित विभाग को ग्रामसभा को देनी होगी। यदि कोई साहूकार शोषण करता है, निर्धारित दर से अधिक ब्याज लेता है तो ऐसी स्थिति में ग्राम सभा अपनी अनुशंसा के साथ कार्रवाई के लिए प्रस्ताव उपखंड अधिकारी को भेज सकेगी।

गांव में शांति एवं विवाद निवारण समिति बनेगी और गांव के छोटे-मोटे झगड़े थाने नहीं जायेंगे, उन्हें अब ग्राम सभा में ही सुलझाया जायेगा। गांव के किसी व्यक्ति के विरुद्ध थाने में एफआईआर दर्ज करने के पहले पुलिस को ग्राम सभा को बताना होगा।

पेसा एक्ट ने ग्राम सभा को अधिकार भी दिया है कि वह आंगनवाड़ी, स्कूल, आश्रम, छात्रावास का निरीक्षण करें और इनके काम ठीक से संचालित कराएं।

जल, जंगल, जमीन, श्रमिक, परंपराएं एवं संस्कृति ये पेसा नियमों का पंचामृत हैं।

- रीता मोदी
(लेखिका, समसामयिक विषयों पर लेखन करती हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये सामान्य ज्ञान - खेल

1. **फीफा वर्ल्डकप-2022 में पहला गोल किस खिलाड़ी ने दागा है?**
(अ) फेरन टॉरेस (ब) इनर वेलेंसिया
(स) किलियन एम्बाप्पे (द) ओलिवर गिरोड
2. **इस वर्ष किस खिलाड़ी ने सिनसिनाटी ओपन में पुरुष एकल खिताब जीता है?**
(अ) वॉनों कोरिक (ब) एलेक्जेंडर ज्वेरेव
(स) आंद्रे रूबलेव (द) मिलोस राओनिक
3. **वर्ष 2024 में यूएफा यूरो कप किस देश में खेला जायेगा?**
(अ) इंग्लैंड (ब) जर्मनी
(स) बेल्जियम (द) डेनमार्क
4. **कॉमनवेल्थ गेम्स-2022 में किस देश ने महिला क्रिकेट में स्वर्ण पदक जीता है?**
(अ) ऑस्ट्रेलिया (ब) पाकिस्तान
(स) श्रीलंका (द) इंग्लैंड
5. **इस वर्ष फ्रेंच ओपन (बैडमिंटन) में पुरुष एकल वर्ग के चैम्पियन बने हैं?**
(अ) केंटो मोमोटा (ब) रास्मस गेमके
(स) एच एस प्रणय (द) विक्टर एक्सेलसन
6. **हॉकी का प्रतिष्ठित टूर्नामेंट सुल्तान जोहोर कप किस देश में खेला जाता है?**
(अ) भारत (ब) पाकिस्तान
(स) मलेशिया (द) इंडोनेशिया
7. **वीरेन्द्र सहवाग ने वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में किस देश के खिलाफ दोहरा शतक बनाया है?**
(अ) पाकिस्तान (ब) वेस्टइंडीज
(स) श्रीलंका (द) बांग्लादेश
8. **इंग्लैंड की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के वर्तमान मुख्य कोच हैं?**
(अ) गेरेथ साउथगेट (ब) जॉकिम लोउ
(स) जिनेदिन जिदान (द) इनमें से कोई नहीं
9. **मार्नस लाबुशेन किस देश के दिग्गज क्रिकेटर हैं?**
(अ) न्यूजीलैंड (ब) वेस्टइंडीज
(स) द. अफ्रीका (द) ऑस्ट्रेलिया
10. **भारत ने टोक्यो ओलिंपक-2020 में किस देश को हराकर हॉकी का कांस्य पदक जीता था?**
(अ) बेल्जियम (ब) जापान
(स) जर्मनी (द) द. अफ्रीका
11. **किस खिलाड़ी ने इस वर्ष जोजो गोल्फ चैम्पियनशिप जीती है?**
(अ) रिकी फोवलर (ब) कीगन ब्रेडली
(स) हिदेकी मात्सुयामा (द) ब्रैंडन स्टील
12. **आईसीसी टी-20 वर्ल्डकप-2022 में किस खिलाड़ी ने सबसे ज्यादा रन बनाए हैं?**
(अ) विराट कोहली (ब) सूर्यकुमार यादव
(स) जोस बटलर (द) डेविड मिलर
13. **कॉमनवेल्थ गेम्स-2022 में किस देश ने नेटवॉल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता है?**
(अ) इंग्लैंड (ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) न्यूजीलैंड (द) जमैका
14. **वर्ष 2013 में किस देश ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी जीती थी?**
(अ) भारत (ब) पाकिस्तान
(स) ऑस्ट्रेलिया (द) वेस्टइंडीज
15. **राफेल नडाल ने फ्रेंच ओपन ग्रैंडस्लैम कितनी बार अपने नाम किया है?**
(अ) 10 बार (ब) 11 बार
(स) 13 बार (द) 14 बार
16. **व्लादिमीर क्रेमनिक किस देश के शतरंज खिलाड़ी हैं?**
(अ) नॉर्वे (ब) बुल्गारिया
(स) रूस (द) उज्बेकिस्तान
17. **वर्ष 2022 में किस महिला खिलाड़ी ने ऑल इंग्लैंड में एकल खिताब जीता है?**
(अ) ताई जू यिंग (ब) अकाने यामागुची
(स) चेन यूफेई (द) नोजोमी ओकुहारा
18. **इनमें से कौन-सा खेल एशियन गेम्स-2023 का हिस्सा नहीं है?**
(अ) पैराग्लाइडिंग (ब) गोल्फ
(स) वेसवॉल (द) निशानेबाजी
19. **इस वर्ष किस रेसर ने ऑस्ट्रेलियन ग्रांप्री फॉर्मूला-वन रेस जीती थी?**
(अ) मैक्स वर्स्टापेन (ब) एलेक्जेंडर एल्बोन
(स) सर्जियो पेरेज (द) चार्ल्स लेकलर्क
20. **एमसी मैरीकॉम ने वर्ल्ड मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में कितनी बार स्वर्ण पदक जीते हैं?**
(अ) तीन बार (ब) चार बार
(स) छह बार (द) इनमें से कोई नहीं
21. **डोपिंग के कारण प्रतिबंधित हुए शिवपाल सिंह किस खेल से संबंधित हैं?**
(अ) लंबी कूद (ब) चक्का फेंक
(स) गोला फेंक (द) भाला फेंक
22. **वर्ष 2022 में कोरिया ओपन (बैडमिंटन) में महिला एकल वर्ग की चैम्पियन बनी हैं?**
(अ) आन से यंग (ब) चेन यूफेई
(स) पीवी सिंधु (द) असुका ताकाहाशी
23. **वर्ष 2022 में किस खिलाड़ी ने फेड एक्स कप जीता है?**
(अ) टाइगर वुड्स (ब) रॉरी मैक्लरॉय
(स) डस्टिन जॉनसन (द) जॉर्डन स्पीथ
24. **ग्रामीण खेल-2022 कौन-सा देश पदक तालिका में दूसरे स्थान पर रहा था?**
(अ) भारत (ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) इंग्लैंड (द) कनाडा
25. **इनमें से कौन-सा खिलाड़ी आईपीएल टीम गुजरात जाइंट्स का कप्तान है?**
(अ) शुभमन गिल (ब) राशिद खान
(स) कुणाल पंड्या (द) हार्दिक पंड्या

उत्तर

1. (ब), 2. (अ), 3. (ब), 4. (अ), 5. (द), 6. (स), 7. (ब), 8. (अ), 9. (द), 10. (स), 11. (ब), 12. (अ), 13. (ब), 14. (अ), 15. (द), 16. (स), 17. (ब), 18. (अ), 19. (द), 20. (स), 21. (द), 22. (अ), 23. (ब), 24. (स), 25. (द)।

- पुष्पेंद्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

आयुष सेक्टर में कॅरियर के बढ़ते मौके

'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों के लिये 'कॅरियर की राहें' नाम से उपयोगी स्तंभ लगातार प्रकाशित किया जा रहा है। अच्छे कॅरियर के लिये जरूरी है कि युवा कॅरियर की विभिन्न विधाओं से परिचित हों और अपनी रुचि, योग्यता और क्षमताओं के अनुरूप अपने लिये उपयुक्त कॅरियर का निर्धारण करें। पिछले 40 वर्षों से नई पीढ़ी के लिये कॅरियर संबंधी विषयों पर नियमित लेखन कर रहे, डॉ. जयंतीलाल भंडारी युवाओं को कॅरियर के विभिन्न अवसरों से परिचित कराते हुये आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दे रहे हैं।



निःसंदेह इस समय देश और दुनिया में आयुर्वेदिक सेक्टर में कॅरियर के अवसर बढ़ने का परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। भारत की आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति कोई पांच हजार वर्ष पुरानी चिकित्सा पद्धति है। आयुर्वेद को जीवन का विज्ञान भी कहा जाता है। इस चिकित्सा पद्धति की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें प्राकृतिक तरीके से रोगी का उपचार किया जाता है। कोविड-19 में आयुर्वेदिक दवाइयों और आयुर्वेदिक चिकित्सा को नई अहमियत मिली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 9वें विश्व आयुर्वेद कांग्रेस (डब्ल्यूएसी) के समापन समारोह और तीन राष्ट्रीय आयुष संस्थानों के उद्घाटन समारोह में कहा कि आयुर्वेद, सिर्फ इलाज के लिए नहीं है। आयुर्वेद हमें जीवन जीने का तरीका सिखाता है।

दुनिया में बढ़ते आयुर्वेदिक सेक्टर से बढ़ेंगे कॅरियर के मौके

गौरतलब है कि केंद्र सरकार आयुर्वेद सहित पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली को अंतिसक्रियता के साथ वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के लिए आगे बढ़ी है। सरकार ने कई देशों के साथ आयुर्वेद सहित पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली को आगे बढ़ाने से संबंधित अनुसंधान विकास और शिक्षण-प्रशिक्षण के विभिन्न समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि 13 नवंबर, 2020 को पांचवें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रस एडनौम घेब्रेसस ने भारत में पारंपरिक दवाओं के लिए एक वैश्विक केंद्र की स्थापना सुनिश्चित की है। इसका उद्देश्य विश्व के विभिन्न देशों में परंपरागत और पूरक दवाओं के अनुसंधान, प्रशिक्षण और जागरूकता को मजबूत किया जाना है। ऐसे में दुनिया भर में आयुर्वेदिक सेक्टर बढ़ने से इस सेक्टर में कॅरियर अवसर बढ़ेंगे।

आयुर्वेद सेक्टर का बढ़ता बाजार

भारत में आयुष के क्षेत्र में करीब 40 हजार सूक्ष्म, लघु और मध्यम (एमएसएमई) उद्योग कार्यरत हैं, जो अनेक विविध प्रोडक्ट दे रहे हैं। इनसे लोकल इकोनॉमी को बड़ी ताकत मिल रही है। आठ साल पहले देश में आयुष इंडस्ट्री करीब-करीब 20 हजार करोड़ रुपये के आस-पास ही थी। आज आयुष इंडस्ट्री करीब-करीब डेढ़ लाख करोड़ रुपये के आस-पास पहुंच रही है। 14-15 प्रतिशत सालाना की दर से भारतीय आयुष उद्योग के आगे बढ़ने का अनुमान है।

जीएआईआईएस समझौतों से सृजित होंगे नए रोज़गार के मौके

यह भी उल्लेखनीय है कि 2022 में वैश्विक आयुष निवेश और नवाचार शिखर सम्मेलन (जीएआईआईएस) के दौरान, कई देशों, प्रतिष्ठित अनुसंधान संस्थानों, किसान समूहों और उद्योग के बीच 70 से अधिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। जीएआईआईएस के पहले अध्याय में अमूल, डाबर, आम आयुर्वेद, एकॉर्ड, आयुर्वेद, नेचुरल रेमेडीज, एम्ज़ो फार्मा और पतंजलि सहित 30 से अधिक एफएमसीजी कंपनियों की बहुत उत्साहजनक भागीदारी दिखाई दी। इससे लगभग 5.5 लाख रोज़गार सृजित होने की उम्मीद है। इससे 76 लाख से अधिक लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव होगा। पिछले तीन वर्षों में सरकार के द्वारा दुनिया के कई देशों को आयुर्वेदिक दवाइयों का बड़े पैमाने पर निर्यात किया गया है और वर्ष 2022-23 में पिछले वर्षों की तुलना में इनका अधिक निर्यात दिखाई दे रहा है।

आयुर्वेदिक चिकित्सा में भी बढ़ रहे हैं कॅरियर के मौके

यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि सरकार आयुर्वेद चिकित्सा को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। ऐसे प्रयासों से कॅरियर के मौके लगातार बढ़ रहे हैं। विगत नवंबर, 2020 को केंद्र सरकार ने सुनिश्चित किया है कि आयुर्वेद की डिग्री हासिल करने वाले डॉक्टर अब कोई 58 तरह की सर्जरी कर सकेंगे। निश्चित रूप से इस समय जब डब्ल्यूएचओ ने भारत में पारंपरिक दवाओं के वैश्विक केंद्र की स्थापना सुनिश्चित की है, तब भारत के आयुर्वेदिक दवाइयों के बाजार के बढ़ने और इसमें रोज़गार की नई संभावनाएं बढ़ी हैं। आयुर्वेदिक चिकित्सा की डिग्री लेने के बाद कई तरह के रोज़गार और स्वरोज़गार के मौके हैं। किसी अस्पताल से जुड़कर कार्य कर सकते हैं या फिर खुद का क्लिनिक खोलकर लोगों को चिकित्सा सेवा दे सकते हैं। आयुर्वेदिक दवाई निर्माता कंपनियों की संख्या में इजाफा और विदेशों में भी इसका प्रचलन इस क्षेत्र में रोज़गार के नये आयाम खोल रहा है। विदेश से आने वाले पर्यटकों के लिए अधिक से अधिक पंचकर्म केंद्र बनाए जा रहे हैं। यही नहीं, देश में सरकारी अस्पतालों में भी आयुर्वेदिक चिकित्सकों की नियुक्तियों को अहमियत दी जा रही है। इसके अलावा आयुर्वेदिक दवाई निर्माण, आहार विशेषज्ञता और आयुर्वेदिक कॉलजों में अध्यापन जैसे कई अच्छे कॅरियर के मौके भी मुट्ठियों में किए जा सकते हैं।

आयुर्वेदिक चिकित्सा में कॅरियर के लिए जरूरी स्किल्स

आयुर्वेद सेक्टर में कॅरियर बनाने के लिए चिकित्सा कार्य में संतुष्टि और मानव सेवा में गहरी रुचि होना जरूरी है। विपरीत परिस्थितियों में भी संयम से काम लेने की क्षमता, हर पल कुछ नया जानने तथा रिसर्च करने की क्षमता भी लाभप्रद होती है। यद्यपि आयुर्वेदिक कोर्स का अध्ययन हिन्दी और अंग्रेजी में होता है, लेकिन आयुर्वेद से संबंधित बहुत सारी शब्दावली और किताबें संस्कृत में ही उपलब्ध हैं। इसलिए इस क्षेत्र में संस्कृत का ज्ञान भी लाभप्रद होता है।

बीएएमएस की डिग्री कैसे प्राप्त करें

बैचलर ऑफ आयुर्वेद मेडिसिन एंड सर्जरी (बीएएमएस) कोर्स में नामांकन के लिए यह आवश्यक है कि किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से फिजिक्स, कैमिस्ट्री और बायोलॉजी विषयों के साथ 12वीं की परीक्षा 50 फीसदी अंकों के साथ उत्तीर्ण हो। सामान्यतया बीएएमएस के लिए नीट परीक्षा देना होती है। बीएएमएस पाठ्यक्रम की अवधि साढ़े पांच वर्ष होती है। इसमें अनिवार्य इंटर्नशिप भी शामिल है। बीएएमएस की डिग्री के बाद आयुर्वेद में एमडी तथा एमएस की पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री की जा सकती है।

आयुर्वेद में कॅरियर की राह पर बढ़िए

यदि आप आयुष सेक्टर में कॅरियर बनाने में रुचि रखते हैं तो नीट परीक्षा के आधार पर मध्यप्रदेश और देश के कोने-कोने में आयुर्वेद शिक्षा के विभिन्न शासकीय और निजी क्षेत्र के कॉलेजों में से अपनी उपयुक्तता के अनुरूप किसी गुणवत्तापूर्ण कॉलेज से डिग्री लेकर आयुर्वेद के क्षेत्र में कॅरियर की राह पर आगे बढ़िए।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी

(लेखक कॅरियर मार्गदर्शन के लिये लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में प्रतिष्ठित हैं।)

डिजिटल इंडिया प्रोग्राम से सशक्त हो रहा है भारत

तकनीकी के साथ डिजिटल कनेक्टिविटी पूरी दुनिया को बदल रही है, यह नये भारत को भी आकार दे रही है। भारत में डिजिटलीकरण के तेजी से बढ़ने पर इंटरनेट-आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिल रहा है। वहीं भारत के पास विश्व के दक्षिणी भू-भाग में आने वाले देशों को इंटरनेट की सुविधा सुगम बनाने की भी क्षमता है। भारत सरकार ने इंटरनेट आधारित पारिस्थितिकी तंत्र के विकास को और तेज करने के लिए भारतनेट, डिजिटल इंडिया, ब्रांड इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसी परियोजनाओं को शुरू किया है।

डिजिटल इंडिया प्रोग्राम के लिए एक समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित करते हुए प्रधानमंत्री ने विस्तार से बताया था कि 'हमने 4 पिलर्स पर, चार दिशाओं में एक साथ फोकस किया। पहला- डिवाइस की कीमत, दूसरा-डिजिटल कनेक्टिविटी, तीसरा-डेटा की कीमत, चौथा और सबसे जरूरी 'डिजिटल फर्स्ट' की सोच। 'डिजिटल इंडिया प्रोग्राम' भारत को समृद्ध बनाने की दिशा में केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस प्रोग्राम का लक्ष्य देश को डिजिटल रूप से सशक्त बनाना है। डिजिटल इंडिया प्रोजेक्ट की शुरुआत 1 जुलाई, 2015 को की गई थी, जिसका उद्देश्य देश के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर सिस्टम को सुधारना था। पिछले आठ वर्षों में डिजिटल इंडिया ने देश में जो सामर्थ्य पैदा किया, उसने कोरोना वैश्विक महामारी से मुकाबला करने में भारत की बहुत मदद की है। सरकार ने एक क्लिक पर देश की लाखों महिलाओं, किसानों, मजदूरों और अन्य हितग्राहियों के बैंक खातों में हजारों करोड़ रुपये भेजे। एक देश एक राशन कार्ड की मदद से सरकार ने 80 करोड़ से अधिक देशवासियों को मुफ्त राशन सुनिश्चित किया। हमारे देश ने दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे कुशल कोविड टीकाकरण और कोविड राहत कार्यक्रम चलाया। कोविन प्लेटफॉर्म के माध्यम से लगभग 200 करोड़ वैक्सीन खुराकें दी गई हैं और प्रमाण पत्र दिए गए। हाल ही में केंद्र सरकार ने 5जी सेवाओं का शुभारंभ किया है। 5जी ने देश के द्वार पर नए दौर की दस्तक दी है।

स्किलिंग, अपस्किल और रीस्किलिंग पर फोकस

डिजिटल इंडिया प्रोग्राम के जरिए आने वाले कुछ वर्षों में इंडस्ट्री 4.0 के लिए 14-15 लाख युवाओं के स्किलिंग, अपस्किल और रीस्किलिंग पर फोकस करने जा रही है। अंतरिक्ष हो, मैपिंग, ड्रोन, गेमिंग और एनिमेशन हो, ऐसे कई सेक्टर हैं जो डिजिटल तकनीक के भविष्य को विस्तार देने जा रहे हैं, उन्हें नवाचार के लिए खोल दिया गया है। इन-स्पेस (IN-SPACe) और नई ड्रोन नीति जैसे प्रावधान इस दशक में आने वाले वर्षों में भारत की तकनीकी क्षमता को नई ऊंचाई देंगे। भारत अगले तीन से चार वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक्स मेन्युफैक्चरिंग को 300 अरब डॉलर से ऊपर ले जाने के लक्ष्य पर काम कर रहा है। भारत अब चिप बना लेने वाले से चिप देने वाला देश बनना चाहता है। सेमीकंडक्टर का उत्पादन बढ़ाने के लिए भारत में निवेश तेजी से बढ़ रहा है।

ट्रिलियन डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था का लक्ष्य

केंद्र सरकार ट्रिलियन डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को हासिल करने में स्टार्टअप एवं युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए लगातार नए अवसर पैदा कर रही है, जिसके लिए केंद्र सरकार ने सरकारी कार्यों और सार्वजनिक सेवाओं के द्वारा डिजिटलीकरण पर ध्यान केंदित किया गया है। डिजिटल तकनीकों का उपयोग कई क्षेत्रों में किया जा रहा है, पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान सहित कई ऐसी परियोजनाएं हैं, जिनके तहत विभिन्न मंत्रालयों द्वारा जीआईएस तकनीक का उपयोग करते हुए परिसंपत्तियों की मैपिंग की जा रही है। साथ ही साथ अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में ड्रोन प्रौद्योगिकी को बढ़ावा दिया जा रहा है। डिजिटल अर्थव्यवस्था ने 88-90 लाख नौकरियां सृजित की हैं।

यूपीआई की महत्वपूर्ण भूमिका, व्यवसायों का संचालन आसान

एकीकृत भुगतान इंटरफेस (UPI) के जरिए देश के हर हिस्से से लोग डिजिटल भुगतान कर रहे हैं। भुगतान और लेनदेन के मामले में UPI समृद्ध व्यवसायियों से लेकर मामूली रेहड़ी-पटरी वालों तक सभी की मदद कर रहा है। वित्त वर्ष 2022 में UPI पर लेनदेन एक ट्रिलियन डॉलर को पार कर गया है और आज हम डिजिटल लेन-देन में विश्व में प्रथम स्थान पर हैं। वर्ष 2021 में कुल वैश्विक डिजिटल भुगतान का 40 प्रतिशत भारत में हुआ और भीम-यूपीआई अब केवल भारतीय एप नहीं रह गया है, बल्कि ग्लोबल बन चुका है और अनेक देश जैसे फ्रांस, सिंगापुर, यूएई, भूटान और नेपाल इसका उपयोग कर रहे हैं।

इलेक्ट्रॉनिक ग्राहक पहचान प्रणाली (e-KYC), इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज भंडारण प्रणाली (DigiLocker) और इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर प्रणाली (eSign) से व्यवसाय और उनका संचालन पूर्ण रूप से व्यवस्थित हो पाया है। वहीं सिस्टम में खामियों को दूर करने के लिए JAM (जन धन, आधार और मोबाइल) ट्रिनिटी को एक सरल कदम के रूप में शुरू किया गया था।

डिजिटल इंडिया प्रोग्राम के लिए की गईं पहल

- **'डिजिटल इंडिया भाषिणी'**- डिजिटल इंडिया भाषिणी भारत का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के नेतृत्व वाला भाषा अनुवाद मंच है। यह पहल देश के नागरिकों को उनकी अपनी भाषा में डिजिटल पहल से जोड़कर सशक्त बनाएगी। भाषिणी का लक्ष्य है कि सभी भारतीयों को इंटरनेट और डिजिटल सेवाएं उनकी भाषा में आसानी से उपलब्ध हो सकें और भारतीय भाषाओं में सामग्री की वृद्धि हो।
- **'डिजिटल इंडिया जेनेसिस' (इनोवेटिव स्टार्टअप्स के लिए जेन-नेक्स्ट सपोर्ट)**- भारत के टियर-2 और टियर-3 शहरों में खोजने (डिस्कवर), सहयोग (सपोर्ट), विकास करने और सफल स्टार्टअप बनाने के लिए एक राष्ट्रीय डीप-टेक स्टार्टअप कार्यक्रम है। इस योजना के लिए कुल 750 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।
- **'इंडियास्टैक डॉट ग्लोबल'**- यह प्लेटफार्म आधार, यूपीआई, डिजिलॉकर, कोविन टीकाकरण प्लेटफॉर्म, गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जीईएम), दीक्षा प्लेटफॉर्म और आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ मिशन जैसी इंडिया स्टैक के तहत चल रही प्रमुख परियोजनाओं का वैश्विक भंडार है। वैश्विक सार्वजनिक डिजिटल भंडार की भारत की पेशकश जनसंख्या के पैमाने पर डिजिटल परिवर्तन परियोजनाओं के निर्माण में देश को अग्रणी रूप में स्थापित करने में मदद करेगा और यह अन्य देशों के लिए बहुत मददगार साबित होगा, जो ऐसी तकनीकी समाधानों की तलाश में हैं।
- **'माईस्कीम'**- सरकारी योजनाओं तक पहुंच की सुविधा प्रदान करने के लिए यह एक सेवा खोजने वाला प्लेटफॉर्म है। यह वन-स्टॉप सर्च और डिस्कवरी पोर्टल के तौर पर खुद को पेश करता है जहां यूजर्स उन योजनाओं को ढूंढ सकते हैं, जिसके लिए वे पात्र हैं।
- **'मेरी पहचान'**- नेशनल सिंगल साइन-ऑन (एनएसएसओ) एक उपयोगकर्ता प्रमाणीकरण सेवा है, जिसमें निजी जानकारी का एक सेट, कई ऑनलाइन एप्लिकेशन या सेवाओं तक पहुंच प्रदान करता है।

आज डिजिटल इंडिया प्रोग्राम मजबूत डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार कर रहा है। डिजिटल इंडिया प्रोग्राम को आगे ले जाने की दिशा में डिजिटल सेवा का वितरण और डिजिटल साक्षरता महत्वपूर्ण है। आज हमारे छोटे व्यापारी हों, छोटे उद्यमी हों, लोकल कलाकार या कारीगर हों, डिजिटल इंडिया ने सबको मंच दिया है और सबको बाजार दिया है। भारत में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी बढ़ रही है जो कि विश्व में सबसे अधिक है। 1.4 बिलियन से भी अधिक की आबादी वाले भारत देश में 800 मिलियन इंटरनेट उपयोगकर्ता हैं, जिसमें कि 1.2 बिलियन मोबाइल उपयोगकर्ता हैं। वहीं अब भारत में 5G सेवा की शुरुआत हो गई है और हर भारतीय तक हाई-स्पीड इंटरनेट पहुंच रहा है।

- रश्मि रंजन

(लेखिका, समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

खेल चर्चा

इंग्लैंड ने टेस्ट सीरीज में पाकिस्तान को किया क्लीन स्वीप

मुंबई, आईसीसी टूर्वेटी-20 विश्वकप के फाइनल के बाद इंग्लैंड ने टेस्ट क्रिकेट में भी पाकिस्तान को पटखनी दी है। इंग्लैंड ने पाकिस्तान में खेली गई टेस्ट सीरीज में पाकिस्तान को 3-0 से हराया है। इंग्लैंड ने पहली बार पाकिस्तान को उसी के घरेलू मैदान पर टेस्ट क्रिकेट में क्लीन स्वीप किया है। इंग्लैंड ने सीरीज के तीसरे और अंतिम मैच में पाकिस्तान को 8 विकेट से हराया है। इससे पहले इंग्लैंड ने सीरीज का पहला मैच 74 रन तथा दूसरा मैच 26 रन से जीता था। तीसरे मैच में पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 304 रन बनाये, जिसके जवाब में इंग्लैंड ने हैरी ब्रूक (111) की शतकीय पारी की बदौलत 354 रन बनाये। दूसरी पारी में पाकिस्तान की टीम 216 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इंग्लैंड को दूसरी पारी में जीत के लिए 167 रनों का लक्ष्य मिला, जिसे उसने 28.1 ओवर में दो विकेट खोकर हासिल कर लिया।

फ्रांस के करीम बेंजेमा ने लिया संन्यास

पेरिस, फीफा विश्वकप में अर्जेंटीना के हाथों मिली खिताबी शिकस्त की निराशा के बीच फ्रांस को एक और झटका लगा है। फ्रांसीसी फुटबॉल टीम के स्टार खिलाड़ी करीम बेंजेमा ने अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लिया है। बेंजेमा ने अपने 35वें जन्मदिन के अवसर पर संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि मैं आज जहां हूं, वहां पहुंचने के लिए मैंने कई प्रयास किए और गलतियां कीं। मुझे इस पर गर्व है। वर्ष 2007 में फ्रांस के लिए अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल में पदार्पण करने वाले बेंजेमा ने 97 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं, जिनमें उन्होंने 37 गोल किए और 20 गोल असिस्ट किए हैं। बेंजेमा को इस वर्ष बेलोन डि'ओर अवॉर्ड से नवाजा गया है।

ऑस्ट्रेलिया ने पहले टेस्ट मैच में दक्षिण अफ्रीका को हराया

ब्रिस्बेन, ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम को पहले टेस्ट मैच में हार का सामना करना पड़ा है। ऑस्ट्रेलिया ने ब्रिस्बेन में खेले गए सीरीज के पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका को महज दो दिन के अंदर 6 विकेट से हराया। मैच में दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 152 रन बनाये। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 218 रन बनाये। दूसरी पारी में दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों का प्रदर्शन और भी खराब रहा और पूरी टीम महज 99 रन के स्कोर पर ऑल आउट हो गई। जीत के लिए मिले 34 रनों के आसान लक्ष्य का पीछा करना ऑस्ट्रेलिया के लिए भी मुश्किल रहा। ऑस्ट्रेलिया ने 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मैच में बल्लेबाजी के लिए मुश्किल ब्रिस्वेन की पिच पर नाराजगी जताते हुए इसे औसत से खराब यानी विलो एवरेज रेटिंग दी है।

फ्रांस को हराकर अर्जेंटीना बना फुटबॉल का नया विश्व चैम्पियन

लुसैल, अर्जेंटीना विश्व फुटबॉल का नया चैम्पियन बन गया है। अर्जेंटीना ने कतर में खेले गए फीफा फुटबॉल विश्वकप के फाइनल में फ्रांस को पेनाल्टी शूटआउट में 4-2 से हराकर खिताब अपने नाम किया। अर्जेंटीना ने तीसरी बार यह विश्व खिताब जीता है। अर्जेंटीना की जीत के हीरो कप्तान लियोनेल मेसी रहे।

वेहद रोमांचक रहे फाइनल मुकाबले में अर्जेंटीना ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया। इसके कारण फ्रांसीसी खिलाड़ी दबाव में आ गये। फ्रांस के उस्मान डेंबले 23वें मिनट में वॉक्स के भीतर एंजेल डि मारिया पर फाउल कर बैठे और अर्जेंटीना को पेनाल्टी मिली। कप्तान मेसी ने पेनाल्टी के मौके को भुनाया और गोल दागकर 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। मैच के 36वें मिनट में एंजेल डि मारिया ने मैक्स एलिस्टर के पास पर बेहतरीन मैदानी गोल दागकर टीम की बढ़त दोगुनी कर दी।

पहले हाफ में पिछड़ने के बाद फ्रांस ने दूसरे हाफ में अपनी रणनीति में बदलाव करते हुए खेल को आगे बढ़ाया। टीम ने इस दौरान गोल करने के कई मौके बनाए, लेकिन अर्जेंटीना की रक्षा पंक्ति को भेद नहीं सके। मैच के अंतिम समय में ऐसा लग रहा था कि अर्जेंटीना आसानी से मैच जीत लेगा, लेकिन एमबाप्पे ने एक बार फिर अपना कमाल दिखाया और मैच का रुख पलट दिया। मैच के 81वें मिनट में अर्जेंटीना के निकोलस ओटामेंडी ने मार्कस थुरम पर फाउल किया, जिसके बाद एमबाप्पे पेनाल्टी को गोल में तब्दील करने में सफल रहे। अर्जेंटीना अभी इस गोल से उबर भी नहीं पाया था कि 82वें मिनट में थुरम के पास पर एमबाप्पे ने एक और गोलकर मैच को 2-2 की बराबरी पर ला दिया।

- **अर्जेंटीना ने वर्ष 1978 और 1986 में भी जीता है फीफा विश्वकप।**
- **अर्जेंटीना चौथा देश बन गया है, जिसने तीन बार फीफा विश्वकप जीता है।**
- **ब्राजील ने पांच बार और जर्मनी तथा इटली ने 4-4 बार जीता है विश्वकप खिताब।**
- **लियोनल मेसी ने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए गोल्डन बॉल अवॉर्ड जीता।**
- **मेसी दो बार यह अवॉर्ड जीतने वाले पहले खिलाड़ी हैं। मेसी ने वर्ष 2014 में भी गोल्डन बॉल अवॉर्ड जीता था।**
- **एमबाप्पे ने इस विश्वकप में सर्वाधिक 8 गोल किए, जिसके लिए उन्हें गोल्डन बूट अवॉर्ड मिला है।**
- **अर्जेंटीना के एमी मार्टिनेज सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर तथा एंजो फर्नांडेज सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी चुने गए हैं।**

निर्धारित समय तक 2-2 की बराबरी रहने के बाद मैच अतिरिक्त समय में गया। अतिरिक्त समय में दोनों टीमें गोल के अवसर की तलाश में दिखीं। अतिरिक्त समय में एक बार फिर मेसी का जादू दिखा। मेसी ने मैच के 108वें मिनट में पेनाल्टी के जरिये गोल कर अपनी टीम को 3-2 से आगे कर दिया। इसके बाद किलियन एमबाप्पे ने मैच खत्म होने से दो मिनट पहले (118वें मिनट) पेनाल्टी पर गोल कर फिर से स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद विजेता का फैसला पेनाल्टी शूटआउट से हुआ।

अर्जेंटीना के लिए लियोनल मेसी, पाउलो डायबाला, लिएंड्रो पेरडेज और गोंजालो मॉंटिएल ने पेनाल्टी शूटआउट में गोल किए। जबकि फ्रांस के लिए किलियन एमबाप्पे और रैंडल कोलो मुआनी ही गोल कर सके।

ऑस्ट्रेलिया ने 4-1 से जीती टूर्वेटी-20 सीरीज

मुंबई, भारत और ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीमों के बीच खेली गई पांच मैचों की सीरीज को ऑस्ट्रेलिया ने 4-1 से अपने नाम किया है। सीरीज के पांचवें मैच में ऑस्ट्रेलिया ने 54 रन से हराया। मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट खोकर 196 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया के लिए एश्ले गार्डनर ने 32 गेंदों में 66 रन तथा ग्रेस हैरिस ने 35 गेंदों में 64 रन बनाये। इसके जवाब में भारतीय टीम के बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। दीप्ति शर्मा (53) को छोड़कर अन्य कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाई। भारतीय टीम की पारी 142 रनों पर सिमट गई। मैच में गेंदबाज हीथर ग्राहम ने हैट्रिक ली।

भारत दौरे पर टॉम लॉथम होंगे न्यूजीलैंड के कप्तान

ऑकलैंड, न्यूजीलैंड क्रिकेट ने पाकिस्तान और भारत दौरे के लिए न्यूजीलैंड की वन-डे टीम का ऐलान किया है। टीम के कप्तान केन विलियमसन और टिम साउदी को भारत दौरे पर आराम दिया गया है। भारत दौरे पर टीम की कमान टॉम लॉथम को सौंपी गई है। हालांकि विलियमसन और साउदी पाकिस्तान दौरे पर टीम के साथ होंगे। न्यूजीलैंड के चयनकर्ता गोविन लार्सन ने कहा कि वर्कलोड मैनेजमेंट के कारण भारत दौरे पर लिमिटेड ओवर क्रिकेट सीरीज के लिए कप्तान केन विलियमसन, टिम साउदी और मुख्य कोच गैरी स्टीड को आराम दिया गया है। स्टीड की जगह बल्लेबाजी कोच ल्यूक रोंची टीम के मुख्य कोच होंगे। अभी न्यूजीलैंड क्रिकेट ने टूर्वेटी-20 सीरीज के लिए टीम घोषित नहीं की है। न्यूजीलैंड का भारत दौरा 18 जनवरी से शुरू होगा। दौरे पर तीन-तीन मैचों की वन-डे और टूर्वेटी-20 सीरीज खेली जायेगी।

भारत ने पहले टेस्ट में बांग्लादेश को हराया

चटगांव, भारत ने बल्लेबाज और गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर बांग्लादेश को पहले टेस्ट मैच में 188 रनों से हराया है। इसके साथ ही भारत ने दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है।

मैच में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। भारत ने पहली पारी में 404 रन बनाये। भारत के लिए चेतेश्वर पुजारा (90) और श्रेयस अय्यर (86) ने शानदार पारियां खेलीं, लेकिन शतक पूरा नहीं कर सके। इनके अलावा रविचंद्रन अश्विन (58) और कुलदीप यादव (40) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं।

इसके जवाब में बांग्लादेश के बल्लेबाज पहली पारी में पूरी तरह फ्लॉप रहे। बांग्लादेश की टीम पहली पारी में महज 150 रन पर ऑलआउट हो गई। पहली पारी में 254 रनों की बढ़त मिलने के बाद भारतीय बल्लेबाजों ने दूसरी पारी में आक्रामक रुख अपनाया। सलामी बल्लेबाज के.एल. राहुल और शुभमन गिल ने पहले विकेट के लिए 70 रन जोड़े। इसके बाद गिल को पुजारा का साथ मिला। शुभमन गिल ने अपना पहला शतक बनाते हुए 110 रन तथा पुजारा ने अपना 19वां टेस्ट शतक बनाते हुए नाबाद 102 रनों की शतकीय पारी खेली। भारत ने अपनी दूसरी पारी दो विकेट खोकर 258 रन पर घोषित की।

बांग्लादेश को जीत के लिए 513 रनों का लक्ष्य मिला। लक्ष्य के जवाब में सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन और नजमुल हुसैन शंतो (67) ने मजबूत शुरुआत की। अपना पदार्पण टेस्ट मैच खेल रहे जाकिर ने शानदार शतक लगाया। इसके बावजूद बांग्लादेश की पारी 324 रन पर सिमट गई।

राफेल नडाल चुने गए आईटीएफ विश्व चैम्पियन

लंदन, अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) ने स्पेन के दिग्गज खिलाड़ी राफेल नडाल को आईटीएफ विश्व चैम्पियन-2022 के तौर पर सम्मानित किया है। नडाल ने पांचवीं बार आईटीएफ विश्व चैम्पियन पुरस्कार हासिल किया है।

आईटीएफ ने कहा कि काफी समय से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे नडाल ने वर्ष 2022 में अच्छा प्रदर्शन किया है। वह विश्व रैंकिंग में कार्लोस अलकराज के बाद दूसरे स्थान पर हैं। नडाल ने इस वर्ष दो ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीते हैं। आईटीएफ ने महिला वर्ग में पोलैंड की युवा टेनिस स्टार इगा स्वितेक को आईटीएफ विश्व चैम्पियन पुरस्कार के लिए चुना है। वर्ष 2022 में स्वितेक ने वेंबरलैन खेल दिखाया है। इस दौरान स्वितेक ने फ्रेंच ओपन तथा यूएस ओपन ग्रैंड स्लैम एकल खिताब अपने नाम किये हैं।

- **नडाल वर्ष 2008, 2010, 2017 और 2019 में भी आईटीएफ विश्व चैम्पियन चुने जा चुके हैं।**
- **नडाल ने इस वर्ष ऑस्ट्रेलियन ओपन और फ्रेंच ओपन खिताब जीते हैं।**
- **नडाल के नाम पुरुष वर्ग में सबसे ज्यादा 22 ग्रैंड स्लैम टाइटल जीतने का रिकॉर्ड है।**

भारत ने जीता

एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप

वेलेंसिया, भारत की महिला हॉकी टीम ने स्पेन में आयोजित एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया है। भारत ने टूर्नामेंट के फाइनल में मेजबान स्पेन को 1-0 से हराया। मैच में भारत के लिए एकमात्र गोल गुरजीत कौर ने किया। इस खिताबी जीत के साथ भारतीय महिला टीम ने एफआईएच प्रो लीग (2023-24) के लिए सीधे क्वालिफाई कर लिया है।

गुरजीत ने दिलाई बढ़त

मैच में भारतीय टीम शुरुआत से ही लय में नजर आई। पहले क्वार्टर के छठवें मिनट में स्पेनिश खिलाड़ी ने फाउल कर दिया, जिससे भारतीय टीम को पेनाल्टी कॉर्नर मिला। टीम की अनुभवी खिलाड़ी गुरजीत कौर ने इस अवसर का फायदा उठाते हुए गोल दागा और मैच में भारत

को शुरुआत में ही बढ़त दिला दी। यह गोल मैच का निर्णायक गोल साबित हुआ। इसके बाद दोनों टीमों ने दूसरे, तीसरे और चौथे क्वार्टर में गोल करने के कई प्रयास किए, लेकिन कोई भी टीम सफल नहीं हो पाई। मैच में भारत की गोलकीपर सविता पूनिया का प्रदर्शन बेहद लाजवाब रहा। सविता ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान विपक्षी टीमों के कई शॉर्ट ऑन टारगेट को गोल में तब्दील होने से रोका। सविता के अलावा टीम के डिफेंडरों ने भी अच्छा खेल दिखाया।

हॉकी इंडिया ने की इनाम की घोषणा

भारतीय महिला टीम की शानदार जीत पर हॉकी इंडिया ने भी खुशी जताई है और देश को गौरवान्वित करने वाली भारतीय महिला टीम के प्रत्येक सदस्य और कोचिंग स्टाफ के लिए इनाम की घोषणा की है। हॉकी इंडिया ने कहा कि इस जीत के लिए भारतीय टीम की प्रत्येक सदस्य को दो-दो लाख रुपये और कोचिंग स्टाफ को एक-एक लाख रुपये बतौर इनाम दिया जायेगा।

- **एफआईएच ने पहली बार हॉकी महिला नेशंस कप का आयोजन किया था।**
- **इस टूर्नामेंट में कुल आठ टीमों ने हिस्सा लिया।**
- **भारत इस टूर्नामेंट का पहला चैम्पियन बन गया है।**

भारत ने जीता टूर्वेटी-20 ब्लाइंड विश्वकप

बेंगलुरु, भारत ने ब्लाइंड टूर्वेटी-20 विश्वकप का खिताब अपने नाम किया है। भारत ने टूर्नामेंट के फाइनल में बांग्लादेश को 120 रन से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। भारत की जीत के हीरो कप्तान अजय कुमार रेड्डी और सुनील रमेश रहे। मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में दो विकेट खोकर 277 रन बनाये। अजय ने 50 गेंदों में 100 रन तथा सुनील ने 63 गेंदों में 136 रन की नाबाद पारी खेली। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 248 रनों की नाबाद साझेदारी की। भारत के विशाल लक्ष्य के जवाब में बांग्लादेश की टीम दबाव में नजर आई। बांग्लादेश की टीम निर्धारित 20 ओवरों में तीन विकेट खोकर 157 रन ही बना सकी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

लेबनान में शांति रक्षकों पर हुआ हमला

लेबनान में एक काफिले पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा की गई गोलीबारी में आयरलैंड के एक संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक

की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। आयरलैंड और लेबनान के सैन्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

आयरलैंड के रक्षा बलों ने एक बयान में कहा कि संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल-लेबनान (यूएनआईएफएल) के आयरलैंड के आठ शांति रक्षक सैनिकों को लेकर अल-अकबिया कस्बे से बेरूत जा रहीं दो बख्तरबंद गाड़ियों पर गोलीबारी की गई। आयरलैंड की सेना ने कहा कि घायल हुए तीन में से एक सैनिक की हालत गंभीर है।

यूएनआईएफएल के प्रवक्ता एंड्रिया टेनेंटी ने कहा कि बल सेना के साथ समन्वय करके घटना के बारे में सटीक जानकारी जुटाने का प्रयास कर रहा है। लेबनान के विदेश मंत्रालय ने इस घटना की निंदा की है। कार्यवाहक प्रधानमंत्री नजीब मिकाती के कार्यालय की तरफ से जारी बयान में जांच का अनुरोध किया गया है।

मेघालय के शिलांग में कई परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और लोकार्पण

पीएम-डिवाइन के तहत आगामी वर्षों का बजट तय किया गया है : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मेघालय के शिलांग में 2450 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का शिलान्यास,

- **प्रधानमंत्री ने असम, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा राज्यों में छह सड़क परियोजनाओं की आधारशिला रखी।**
- **आईआईएम शिलांग के नए परिसर का उद्घाटन किया गया। इसके साथ ही मिजोरम, मणिपुर, त्रिपुरा और असम में 21 हिंदी पुस्तकालयों का उद्घाटन हुआ।**

उद्घाटन और लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेघालय एक ऐसा राज्य है जो प्रकृति और संस्कृति में समृद्ध है और यह समृद्धि लोगों की गर्मजोशी और स्वागत करने वाले स्वभाव से परिलक्षित होती है। उन्होंने मेघालय के नागरिकों को राज्य में और भी अधिक विकास के लिए कनेक्टिविटी, शिक्षा, कौशल और रोज़गार से लेकर कई आगामी और नई उद्घाटन की गई परियोजनाओं के लिए बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा 'विकास सिर्फ बजट, टेंडर, शिलान्यास और उद्घाटन तक सीमित नहीं है। आज हम जो परिवर्तन देख रहे हैं, वह बदलाव इरादे में आया है, बदलाव संकल्पों में आया है, बदलाव प्राथमिकताओं में आया है, बदलाव कार्य-संस्कृति में आया है, बदलाव प्रक्रिया और परिणाम में आया है। प्रधानमंत्री ने कहा 'हमारा संकल्प आधुनिक बुनियादी ढांचे, आधुनिक कनेक्टिविटी के साथ एक विकसित भारत का निर्माण करना है। सबका प्रयास के माध्यम से भारत के हर

क्षेत्र और तबके को तेजी से विकास के उद्देश्य से जोड़ने का इरादा है। हमारी प्राथमिकता अभावों को दूर करना, दूरियों को कम करना, क्षमता निर्माण में संलग्न होना और युवाओं को अधिक अवसर देना है। और हमारी कार्य-संस्कृति में बदलाव यह दर्शाता है कि हर परियोजना और कार्यक्रम समय-सीमा के भीतर पूरा हो।' प्रधानमंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार इस साल सिर्फ इंफ्रास्ट्रक्चर पर 7 लाख करोड़ रुपये खर्च कर रही है।

प्रधानमंत्री ने बताया कि मेघालय में राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण पर पिछले 8 वर्षों में 5 हजार करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 8 वर्षों में मेघालय में प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत जितनी संख्या में ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया गया है, वह पिछले 20 वर्षों में निर्मित सड़क की तुलना में सात गुना अधिक है। प्रधानमंत्री ने कहा 'वह बुनियादी ढांचा मेघालय के युवाओं को नए अवसर देगा। आईआईएम और प्रौद्योगिकी पार्क द्वारा उपलब्ध शिक्षा से इस क्षेत्र में कमाई के अवसर बढ़ेंगे। पूर्वोत्तर में 150 से अधिक एकलव्य विद्यालयों का निर्माण हो रहा है, जिनमें से 39 मेघालय में हैं। वनों से प्राप्त उत्पादों में मूल्यवर्धन के लिए पूर्वोत्तर में 850 वन धन केंद्र स्थापित किए गए हैं। उनके साथ कई स्व-सहायता समूह जुड़े हुए हैं, जिनमें से कई हमारी माताओं-बहनों के हैं। घरों, पानी और बिजली जैसी सामाजिक बुनियादी सुविधाओं ने पूर्वोत्तर को व्यापक लाभ पहुंचाया है। गरीबों के लिए 70 हजार से ज्यादा घर स्वीकृत किए गए और 3 लाख घरों को पाइप से पानी के कनेक्शन मिले। हमारे आदिवासी परिवार इन योजनाओं के सबसे बड़े लाभार्थी हैं।'

प्रधानमंत्री ने पर्वतमाला योजना का उदाहरण दिया जो रोपवे का नेटवर्क बना रही है और पीएम डिवाइन योजना जो बड़ी विकास परियोजनाओं की आसान स्वीकृति सुनिश्चित करके पूर्वोत्तर के विकास को एक नई गति देने वाली है। उन्होंने कहा, 'पीएम-डिवाइन के तहत अगले 3-4 साल के लिए 6,000 करोड़ रुपये का बजट तय किया गया है। राज्य सरकारों की मदद से स्थितियों में लगातार सुधार हो रहा है, जबकि दशकों से चल रहे राज्यों के बीच सीमा विवाद सुलझाए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे लिए नॉर्थ ईस्ट, हमारे बॉर्डर एरिया, आखरी छोर नहीं बल्कि सुरक्षा और समृद्धि के गेटवे हैं। राष्ट्र की सुरक्षा भी यहीं से सुनिश्चित होती है और दूसरे देशों से व्यापार कारोबार भी यहीं से होता है। प्रधानमंत्री ने जीवंत ग्राम योजना के बारे में विस्तार से बताया, जिसके तहत सीमावर्ती गांवों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। वॉर्डर की नई सड़कें, नई टनल, नए पुल, नई रेल लाइन, नए एयरस्ट्रिप बनाने का काम तेजी से चल रहा है। जो सीमावर्ती गांव कभी वीरान हुआ करते थे, हम उन्हें वाइब्रेंट बनाने में जुटे हैं। हमारे शहरों के लिए जिस रफ्तार की जरूरत है, वह हमारी सीमा के लिए भी जरूरी है।'

भारतवंशी लियो वराडकर

आयरलैंड के प्रधानमंत्री बने

फाइन गेल पार्टी के नेता भारतीय मूल के लियो वराडकर को आयरलैंड की संसद के निचले सदन में मतदान के बाद नया प्रधानमंत्री चुना गया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार सदन के कुल 87 सदस्यों ने नये प्रधानमंत्री के रूप में उनके पक्ष में मतदान किया, जबकि 62 सदस्यों ने उनके खिलाफ मतदान किया। आयरिश राष्ट्रपति माइकल डी. हिगिंस द्वारा नये प्रधानमंत्री के रूप में उनकी नियुक्ति के बाद वराडकर ने मंत्रिमंडल में फेरबदल की घोषणा की।

कैबिनेट सदस्यों की एक लिस्ट के अनुसार पूर्व आयरिश प्रधानमंत्री और फियाना फेल के नेता माइकल मार्टिन नये उप प्रधानमंत्री, विदेश और रक्षा मंत्री बनेंगे, जबकि पूर्व विदेश और रक्षा मंत्री साइमन कोवेनी उद्यम, व्यापार और रोज़गार मंत्री बनेंगे। आयरिश संसद के निचले सदन द्वारा नामांकन को मंजूरी दिए जाने के बाद नई कैबिनेट ने अपनी पहली बैठक की। यह दूसरी बार है जब वराडकर को आयरिश प्रधानमंत्री के रूप में चुना गया है। वह पहली बार जून-2017 में आयरिश प्रधानमंत्री बने। जून 2020 में वराडकर के नेतृत्व वाली फाइन गेल पार्टी ने फियाना फेल और ग्रीन पार्टी के साथ एक गठबंधन सरकार बनाई थी।

यूक्रेन-रूस संघर्ष

बेलारूस पहुंचे राष्ट्रपति पुतिन

यूक्रेन की राजधानी कीव पर ड्रोन से फिर कई हमले किए गए। इस बीच रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सहयोगी देश

- **लगभग 10 महीने पहले यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के लिए बेलारूस ने रूसी सेना को हमले करने के लिए अपने भू-भाग का इस्तेमाल करने दिया था।**

बेलारूस के दौरे पर गए। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि कीव में तीन दिन पहले भी हमला किया गया था। अधिकारियों ने इसे युद्ध की शुरुआत के बाद से कीव पर किया गया अब तक का सबसे बड़ा हमला बताया है।

कीव शहर के प्रशासन ने अपने 'टेलीग्राम' अकाउंट पर बताया कि

राजधानी कीव के हवाई क्षेत्र में रूस ने 23 ड्रोन हमले किए, जिनमें से कम से कम 18 ड्रोन को मार गिराया गया। इन हमलों में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है और किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। हालांकि, यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि युद्ध में देश के तीन नागरिकों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए।

अधिकारियों ने कहा कि ड्रोन हमलों से राजधानी क्षेत्र सहित देश के मध्य और पूर्वी इलाकों समेत कुल 11 क्षेत्रों में बिजली गुल हो गई। कीव के मेयर विटाली क्लित्स्कों ने 'टेलीग्राम' पर बताया कि दो जिलों शेवचनकिव्स्की और सोलोम्यंस्की में विस्फोट की आवाज सुनी गई। हालांकि उन्होंने कहा कि किसी के हताहत होने की तत्काल कोई खबर नहीं है और आपात सेवाएं मौके पर तैनात हैं। यूक्रेन की वायु सेना ने 'टेलीग्राम' पर बताया कि रूस की ओर से अज़ोव सागर के पूर्वी तट से दागे गए लगभग 35 विस्फोटक ड्रोन में से 30 को मार गिराया गया। यूक्रेन की सेना ने मिसाइलों और विस्फोटक ड्रोन को मार गिराने में लगातार सफलता मिलने का दावा किया है।

कॉप-15

जैवविविधता संरक्षण के लिए वित्तीय कोष बने : भारत

कॉप-15 सम्मेलन में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि कार्यक्रम का सफल कार्यान्वयन पूरी तरह से उन तरीकों और साधनों पर निर्भर करेगा, जो हम समान रूप से संसाधन जुटाने को महत्वाकांक्षी प्रणाली के लिए करते हैं।

कॉप-15 में भारत ने विकासशील देशों की मदद के लिए समर्पित वित्तीय कोष बनाने तथा तकनीकों के हस्तांतरण की मांग की, ताकि जैवविविधता को हुए नुकसान की भरपाई हो सके। संयुक्त राष्ट्र का जैवविविधता सम्मेलन (कॉप-15) कनाडा के मॉन्ट्रियल में हुआ।

श्री भूपेन्द्र यादव ने कहा विकासशील देशों को वित्तीय संसाधनों के लिए एक नया



और समर्पित तंत्र बनाने की आवश्यकता है। भारत सभी पक्षों के साथ मिलकर काम करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है, ताकि हम सभी सीओपी-15 में वैश्विक जैव विविधता के लिए एक महत्वाकांक्षी और वास्तविक कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर सकें।

भारत ने यह भी कहा कि जैवविविधता का संरक्षण 'साझा लेकिन विभेदित जिम्मेदारियों और संबंधित क्षमताओं' (डीबीडीआर) पर आधारित होना चाहिए, क्योंकि जलवायु परिवर्तन प्रकृति पर भी असर डालता है। जैवविविधता के संरक्षण के लिए लक्ष्यों को लागू करने का सबसे ज्यादा बोझ इस उद्देश्य के लिए उन्हें पर्याप्त वित्त तथा प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण की आवश्यकता है।

जैवविविधता संरक्षण के लिए आवश्यक है कि इकोसिस्टम को समग्र रूप से एकीकृत तरीके से संरक्षित रूप से और एकीकृत तरीके से संरक्षित और पुनर्स्थापित किया जाए। जैविक विविधता पर संधि (सीबीडी) में 196 देश शामिल हैं। साल 2020 के बाद वैश्विक जैवविविधता रूपरेखा (जीबीएफ) पर बातचीत को अंतिम रूप देने के लिए वित्त संबंधित लक्ष्यों में सीबीडीआर सिद्धांत को शामिल करने की मांग की जा रही है।

धरती पर मौजूद पानी का सर्वे करने के लिए नासा का नया मिशन शुरू

अमेरिका की नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) ने पृथ्वी की सतह पर मौजूद लगभग पूरे पानी का पता लगाने के लिए नवीनतम पृथ्वी विज्ञान उपग्रह प्रक्षेपित किया है। सरफेस वाटर एंड ओशन टोपोग्राफी (एसडब्ल्यूओटी) अंतरिक्षयान को पश्चिमी अमेरिका के कैलिफोर्निया में वेंडेनवर्ग स्पेस फोर्स बेस में स्पेस लॉन्च कॉम्प्लेक्स 4-ई से स्पेसएक्स रॉकेट के ऊपर लॉन्च किया गया था।

नासा के अनुसार उपग्रह पृथ्वी की सतह के 90 प्रतिशत से अधिक ताजे जल निकायों और समुद्र में पानी की ऊंचाई को मापेगा। नासा ने कहा कि इस जानकारी से यह तथ्य सामने आयेगा कि समुद्र जलवायु परिवर्तन को कैसे प्रभावित करता है, कैसे एक गर्म दुनिया झीलों, नदियों और जलाशयों को प्रभावित करती है और कैसे समुद्राय वाढ़ जैसी आपदाओं के लिए बेहतर तैयारी कर सकते हैं। एसडब्ल्यूओटी को ग्लेसएक्स फाल्कन-9 रॉकेट के दूसरे चरण से अलग करने के बाद जमीनी नियंत्रकों ने उपग्रह के सिग्नल को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया। नासा के अनुसार एसडब्ल्यूओटी अब लगभग छह महीने में विज्ञान डाटा एकत्र करना शुरू करने से पहले जांच और क्षमताओं की श्रृंखला से गुजरेगा।

नासा और फ्रांसीसी अंतरिक्ष एजेंसी सेंटर नेशनल डी एट्यूड्स स्पैटियल्स द्वारा कनाडा की अंतरिक्ष एजेंसी और ब्रिटेन की अंतरिक्ष एजेंसी के योगदान के साथ संयुक्त रूप से विकसित एसडब्ल्यूओटी पहला उपग्रह मिशन है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- राघवेन्द्र कुमार सिंह, मुद्रक- राघवेन्द्र कुमार सिंह द्वारा मेसर्स डी.वी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।